इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

# दैनिक विनय उजाला

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

इंदौर
गुरुवार, 22 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष – 10
वर्ष : 16 | अंक : 237
कुल पृष्ठ : 12



प्रणय करुणाकरण दूसरे दौर में पहुंचे...11

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चयनित प्रतिभागियों का किया सम्मान और उनसे संवाद, बोले-

# मध्यप्रदेश देश का दिल है, इसकी धड़कनों में प्रदेश की आहट होना चाहिए

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का दिल है, और देश की धड़कनों में मध्यप्रदेश की आहट होना चाहिए। यह प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा, योग्यता और दक्षता से ही संभव है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा वर्ष 2024 में प्रदेश के 60 युवाओं का चयन मध्यप्रदेश की क्षमता को दर्शाता है।**

प्रदेश के यह युवा, देश की अलग-अलग सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और पूरा देश हमारे प्रदेश के प्रभाव का अनुभव करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित प्रतिभागियों के सम्मान तथा उनसे संवाद के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी चयनित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह तथा भारतीय ज्ञान परम्परा पुस्तक की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ई-ज्ञानसेतु यूट्यूब चैनल का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल, प्रतिभागी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## जमीन से जुड़े व्यक्ति को भी देश-प्रदेश का नेतृत्व करने का अवसर

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश को एक स्वस्थ्य लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में प्रशासनिक अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की ही देन है कि जमीन से जुड़े व्यक्ति को भी देश-प्रदेश का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत वासियों की योग्यता को सिद्ध करने के लिए ही उन्होंने आईसीएस की परीक्षा दी और उसमें सफलता प्राप्त कर अंग्रेजों का घमंड तोड़ा।

**लोकहित के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया...** मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सम्राट विक्रमादित्य और लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की न्यायप्रियता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के उद्धरण देते हुए अभ्यर्थियों से अपने कर्तव्यों के निर्वहन में जनसामान्य के प्रति संवेदनशील, जनकल्याण के लिए सक्रिय और लोकहित के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।

**1009 अभ्यर्थियों में से 60 मध्यप्रदेश से...** अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्तर पर चयनित 1009 अभ्यर्थियों में से 60 मध्यप्रदेश से हैं। अभ्यर्थियों की इस सफलता से प्रदेश के सभी युवा प्रेरणा ले सकें, इस उद्देश्य से कार्यक्रम का प्रसारण प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में किया जा रहा है। कार्यक्रम में अभियार्थियों ने अपने अनुभव साझा भी किए।

## संक्षिप्त समाचार

### जून से शुरू होकर अगस्त तक चलेगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर अहम जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह यात्रा इस वर्ष जून 2025 से शुरू होकर अगस्त 2025 तक चलेगी। वहीं सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखने की व्यवस्था की है। इस यात्रा के लिए पंजीकृत यात्रियों का चयन एक कंप्यूटरीकृत लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस बार 5561 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं शामिल थीं। ये चयन पूरी तरह से कंप्यूटर द्वारा, निष्पक्ष, यादृच्छिक और लिंग-संतुलित प्रणाली के तहत किया गया। इस प्रक्रिया के तहत 750 यात्रियों को इस बार यात्रा पर जाने का मौका मिला है। हर बैच में 50 यात्री होंगे, और उनके साथ 2 लॉजिस्टिक ऑफिसर (एलओ) भी होंगे।

### गुजरात में पांच वर्षों में शेरों की संख्या 674 से बढ़कर 891 हुई

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात में एशियाई शेरों की संख्या में बीते पांच वर्षों में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई 2024 में कराए गए ताजा शेर जनगणना के अनुसार, अब राज्य में शेरों की संख्या 891 हो गई है, जो कि 2020 में 674 थी। यानी शेरों की संख्या में 217 का इजाफा हुआ है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब शेर सिर्फ गिर के जंगलों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे सौराष्ट्र क्षेत्र के 11 जिलों में फैले हुए हैं, जिनमें जंगलों के अलावा तटीय और गैर-जंगल इलाके भी शामिल हैं। गुजरात के वन विभाग के प्रमुख चीफ कंजर्वेटर जयपाल सिंह ने बताया कि गिर नेशनल पार्क और वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी में 384 शेर पाए गए, जबकि 507 शेर पार्क के बाहर के इलाकों में गिने गए। इसका मतलब है कि अब शेरों की संख्या गिर के बाहर तेजी से बढ़ रही है।

### पाकिस्तानी उच्चायोग अधिकारी को 24 घंटे में देश छोड़ने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने नई दिल्ली स्थित स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है। भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है। इस संबंध में एक कड़ा पत्र जारी किया गया है।




## वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन सुनवाई, केंद्र ने दिया जवाब

# वक्फ एक इस्लामी सिद्धांत, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है

नई दिल्ली, एजेंसी

**वक्फ (संशोधन) कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (सीजी) तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो वक्फ बाय यूजर के आधार पर ही क्यों न हो।**

सॉलिसिटर जनरल मेहता के मुताबिक अगर कोई जमीन सरकारी है तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया। किसी ने भी ये नहीं कहा कि संसद के पास इस कानून को पारित करने का अधिकार नहीं है। सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। जब तक यह साबित न हो जाए, बाकी तर्क विफल हो जाते हैं।




### बिना सोचे-समझे बिल नहीं बनाया

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां मंत्रालय ने एक बिल बनाया और बिना सोच-विचार के वोटिंग कर दी गई हो। कुछ याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय की ओर से नहीं बोल सकते। आपके पास जो याचिकाएं आई हैं, वे ऐसे लोगों ने दायर की हैं जो सीधे इस कानून से प्रभावित नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी ने यह नहीं कहा कि संसद को यह कानून बनाने का अधिकार नहीं था। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 96 बैठकें हुई और हमें 97 लाख लोगों से सुझाव मिले, जिस पर बहुत सोच-समझकर काम किया गया।

### सिर्फ 5 याचिकाओं पर सुनवाई हो रही

वक्फ कानून के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे हैं। मेहता ने कहा था, सुनवाई उन तीन मुद्दों पर हो, जिन पर जवाब दाखिल किए हैं। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है।

ध्यान भटकाने का हथकंडा

## बलूचिस्तान हमले में पाक ने लगाया आरोप, भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने सोमवार को बलूचिस्तान के खुजदार शहर में एक स्कूल बस पर हुए आत्मघाती हमले में भारत की संलिप्तता के पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस हमले में चार बच्चे मारे गए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आरोपों की निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाता है। भारत ने घटना में हुई मौतों पर भी संवेदना व्यक्त की।

जायसवाल ने एक बयान में कहा, भारत आज खुजदार में हुई घटना में भारत की संलिप्तता के बारे में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। भारत ऐसी सभी घटनाओं में हुई मौतों पर शोक व्यक्त करता है। हालांकि, आतंकवाद के वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा से ध्यान हटाने और अपनी खुद की बड़ी विफलताओं को छिपाने के लिए, अपने सभी आंतरिक मुद्दों के लिए भारत को दोष देना पाकिस्तान के लिए दूसरी प्रकृति बन गई है। दुनिया को धोखा देने की यह कोशिश विफल होने के लिए अभिशप्त है।

गृहमंत्री ने बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

## छत्तीसगढ़ में 27 नक्सलियों का एनकाउंटर डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली भी मारा गया

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हो गया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर अब भी ऑपरेशन जारी है।



### गृहमंत्री शाह ने सुरक्षा बलों का बढ़ाया हौसला

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए सुरक्षा बलों ने सीपीआई-माओवादी के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बासवराजू सहित 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है। गृह मंत्री ने इस बड़ी सफलता के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के बाद 54 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि 84 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर में बीएसएफ की महिला जवानों ने भी संभाला था सीमा पर मोर्चा

नई दिल्ली/श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महिला जवानों ने भी पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा संभाला था। यह जानकारी बीएसएफ के डीआईजी एस.एस. मंड ने दी।

उन्होंने बताया- 8 मई की रात बीएसएफ ने पाकिस्तान से आ रहे 45-50 आतंकियों को भारत में घुसने से रोका। बीएसएफ के जवान पहले से अलर्ट थे। जैसे ही हमने आतंकियों को मूव करते देखा, हमने फौरन भारी फायरिंग शुरू कर दी।

**50 आतंकियों को घुसपैठ से रोका**

हमने उनके बंकरों को तबाह किया और उनकी फायर पावर कमजोर कर दी। महज डेढ़ घंटे में हमने उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से सीजफायर उल्लंघन का बीएसएफ ने मोर्टार से सटीक जवाब दिया। हमारे अफसर खुद फॉरवर्ड पोस्ट पर जवानों के साथ मौजूद थे, जिससे उनका हौसला और आत्मविश्वास दोनों ऊंचा रहा। अगर दुश्मन ने दोबारा कोई हरकत की, तो हम 10 गुना ताकत से जवाब देंगे।

## नेशनल हेराल्ड केस, ईडी बोली- सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ केस बनता है

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी ने कोर्ट को बताया कि, पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपए कमाए हैं। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवंबर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। ईडी की तरफ से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि, इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी।

## कोलकाता के आसमान में दिखे रहस्यमयी ड्रोन

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के आसमान में रहस्यमयी ड्रोन दिखने की बात सामने आर रही है। बताया जा रहा है कि ये ड्रोन सोमवार की रात को दिखाई दिए। ये ड्रोन कहां से आए और इन्हें कौन चला रहा था, इसकी जांच कोलकाता पुलिस कर रही है। हालांकि अभी तक इस बारे में पुलिस ने कुछ भी नहीं बताया है।

**सुरक्षा एजेंसियां सतर्क**

भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद ड्रोन के दिखने से हडकंप मच गया है। हालंकि दोनों देशों के बीच सीजफायर चल रहा है। इन ड्रोनों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहा हैं। पुलिस सूत्रों के कोलकाता के कई इलाकों में इन ड्रोन को मंडराते हुए देखा गया। विक्टोरिया मेमोरियल से लेकर ब्रिगेड ग्राउंड तक ड्रोन उड़ते हुए देखे गए। जैसे ही यह जानकारी सामने आई, कोलकाता पुलिस सतर्क हो गई और ड्रोन के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। दूसरी ओर भारतीय सेना ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि इसकी जांच की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, ड्रोन में से अधिकांश विजय दुर्ग (पूर्व फोर्ट विलियम) के आसपास उड़ते देखे गए जो कि एक सैन्य क्षेत्र है।

सीजेआई गवई बोले–

## गर्मी की छुट्टियों में काम वकील नहीं करना चाहते, कोसा हमें जाता है

नई दिल्ली, एजेंसी

**मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई गवई ने बुधवार को कहा कि वकील गर्मी की छुट्टियों में काम नहीं करना चाहते, लेकिन मुकदमों की लंबी सूची के लिए अदालतों को दोषी ठहराया जाता है।**



उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के पहले पांच जज गर्मियों की छुट्टियों में भी काम कर रहे हैं, फिर भी हमें बैकलॉग के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। असल में तो वकील ही छुट्टियों में काम नहीं करना चाहते। बता दें कि सीजेआई गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ उस वक्त नाराज हो गई जब एक वकील ने अपनी याचिका की सुनवाई छुट्टियों के बाद करने की मांग की।

इस बार सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई से 13 जुलाई तक की गर्मी की छुट्टियों को आंशिक न्यायिक कार्य दिवस के रूप में घोषित किया है। इस दौरान 2 से 5 पीठें काम करती रहेंगी, जिसमें खुद सीजेआई और शीर्ष पांच जज शामिल हैं।

### यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दायर करने की मांग वाली याचिका खारिज

हालांकि इससे पहले सुनवाई के दौरान नकदी बरामदगी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा पर जांच रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजी गई है। मामले में न्यायमूर्ति अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर करने से पहले प्रधानमंत्री और भारत के राष्ट्रपति को अपना प्रतिनिधित्व दाखिल करें। पीठ ने याचिका खारिज करने से पहले कहा, पहले उन अधिकारियों के समक्ष प्रतिनिधित्व दाखिल करें जो उन्हें कार्रवाई करने के लिए कह रहे हैं, फिर परमादेश की मांग करते हुए रिट दाखिल करें। यह मामला आग लगने के बाद उनके सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में जले हुए पैसे बरामद होने का है।

एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Last Date: 31st May 2025!

For Mandatory Filing of Annual Return for FY 2024-25
(through FSSAI's FoSCoS portal only)

All FSSAI Licensed Manufacturers, Importers and Manufacturer - Exporter of Food shall submit their Annual Return for the FY 2024-25

- Refer Clause 2.1.13 and Conditions of License 05 of FSS (Licensing and Registration of Food Businesses) Regulations, 2011
- How to File Annual Return:
  - Step 1: Login into FoSCoS portal
  - Step 2: Go to Left Menu -> Annual Return -> Fill Annual Return

Points to keep in view for filing Annual Return:

- Shall be filed even for 'NIL' production during previous financial year.
- Shall be filed even if license is expired or surrendered during the FY 2024-25.
- Shall be filed even if new license obtained before 31st March 2025.
- Repacker and relabeller shall also file annual return.




Consequences for Non-Compliance:

- Penalty: Rs. 100 Per day wef 1st June 2025
- License may be suspended under Section 32 of the FSS Act, 2006

For more details:

- Visit FoSCoS [https://foscos.fssai.gov.in]
- Call FSSAI's Helpline @1800112100 from 7:00 AM to 11:00 PM
- Write at helpdesk-foscos@fssai.gov.in

fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india

CBC 17163/12/0007/2526

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यप्रदेश में 7 शहर स्मार्ट सिटी मिशन में, चयनित शहरों में नागरिक जीवनशैली में सुधार के लिये कार्य

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में शहरों के समुचित विकास, आर्थिक सुधार, नागरिक जीवन शैली में सुधार के उद्देश्य से चयनित 7 शहरों (स्मार्ट सिटी) में कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में 3 शहरों भोपाल, इंदौर और जबलपुर का चयन प्रथम चरण में स्मार्ट सिटी मिशन में किया गया था। दूसरे चरण में ग्वालियर और उज्जैन का चयन किया गया। स्मार्ट सिटी मिशन में तीसरे चरण में सतना और सागर चयन किया गया। देश में स्मार्ट सिटी मिशन की शुरूआत 25 जून 2015 को की गई थी। इसके बाद से 3 चरणों में मध्यप्रदेश के इन 7 शहरों का चयन किया गया। स्मार्ट सिटी योजना का क्रियान्वयन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक चयनित शहर के लिये एक हजार करोड़ रूपये ग्रांट का प्रावधान किया गया, जिसमें 500 करोड़ रूपये केन्द्र सरकार की और 500 करोड़ रूपये राज्य सरकार की मैचिंग ग्रांट थी। स्मार्ट सिटी चयनित शहरों में मुख्य रूप से ऐसी योजनाएं क्रियान्वित की गई, जिनसे नागरिक जीवन शैली में सुधार हो। स्मार्ट सिटी में मुख्य रूप से स्मार्ट रोड, स्मार्ट लाइटिंग, स्मार्ट क्लासरूम, इनक्युबेसन सेंटर, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, एकीकृत कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर, मल्टी लेवल पार्किंग, इटेंलिजेंस ट्रॉफिक मैनेजमेंट, पुरातत्व धरोहर संरक्षण अंतर्गत रेस्टोरेशन कार्य, रिवर फ्रंट-लेक डेवलपमेंट, नॉन मोटराइज ट्रांसपोर्ट, स्पोटर्स् स्टेडियम आदि शामिल हैं। प्रदेश में स्मार्ट सिटी के सुचारू संचालन एवं मॉनिटरिंग के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई पॉवर स्टेरिंग कमेटी का गठन भी किया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है। स्मार्ट सिटी ग्रांट फंड के अंतर्गत 662 योजनाओं के लिये करीब 6 हजार 563 करोड़ रूपये के कार्य मंजूर किये गये हैं, जिसमें से 639 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत युवाओं के उद्यमिता के विकास के लिये भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर तथा सतना में स्टार्ट-अप्स इन्क्यूबेसन केन्द्रों की स्थापना की गई है। अब तक करीब 1027 स्टार्ट-अप्स को सुविधाएं प्रदान की जा चुकी हैं। इनमें से 381 से अधिक स्टार्ट-अप्स ग्रेजुएट हो चुके हैं। प्रदेश के सभी स्मार्ट सिटी शहरों में एकीकृत कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर प्रारंभ किये जा चुके हैं। कोविड-19 लॉक डाउन की विषम परिस्थितियों में स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत निर्मित कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर द्वारा राज्य एवं जिला स्तरीय कोविड कंट्रोल रूम के रूप में कोरोना महामारी की रोकथाम के लिये प्रभावी कार्य किया गया। स्मार्ट सिटी द्वारा इंटर्नशिप के लिये छात्रों को जोड़ा जा रहा है। अब तक %द अर्बन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम (टीयूएलआईपी) वेबसाइट के अंतर्गत 6 हजार 539 इंटर्नशिप पोस्टेड, 733 ऑनगोइंग हैं। इनके अलावा 1318 इंटर्नशिप पूर्ण किये जा चुके हैं।

### मध्यप्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में स्थापित किए नये कीर्तिमान

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। साथ ही फसलों के उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर रिकार्ड बनाया। प्रदेश दालों के उत्पादन में प्रथम स्थान पर, खाद्यान उत्पादन में द्वितीय स्थान पर एवं तिलहन उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। तृतीय फसली क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हो रही है। नरवाई जलाने को हतोत्साहित करने के लिए कुछ प्रतिबंध भी लगाये गये है। कृषकों को फसल आच्छादन के अवशेष जलाने से रोकने के लिये शासन द्वारा कई कदम उठाये गये हैं, जिसमें प्रदेश स्तर पर 46,800 से अधिक नरवाई प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्र अनुदान पर वितरित करते हुए 412 करोड़ रूपये की अनुदान राशि जारी की गई है। नरवाई जलाने की घटना वाले कृषकों को आगामी एक वर्ष के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार रूपये का भुगतान नहीं किये जाने के साथ ही आगामी एक वर्ष के लिए उनकी उपज का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं करना भी शामिल है। राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में कृषि उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण अंतर्गत कई कार्यक्रम चलाये जा रहे है, जिससे प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। खरीफ 2024 के धान उत्पादक कृषकों को जिन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया है, उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। चार हजार रूपये प्रति हैक्टेयर की दर से प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जायेगा, जिसमें एक कृषक को अधिकतम दस हजार रूपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में प्रदाय की जायेगी। राज्य सरकार द्वारा रबी 2024-25 में उपार्जित गेहूँ पर 175 रुपए प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि प्रदाय की जा रही है।

# देश में गेहूं उपार्जन में मध्यप्रदेश का दूसरा स्थान

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का गेहूँ के रिकार्ड उपार्जन पर खाद्य मंत्री राजपूत ने किया अभिनंदन




विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त लगभग 200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस की घोषणा करने से इस बार रवि विपणन वर्ष 2025-26 में लगभग 9 लाख किसानों से 77 लाख 75 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया है। जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 30 लाख मीट्रिक टन अधिक गेहूँ की खरीदी उपार्जन के माध्यम से की गई है जो गतवर्ष की तुलना में 62 फीसदी अधिक है।**

मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणा के बाद 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ खरीदने के कारण किसानों ने सबसे ज्यादा व्यापारियों की जगह उपार्जन केन्द्रों में गेहूँ बेचा। बोनस की घोषणा से गेहूँ उपार्जन के कार्य में प्राप्त इस बड़ी उपलब्धि पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने इंदौर में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में किसानों के हित में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिये गये बोनस एवं उसके बाद हुए रिकार्ड गेहूँ उपार्जन पर उनका अभिनंदन कर आभार व्यक्त करने के साथ लोकहित में कार्य करने के लिए लोकमाता की प्रतिमा भेंट की। उन्होंने बताया कि गेहूँ के उपार्जन में पंजाब के बाद मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है।

### 95 फीसदी से अधिक उपार्जित गेहूँ का भंडारण

प्रदेश की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन करते हुये खाद्य, मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि इस बार किसानों की सुविधा के लिये उपार्जन केन्द्र में भी बढ़ोत्तरी की गई थी, इसके अलावा समय पर परिवहन करने से 95 फीसदी से अधिक उपार्जित गेहूँ का भंडारण किया जा चुका है। यह भी एक बड़ी उपलब्धि है जबकि पहले पानी गिरने से गेहूँ की खराबी की समस्या ज्यादा आती थी, श्री राजपूत ने कहा कि पहली बार किसानों को गेहूँ उपार्जन का भुगतान 4 से 5 दिन में कर दिया गया इससे प्रदेश के किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की एक नई राह खुल गई।

### किसानों की आर्थिक समृद्धि के साथ महिला सशक्तिकरण

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि गेहूँ खरीद पर इस वर्ष लगभग 20 हजार करोड़ का भुगतान किसानों को किया गया है। इसके साथ ही समय पर किसानों को उपार्जित फसल का भुगतान करने से पूरे प्रदेश में किसानों के बीच खुशी का माहौल व्याप्त है। प्रदेश सरकार ने किसानों की आर्थिक समृ ?द्धि के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये 1 लाख 25 हजार महिला किसानों से गेहूँ खरीदी का कार्य किया है। खाद्य, मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि बड़े हर्ष का विषय है कि हमारा प्रदेश देश में पंजाब के बाद गेहूँ खरीदने में दूसरे स्थान पर है।

# विधायक सबनानी ने किया संस्कार केंद्र का भूमि पूजन

## हमारे संस्कार ही हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं : श्री भगवानदास सबनानी



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के नेहरू नगर वार्ड 29 में 45 लाख की लागत से बनने वाले संस्कार केंद्र का भूमि पूजन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने बुधवार को किया।**

इस अवसर पर श्री सबनानी ने कहा कि हम भारतीय अपने संस्कारों के कारण ही दुनिया में एक विशिष्ट पहचान रखते हैं, हमारे संस्कार और आचरण ही हमें समाज में अलग पहचान दिलाते हैं, बचपन से ही हमारे बड़े और बुजुर्ग हम संस्कारी बने इसके लिए विशेष देखभाल करते हैं। संस्कार केंद्रों के माध्यम से लोगों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है,और वहां समाज में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने में सहायक होता है, समाज को अपना समय और सहयोग देने की भावना भी आती हैं, हम सब भारतीय हमारी धार्मिक आस्था संस्कारों और अपने खान-पान के लिए दुनिया भर में अलग पहचान रखते हैं, वसुधैव कुटुंबकम की भावना भी हमने विश्व को दी हैं।

कार्यक्रम में माता शबरी मंडल के अध्यक्ष हेमंत बडगैया ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रामू गजभिए पूर्व पार्षद लक्ष्मी गोरेवर वरिष्ठ भाजपा नेता लीलेद्र मारण आशुतोष तिवारी सत्येंद्र नेगी राजेंद्र राठौड़ पंकज त्रिपाठी पुष्पराज सिंह लक्ष्मी रुपेश शर्मा कुंजी लाल यादव वीरेंद्र साहू रेखा औरैया सुषमा मिश्रा संतोष आशीष पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# लोक निर्माण मंत्री ने की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, औचक निरीक्षण रिपोर्ट्स और वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**भोपाल, निप्र।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में आज एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण परियोजनाओं, 20 मई को हुए औचक निरीक्षणों और वर्षा पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के प्रारंभ में 20 मई को आयोजित औचक निरीक्षण व्यवस्था के अंतर्गत 7 मुख्य अभियंताओं के दलों से प्रदेश के 7 जिलों में किए गए कुल 35 निर्माण कार्यों के निरीक्षण प्रतिवेदनों पर चर्चा की गई। मंत्री श्री सिंह ने निरीक्षण व्यवस्था को विभागीय पारदर्शिता और गुणवत्ता नियंत्रण की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए श्री राकेश सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से वन विभागीय अनुमतियों और भू-अर्जन से जुड़ी समस्याओं को समय रहते हल करने हेतु ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में लोकपथ मोबाइल ऐप की कार्यप्रणाली पर भी विचार हुआ। मंत्री श्री सिंह ने निर्देशित किया कि एनएचएआई के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों को भी लोकपथ मोबाइल ऐप से जोड़ने की संभावनाएं तलाशी जाएं। वर्तमान में ऐप पर केवल लोक निर्माण विभाग की सड़कों का डेटा उपलब्ध है।

## नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, एसटीटी नगर ब्रांच, भोपाल में समर कैंप समापन समारोह हर्षोल्लास से संपन्न

### छात्रों ने दिखाया बहुआयामी कौशल, बेस्ट कैम्पर्स और बोर्ड टॉपर्स हुए सम्मानित




विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, एसटीटी नगर शाखा में समर कैंप का समापन समारोह अत्यंत उल्लास और गरिमामयी वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं डॉ. करिश्मा प्रधान, सीईओ एवं संस्थापक - तथास्तु सुपर स्पेशलिटी डेंटल क्लिनिक, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. देवेंद्र तिवारी एवं श्रीमती टीना शर्मा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में छात्रों ने समर कैंप के दौरान सीखी गई विभिन्न गतिविधियों की मंचीय प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, संगीत, योग, पेंटिंग, अबेकस, मार्शल आर्ट्स एवं कैलिग्राफी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। साथ ही विद्यालय परिसर में एक आकर्षक आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें छात्रों की रचनात्मकता और नवाचार स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। कार्यक्रम में समर कैंप के बेस्ट कैम्पर्स को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्रों को 100त्न बोर्ड परीक्षा परिणाम हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती दीपाली अल्हाट ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में कहा, गर्मी की छुट्टियाँ केवल विश्राम का नहीं, आत्मविकास का समय होती हैं। समर कैंप बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी।

# राजगढ़ जिला ओवर-ऑल 81.60 अंकों के साथ जल संवर्धन कार्यों में प्रथम

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के प्रदेश में सर्वाधिक निर्माण पूरा करने पर राजगढ़ जिले को अब तक 100 में से 81.60 अंक प्राप्त हुए हैं। जिला अब तक प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।**

राजगढ़ जिले में अमृत सरोवर लक्ष्य से अधिक और प्रदेश में सर्वाधिक कार्य प्रारंभ कराए गए हैं। इसी तरह जिला खेत तालाब भी लक्ष्य से अधिक प्रारंभ कराने में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इस तरह जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए My Bharat पोर्टल पर युवाओं का रजिस्ट्रेशन भी राजगढ़ ने लक्ष्य 5,400 से अधिक 10,186 से अधिक रजिस्ट्रेशन कराए हैं। राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिले में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे जल संवर्धन के कार्यो में मनरेगा योजना में कुल 18 अमृत सरोवर तालाब निर्माण का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है। लक्ष्य अनुसार सभी 19 तालाबों के लिए स्थल चयन SIPRI ऐप से किया जाकर भारत सरकार के अमृत सरोवर पोर्टल पर उसकी प्रविष्टि कराई जा चुकी है। इन सभी अमृत सरोवरों का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। मनरेगा योजनान्तर्गत जल संरक्षण के लिये कुल 1866 खेत तालाब के लक्ष्य से अधिक 1989 खेत तालाबों के स्थल चयन एसआईपीआरआई मोबाइल ऐप से फायनल कर निर्माण प्रारंभ किये जा चुके हैं। जिला खेत तालाब कार्य प्रारंभ करने में जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। मनरेगा योजनान्तर्गत जल संरक्षण के लिये कुल 3,500 कूप रिचार्ज निर्माण के लक्ष्य से अधिक 3600 कूपों का चयन कर 3165 पर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।



### बोरी बंधान से 12 घंटे में मुड़ना नदी हुई लबालब

शहडोल में सोहागपुर के जोधपुर गांव से बहने वाली मुड़ना नदी की जलधारा सूख सी गई थी। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत श्मशान घाट के पास पहले से निर्मित स्टॉप-डैम में जन-अभियान परिषद की जोधपुर समिति और ग्राम पंचायत ने इसी स्टॉप-डैम में बोरी बंधान का निर्माण किया। श्रमदानसे हुए बोरी बंधान से धीरे-धीरे मुड़ना नदी के बहाव क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने लगा। श्रमदान दिवस के बाद की सुबह नदी को लबालब देख गांव के पशु-पक्षियों तक में खुशी की लहर दौड़ गई। अब नदी में पेयजल के साथ ही सबके लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो गया है।

### मध्यप्रदेश जिला घरेलू उत्पाद रिपोर्ट देश में अभिनव

# प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने की दिशा में ठोस पहल




विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर जिला विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प को अब मूर्त-रूप देते हुए जिला घरेलू उत्पाद रिपोर्ट तैयार की गई है।**

यह रिपोर्ट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उस सोच को साकार करने की दिशा में ठोस पहल है जिसके अनुसार विकसित भारत का संकल्प देश के हर जिले में लिया जाएगा। यह पहल पूरे देश में अभिनव है। योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा आज भोपाल में अटल बिहारी वाजपेई सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में जिला घरेलू उत्पाद रिपोर्ट 2022-23 का विमोचन किया गया। अपर मुख्य सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला ने कहा कि डाटा आधारित नीति निर्माण के लिए जिला स्तर पर आर्थिक आंकड़ों का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने इसे मध्यप्रदेश के विजन 2047 की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिलों को आर्थिक विकास की धुरी बनाते हुए बॉटम अप दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है। यह रिपोर्ट राज्य के सभी जिलों की आर्थिक गतिविधियों का विश्लेषण प्रस्तुत करती है जो न केवल नीति निर्माण को डाटा आधारित बनाएगा साथ ही राज्य के विजन 2047 को जमीन पर भी उतारेगा।

रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 में इंदौर, भोपाल, जबलपुर और उज्जैन जैसे जिलों ने राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक योगदान दिया है। प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों में भी यही जिले शीर्ष पर रहे हैं। प्राथमिक क्षेत्र यानी कृषि वानिकी, पशुपालन, मछली पालन में राज्य का जीव्हीए में 45त्न का योगदान है जबकि द्वितीय क्षेत्र निर्माण और विनिर्माण तथा तृतीय क्षेत्र सेवाएं, व्यापार वित्त में क्रमश: 19त्न और 36त्न का योगदान दर्ज किया गया है। छिंदवाड़ा, धार, बालाघाट इंदौर और भोपाल जैसे जिलों ने विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी प्रदर्शन किया है।

## राजभवन में 100 दिवसीय नि :क्षय शिविर अभियान सम्मान और स्वस्थ यकृत मिशन का किया शुभारंभ

# अभियान की उपलब्धियां उत्कृष्ट टीम वर्क और प्लानिंग का नतीजा : राज्यपाल पटेल



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सौ दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के संचालन में, टी.बी. उन्मूलन प्रयासों को विस्तारित करने, समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से फूड बास्केट वितरण करने और 5 हजार से अधिक टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राज्य की उपलब्धियां उत्कृष्ट टीमवर्क और प्लानिंग का नतीजा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में उत्तम सुख निरोगी काया का भाव प्राचीन काल से ही विद्यमान रहा है। परिवारों में ऋतु आधारित आहार-विहार और संयमित जीवन शैली के विचार के व्यवहार में पालन की परिपाटी रही है। राज्यपाल पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 100 दिवसीय नि:क्षय शिविर अभियान सम्मान समारोह और स्वस्थ यकृत मिशन का शुभारंभ राजभवन स्थित सांदीपनि सभागार में किया।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि टी.बी. के उन्मूलन के लिए संक्रमण नियंत्रण और सही तरीके से समय पर पूरी मात्रा में दवा लेने के संबंध में भी जन जागृति के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि टी.बी. की दवा को बीच में छोड़ने से रोगी दवाओं के प्रति ड्रग रजिस्टेंट हो जाता है। इससे इलाज कठिन और संक्रमण फैलने की संभावना भी बढ़ जाती है। उन्होंने नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए स्वस्थ यकृत मिशन शुभारंभ के लिये सरकार की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम में स्वस्थ लिवर की जांच के लिए बताए गए आसान तरीको से जांच करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए कहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पतंजलि से लेकर घेरंड संहिता तक से हमें, काया को निरोगी बनाए रखने के सूत्र प्राप्त होते हैं। भारतीय ज्ञान ग्रंथ भी यही विचार देते हैं कि जैसे पका हुआ फल अपना जीवन पूर्ण करता है, वैसे ही व्यक्ति भी अपनी जीवन यात्रा पूर्ण करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्यपाल श्री पटेल की प्रदेश वासियों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता सराहनीय है। राज्य सरकार वर्ष 2028 तक प्रदेश को टी.बी. मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में प्रत्येक स्तर पर सघन प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सम्मानित टी.बी. चैंपियंस के प्रयासों और टी.बी. को हराने के उनके मन के संकल्प और प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 72 वर्षीय पद्म भूषण डॉ. सरीन की नियमित दिनचर्या और प्रतिदिन व्यायाम करने की जानकारी देते हुए सभी को व्यायाम और नियमित दिनचर्या के लिए प्रेरित किया है।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सौ दिवसीय निक्षय शिविर अभियान में केन्द्र सरकार द्वारा केवल मध्य प्रदेश का सम्मान किया गया है। उन्होंने टी.बी. उन्मूलन प्रयासों के क्रियान्वयन में प्रदेश की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि निरोगी काया अभियान के तहत 90 लाख लोगों की डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, फैटी लिवर सहित विभिन्न रोगों की जाँच की गई है। अभियान को जारी रखते हुए शत प्रतिशत के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री मनोहर झांझरी राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत हुए



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** जुझारू और कर्मठ, सहज व सरल व्यक्तित्व इंदौर जैन समाज के रत्न मनोहर झांझरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत होने पर जैन समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के युवा अध्यक्ष अमित कासलीवाल सुशील पांड्या हंसमुख गांधी टीके वेद सुभाष काला भुपेंद्र जैन आदि समाज जन ने बहुत बहुत बधाई दी। फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि झांझरी साहब फेडरेशन के ऐसे सिपाही हैं कि वे किसी महत्वपूर्ण पद पर न रहते हुए भी जब भी मिलते थे, अथवा टेलीफोनिक वार्ता करते तो नए ग्रुप खोलने व निष्क्रिय ग्रुपों को सक्रिय करने हेतु प्रेरित किया करते थे। उनमें फेडरेशन की प्रगति के प्रति जो आसक्ति थी वह वास्तव में सदैव प्रेरणास्पद है। किन्तु झांझरी साहब सदैव ही फेडरेशन के प्रति अपनी निष्ठा प्राथमिकता पर रखते रहे हैं। कोर कमिटी की शिरोमणि संरक्षिका पुष्पा कासलीवाल की पारखी नजर उनकी अनुकरणीय सेवाओं पर पड़ी, और मनोहर झांझरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा की।

### हेड कांस्टेबल ने लगाई फांसी



**इंदौर ( विनय उजाला )।** परदेशी पूरा थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल विनोद यादव ने फांसी लगाकर आत्मा हत्या कर ली विनोद यादव इंदौर के कई पुलिस थानों में नौकरी कर चुके हैं वह काफी मिलनसार पुलिसकर्मी थे एमआईजी पुलिस थाने के पीछे निवास था।

### मां अहिल्या बाई ने सनातन की ध्वजा को मजबूत किया : जी किशन रेड्डी

**इंदौर, नप्र।** पुण्य श्लोका मां अहिल्या की 300 वी जयंती के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष कार्यक्रम 19 मई से लेकर 31 मई तक आयोजित किए जा रहे हैं इसी के अंतर्गत आज जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय मंत्री श्री जी किशन रेड्डी जी ने मां अहिल्या पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री जी किशन रेड्डी जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण का कार्य मान. मोदी जी मां अहिल्याबाई का पुण्य स्मरण करके ही करते हैं माता अहिल्या एक अच्छी प्रशासक थी मां अहिल्या बाई ने सनातन की ध्वजा को मजबूत किया है। मां अहिल्या ने पूरे देश में भगवान शंकर सहित अनेको मंदिरों का जीर्णोद्धार करने का कार्य किया। वही मोदी जी भी विरासत को साथ में लेकर पूरे देश के तीर्थ क्षेत्रों का विकास कर रहे है।मान. मोदीजी ने महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर माता अहिल्याबाई को समर्पित किया है।माता अहिल्याबाई अपने शासनकाल के दौरान बहुत ही न्याय प्रिय थी, जिसके बहुत सारे उदाहरण हमें इतिहास में देखने को मिले है। चन्द्रगुप्त से लेकर शिवाजी को लक्ष्मीबाई से लेकर माता अहिल्याबाई हो इन सभी के आदर्शों पर चलने का काम मोदी सरकार ने किया है।

# महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में नगरहित विषयों पर अहम बैठक आयोजित

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में बुधवार को सिटी बस कार्यालय पर जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा सहित सभी अपर आयुक्त मौजूद रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य इंदौर को सोलर सिटी और सुरक्षित शहर के रूप में विकसित करने की रणनीति पर विचार-विमर्श करना था।

महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि इंदौर को सुरक्षित बनाने के लिए सीसीटीवी सर्विलांस के लिए कानून तैयार किया गया है। आने वाले समय में यह कानून प्रभाव में लाया जाएगा, जिसके अंतर्गत जनभागीदारी से शहर में कैमरे लगाए जाएंगे। इस हेतु जनता की कमेटी और नियंत्रण समिति का गठन किया जाएगा जिसमें पुलिस और नगर निगम के अधिकारी शामिल होंगे।

महापौर ने यह भी कहा कि जीतू पटवारी को मेट्रोपॉलिटिन अथॉरिटी, एमवाय अस्पताल के रेनोवेशन जैसे मुद्दों पर बात करनी चाहिए थी, ना कि तुच्छ राजनीतिक टिप्पणियां करनी चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस की यह छोटी सोच ही उसे गर्त में ले गई है। जनता अब इन बातों को समझती है और उसने कांग्रेस का हाजमा बिगाड़ कर रख दिया है।



#### जनता ने कांग्रेस का हाजमा बिगाड़ दिया है – महापौर का विपक्ष पर प्रहार

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कांग्रेस नेता जीतू पटवारी पर निशाना साधते हुए कहा कि पटवारी इंदौर की तासीर और जनता की भावना को नहीं समझते। उन्होंने कहा, जब इंदौर में मुख्यमंत्री और मंत्रीगण आए और मालवी व्यंजन परोसे गए, तो उसमें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। पटवारी खुद मालवी हैं, उन्हें मालवी व्यंजनों की महत्ता समझनी चाहिए।

#### सीसीटीवी सर्विलांस और सोलर पार्क को लेकर लिए गए अहम निर्णय

महापौर भार्गव ने बताया कि इंदौर अब क्लीन और ग्रीन शहर से आगे बढ़कर सोलर सिटी बनने की दिशा में अग्रसर है। आगामी तीन महीनों में जलूद स्थित सोलर पार्क का उद्घाटन प्रस्तावित है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

#### मोहन सरकार के फैसलों का महापौर ने किया स्वागत

महापौर भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच और विकासशील दृष्टिकोण के कारण इंदौर को मेट्रोपॉलिटिन रीजन अथॉरिटी की सौगात मिली है। इसके साथ ही एमवाय अस्पताल को अत्याधुनिक रूप देने की दिशा में भी कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णय स्वागत योग्य हैं।

महापौर ने कहा, ये निर्णय इंदौर को स्वर्णिम इंदौर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं और आने वाले वर्षों में शहर की पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर में सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं शौर्य को देखते हुए सैनिकों के कल्याण के लिये अनूठी पहल

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। इंदौर में ऑपरेशन सिंदूर में सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं शौर्य को देखते हुए सैनिकों तथा उनके परिजनों के कल्याण के लिये अनूठी पहल हुई है।**

सेवानिवृत्त मध्यप्रदेश शासकीय महाविद्यालनीय प्राध्यापक मंच द्वारा पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिवारों के सहायतार्थ सशस्त्र सेना झंडा निधि में एक लाख 50 हजार रुपये की सहयोग राशि दान की है। यह दानराशि संस्था के वरिष्ठ सदस्यों डॉ. प्रभुदयाल ज्ञानानी, डॉ. नरेंद्र ओझा एवं डॉ. राजेश दीक्षित द्वारा आज 21 मई को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में शहीदों के सम्मान एवं ऑपरेशन सिंदूर में सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं शौर्य को समर्पित करते हुए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (सेवानिवृत्त) को भेंट स्वरूप प्रदान की। उल्लेखनीय है कि यह राशि भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों की विधवाओं एवं उनके परिवारों के कल्याण एवं पुनर्वास में संचालनालय सैनिक कल्याण मध्य प्रदेश द्वारा उपयोग में ली जाती है। इस सराहनीय योगदान के लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सेवानिवृत मध्यप्रदेश शासकीय महाविद्यालनीय प्राध्यापक मंच के सभी दानदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया एवं सेना के कल्याणार्थ हेतु इस बहुमूल्य योगदान के लिए प्राध्यापक मंच की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### समर कैंप का समापन, विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

**इंदौर (विनय उजाला)।** शासकीय मॉडल स्कूल इंदौर में अभिभावकों की उपस्थिति में समर कैंप का समापन हुआ और विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शासकीय मॉडल स्कूल इंदौर में दिनांक 01 मई 2025 से जारी समर कैंप का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया, समापन कार्यक्रम में अभिभावकों की उपस्थिति में समर कैंप में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया !


## Change in Name

I MEHMOOD KHAN here by declare that i have change my name as MEHMUD KHAN. so from now and in future i will be known by my new name MEHMUD KHAN for all purposes.
MEHMUD KHAN
S/O GULMOHMMAD
Add:209, MASJJID MOHALLA,VTC: NANPUR, DIST., ALIRAJPUR(M.P.)457887

कार्यालय नगर पालिक निगम, इंदौर

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **कुमारी रेणु शाक्य पिता श्री शिवदयाल श्रीमती अनिता शाक्य शिवदयाल** वर्तमान संपत्तिधारक **राजेश कुमार लक्ष्मीकांत साहय** के द्वारा झोन 17 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **204 ब्लाक बी-2 शालीमार स्वयं कालोनी** पिन नं. **1003128355** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-17 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-17
नगर पालिका निगम इंदौर

कार्यालय नगर पालिक निगम, इंदौर

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **मेसर्स बी.पी.एस. इंडस्ट्रीज श्रीमती सजुदेवी पति सुरेश कुमार शर्मा, देवांग पिता सुरेश शर्मा** वर्तमान संपत्तिधारक **मेसर्स मेहर बाटल एजेंसी प्रा.लि.** के द्वारा झोन 17 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **141-बीएफ सांवेर रोड इंडस्ट्रीयल एरिया इंदौर** पिन नं. **1001289641** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-17 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-17
नगर पालिका निगम इंदौर

कार्यालय नगर पालिक निगम, इंदौर

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती स्मिता कार्तिक प्रसाद दास** के द्वारा झोन 17 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **604 th Floor गोल्डन बी करोलबाग इंदौर** पिन नं. **1003890806** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-17 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-17
नगर पालिका निगम इंदौर

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती सीमा पति राकेश कुमार** के द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **525/3/5/3/4 पैकी प्रायवेट भाग ( सी-2 पैकी भाग ( प्रायवेट नं. ए2/7 ) सिरपुर** पिन नं. **1004605526 का भाग** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-14
नगर पालिका निगम इंदौर

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती पूनम शर्मा पति लक्ष्मण शर्मा** के द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **50-बी ( पुराना 52-बी ) प्रजापत नगर सेक्टर बी** पिन नं. **1001220186** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-14
नगर पालिका निगम इंदौर

कार्यालय नगर पालिक निगम, इंदौर

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री कृष्णकांत पिता बंशीधर गोयल** के द्वारा झोन 22 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **145 शांति निकेतन** पिन नं. **1000972856** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-22 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-22
नगर पालिका निगम इंदौर

कार्यालय नगर पालिक निगम, इंदौर

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती स्वीटी पति पंकज लोहिया** के द्वारा झोन 22 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **प्रकोष्ठ 209 कासाग्रीन ई ब्लाक** पिन नं. **2000318439** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-22 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-22
नगर पालिका निगम इंदौर

## कार्यालय रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, उज्जैन नगर, जिला उज्जैन

क्रमांक/रीडर-1/2025/565 — उज्जैन, दिनांक : 20/05/2025
प्रकरण क्रमांक 00/बी-113/25-26
लोक न्यास का नाम - मांगल धाम चैरिटेबल ट्रस्ट
पंजयन क्रमांक

मांगल धाम चैरिटेबल ट्रस्ट
कार्यालय - कार्तिक मेला ग्राउंड के सामने आव्हान
अखाड़े के पास सदाबल रोड उज्जैन ( म.प्र. )
....आवेदक

विरूद्ध
मध्यप्रदेश शासन

// विज्ञप्ति //
दिनांक 20/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री महंत राजेन्द्र गिरी पिता मोहनलाल मेघजी भाई दवे अध्यक्ष, मांगल धाम चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय - कार्तिक मेला ग्राउंड के सामने आव्हान अखाड़े के पास सदावल रोड उज्जैन म.प्र. द्वारा नवीन ट्रस्ट पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, राजस्व खाते में जमा रू. 100/- के चालान क्रमांक 0029034831 दिनांक 05.052025 की मूल प्रति, ट्रस्ट डीड (मूल) ट्रस्टियों के आधार कार्ड आदि दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर मध्यप्रदेश ट्रस्ट एक्ट 1951 धारा 04 के अधीन नवीन ट्रस्ट पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें ट्रस्ट का विवरण निम्नानुसार है :-

न्यास का नाम :- मांगल धाम चैरिटेबल ट्रस्ट
कार्यालय :- कार्तिक मेला ग्राउंड के सामने आव्हान अखाड़े के पास सदावल रोड उज्जैन
अचल संपत्ति :- वर्तमान में न्यास ने अपने पास अचल संपत्ति निरंक दर्शाई है।
चल संपत्ति :- वर्तमान में न्यास ने चल संपत्ति 11000/- रू. दर्शाई है।

| क्रं. | ट्रस्ट को घोषित करने वालों का नाम एवं पता | पदनाम |
|---|---|---|
| 01 | महंत श्री राजेन्द्र गिरी पिता मोहनलाल मेघजीभाई दवे निवासी - मांगल धाम आश्रम सदावल रोड उज्जैन म.प्र. | अध्यक्ष |
| 02 | श्री दवे दर्शन पिता श्री राजुभाई दवे निवासी - 204, सिलिकॉन पैलेस, पूना कुम्भारिया रोड एस.एम.सी. हॉल के पास सूरत (गुज.) | न्यासी |
| 03 | श्री दवे अजय पिता श्री प्रतापभाई दवे निवासी - 553, सीता राम सोसाइटी, वीआई3, घाची समाज की वाडी पुनागम रोड, बॉम्बे मार्केट, सूरत (गुज.) | न्यासी |
| 04 | श्री दवे जितेन्द्र भाई पिता श्री मोहनलाल निवासी - ए/39, न्यू सारोली नगरी, सारोली, सूरत (गुज.) | न्यासी |
| 05 | श्री दवे गुरूदत्त पिता श्री मोहनलाल निवासी - एफ-1-901, नेचर वेली, कुम्भारिया सूरत (गुज.) | न्यासी |

म.प्र. पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 की धारा 04 के अंतर्गत उक्त ट्रस्ट पंजीयन के संबंध में उक्त न्यास या संपत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यवाही, न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुतकर्ता मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिश: या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए। नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

दिनांक 20/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से उक्त सूचना पत्र जारी किया गाय।

रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट अधिकारी
अनुभाग उज्जैन

## पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मंडल

विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य

ई-निविदा सूचना संख्या 04 वर्ष 2025-26 दिनांक: 20.05.2025

| क्र. | ई-निविदा नं | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) | EMD लागत (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DRM-ADI-62-2025-26 | अहमदाबाद-हिम्मतनगर: टिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली प्रणाली का उपयोग करके टैम्पिंग से पहले और बाद में ट्रैक माप सर्वेक्षण। | 49,22,052.67 | 98,500.00 |
| 2 | DRM-ADI-63-2025-26 | हिम्मतनगर में 12 यूनिट टाइप II क्वार्टर, 3 यूनिट टाइप-III और 2 यूनिट टाइप-IV का निर्माण, प्रतिस्थापन खाते पर अंबलियासन में एक यूनिट टाइप IV और सीनियर डीईएन (दक्षिण) अहमदाबाद (समग्र कार्य) के अधिकार क्षेत्र के तहत हिम्मतनगर में एस एंड टी कार्यालय का निर्माण। | 6,95,66,949.12 | 4,97,800.00 |
| 3 | DRM-ADI-64-2025-26 | सीनियर डीईएन (दक्षिण)अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र के तहत कॉलोनी रोड, सीमा/कंपाउंड दीवार, भूमिगत नाली का निर्माण और स्टाफ कॉलोनी क्वार्टरों में टूटी हुई एसी शीट की छत को बदलना। | 2,33,99,101.01 | 2,67,000.00 |
| 4 | DRM-ADI-65-2025-26 | सहायक मंडल अभियंता (एनडब्ल्यू) अहमदाबाद, सीनियर मंडल अभियंता (दक्षिण) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र के तहत 2025-2026 के पुल जोन क्रमांक 18 के लिए 5 लाख तक की सभी साधारण और विविध मरम्मत। (पुनः आमंत्रित)। | 55,76,945.00 | 1,11,500 |
| 5 | DRM-ADI-66-2025-26 | पुराने भवन के बदले प्रतिस्थापन खाते पर ध्रांगध्रा में अतिरिक्त मंडल अभियंता कार्यालय का निर्माण (समग्र निविदा)। | 1,81,67,743.49 | 2,40,800.00 |
| 6 | DRM-ADI-67-2025-26 | वरिष्ठ मंडल अभियंता (पश्चिम) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र के तहत रेल, प्वाइंट और क्रॉसिंग, स्लीपर और सीएमएस क्रॉसिंग और अन्य सहायक ट्रैक कार्यों का आकस्मिक नवीनीकरण। | 3,99,03,081.23 | 3,49,500.00 |
| 7 | DRM-ADI-68-2025-26 | एडीईएन/महेसाणा, एसएसई (वर्क्स)-पाटन, एसएंडटी के कार्यालयों का निर्माण और मंडल अभियंता (उत्तर)-अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र के तहत अन्य संबंधित कार्य। (समग्र निविदा) | 3,07,70,650.57 | 3,03,900.00 |
| 8 | DRM-ADI-69-2025-26 | प्लेटफॉर्म की दीवारों, केबल डक्ट/पीएफ ड्रेन, विभिन्न यात्री सुविधाओं और मंडल अभियंता (वर्क्स) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र के तहत अन्य सहायक कार्यों का निर्माण (समग्र कार्य) | 13,02,27,598.32 | 8,01,100.00 |
| 9 | DRM-ADI-70-2025-26 | साबरमती (पुरानी कॉलोनी): सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) (पुरानी कॉलोनी) साबरमती के अधिकार क्षेत्र में रेलवे कॉलोनी और सेवा भवनों के ओवर हेड वाटर टैंक और भूमिगत जल कुण्डों की सफाई। (दो वर्षों के लिए) | 27,38,025.00 | 54,800.00 |
| 10 | DRM-ADI-71-2025-26 | डीजल शेड-साबरमती में एसएमएम बिल्डिंग की मरम्मत और मंडल इंजीनियर (वर्क्स) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में अन्य सहायक कार्य (शेष कार्य) | 37,74,267.17 | 75,500.00 |

**ई-निविदा बंद होने की तिथि:** दिनांक 17.06.2025 समय 15:00 बजे **कार्यालय का पता:** वरि. मंडल इंजीनियर (सम.)- अहमदाबाद, डी.आर.एम. ऑफिस, चामुंडा ब्रिज के पास, नई स्वदेशी मिल के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद- 382345 **ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाइट: www.ireps.gov.in**

046

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: twitter.com/WesternRly

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बड़वानी (म.प्र.)

E-mail : eephedbar@mp.nic.in, Tel & Fax : 07290-224203

नि.आ.सू.क्रं./04/निविदा/का.यं./लोस्वायां/2025-26 — बड़वानी, दिनांक : 15.05.2025

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in/ पर बड़वानी जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न पहुंच विहीन ग्रामों/बसाहटों में कैलिक्स/क्राउलर मशीन से 150 मि.मी. व्यास के साधारण नलकूप खनन एवं अन्य संबंधित कार्यों हेतु ऑलाईन निविदा सिस्टम टेण्डर नं. 2025_PHED_424078_1 द्वारा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर आमंत्रित की गई है।

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि :- 29.05.2025 17.30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि :- 29.05.2025 17.30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि :- 30.05.2025 18.00 बजे

निविदा फार्म उपर दर्शित वेबसाईट (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित विस्तृत जानकारी उपर दर्शाई गई वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. खण्ड बड़वानी

जी-13174/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, इन्दौर संभाग-इन्दौर
माधवराव सप्रे मार्ग, ( मुख्य मार्ग क्रमांक-03 )
भोपाल ( म.प्र. ) 462003

नि.आं.सू. क्रं.-02/एन.एच.एम./इं.सं./2025-26/78 — भोपाल, दिनांक : 16/05/2025

:: प्रथम आमंत्रण निविदा सूचना ::

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-इन्दौर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से www.mptenders.govin (Department of Directorate of Health Services 02 एवं 3 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एसओआर 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी हो तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

:: ई-निविदा अल्प आमंत्रण सूचना क्रमांक-02/2025-26 (प्रथम आमंत्रण) ::

| सरल क्रमांक | निविदा क्रमांक | जिला का नाम | विकासखण्ड का नाम | संस्था की संख्या | अनुमानित लागत राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_DHS_423927 | बुरहानपुर | खकनार | 1 | 121.18 |
| 2 | 2025_DHS_423928 | झाबुआ | थांदला | 1 | 42.37 |
| 3 | 2025_DHS_423929 | अलीराजपुर | जोबट | 1 | 42.37 |
| 4 | 2025_DHS_423930 | खण्डवा | खण्डवा | 1 | 42.37 |
| 5 | 2025_DHS_423932 | धार | बाग | 1 | 42.37 |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (https://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दिनांक 20.05.2025 प्रात: 10.30 से दिनांक 03.06.2025 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (https://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. उपरोक्त निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
संभाग-इन्दौर

जी-13164/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नागदा, जिला उज्जैन

:: विज्ञप्ति सूचना ::

क्रमांक : एफ-/राजस्व/2025/1289 — नागदा, दि. 26/04/2025

इस सूचना द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित विवरण के भवन/भूमि के स्वामित्वों/उत्तराधिकारी की ओर से आवेदन पत्र इस कार्यालय में म.प्र. न.पा. अधिनियम 1961 की धरा 150(1)(2)(3) के अनुसार नामांकन की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप धारा 151 के तहत कार्यवाही की जाना है। अत: जिस किसी को नाम किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति के प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी :-

| क्रं. | मोहल्ले का नाम | वर्तमान न.पा. रिकार्ड में दर्ज | हस्तांतरणकर्ता का नाम | भवन/भूमि जिसके नाम होना है | नामांकन चाहे जाने का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आनंद वाटिका उज्जैन जावरा रोड | निरंक | रवि काठेड़-मनोहरलाल काठेड़ | लता-चन्द्रप्रकाश टिलवानी | रजि/प्लाट 99 |
| 2. | सुभाष मार्ग गली . 02 | निरंक | भेरूलाल-छोटेलाल | विशनलाल-बाबूराम | रजि/प्लाट |
| 3. | बिरला मंदिर के पीछे | प्रियंका कुंवर-रामसिंह | प्रियंका कुंवर-रामसिंह | जूरन डे-मथुरा मोहन डे | रजि/प्लाट |
| 4. | नागदा खाचरौद बायपास रोड से अंदर | अरूण-रमेश चंद | अरूण-रमेश चंद | शिवम-शंकरलाल | रजि/भवन |
| 5. | नागदा खाचरौद बायपास रोड से अंदर | अनिल-रमेशचंद | अनिल-रमेशचंद | प्रेमलता-शंकरलाल | रजि/भवन |
| 6. | राम सहाय मार्ग | मोहनसिंह-गेंदालाल | मोहनसिंह-गेंदालाल | विष्णु सिह-स्वं. मोहन सिंह | वसीयत/भवन |
| 7. | चन्द्रशेखर आजाद मार्ग | कस्तूरीबाई-बाबुलाल | कस्तूरीबाई-बाबुलाल | राकेश, राजकुमार, मुकेश, रुपेश कुमार पिता स्वं. बाबुलाल | मृत्यु प्र.पत्र शपथ पत्र/भवन |
| 8. | ई.डब्ल्यू.एस. हा.बोर्ड | रामचन्द्र-महादेव पाल | चंद्रकांता-स्व. रामचंद्र | कमल गोखले, गणपतराव गोखले | रजि/भवन |
| 9. | साकेत का. के समीप | निरंक | दिनेश-लक्ष्मण प्रजापत | मंजुबाला, अशोक कुमार | रजि/भवन |
| 10. | चिकित्सालय मार्ग | धर्मेन्द्र स्व. लक्ष्मण आशा- महेन्द्र रावत ज्योति-स्व. देवेन्द्र | धर्मेन्द्र स्व. लक्ष्मण आशा- महेन्द्र रावत ज्योति-स्व. देवेन्द्र | पूजा-रक्षित डागा | रजि/भवन |
| 11. | दयानंद कॉ | आशा-स्व. शांतिलाल जैन | आशा-स्व. शांतिलाल जैन | जवाहरलाल-शांतिलाल चौधरी | रजि/भवन |
| 12. | अमला रोड | पूजा-सुधीर शाहनी | पूजा-सुधीर शाहनी | रसाल कुंवर-सोहन सिंह | रजि/प्लाट |
| 13. | इंगोरिया रोड | निरंक | प्रीती-कमल कुमार जैन | श्याम सोलंकी-ओमप्रकाश | रजि/प्लाट |
| 14. | अमला रोड | दिनेश-देवीलाल | अजहर बेग-असलम बेग | धनंजय-रामबहादुर स्मिता-धनंजय कुमार | रजि/प्लाट |
| 15. | नर्मदा नगर | लोकेश-मांगीलाल | लोकेश-मांगीलाल | प्रभा कुंवर-दिलीप सिंह | रजि/भवन |
| 16. | पाल्या रोड | कैलाश सिंह, भगवान सिंह, गुलाब सिंह, मोहन सिंह पिता स्वं. चतर सिंह | कैलाश सिंह, भगवान सिंह, गुलाब सिंह, मोहन सिंह पिता स्वं. चतर सिंह | पानसिंह -भगवान सिंह अंजूलता - पान सिंह | रजि/भवन |
| 17. | जवाहर मार्ग | हरिदास-वल्लभदास | हरिदास-वल्लभदास | मीना-विरेन्द्र दीचंदा पिता स्वं. हरिदास | बंटवारा पत्र/ भवन |
| 18. | जवाहर मार्ग गली नं. 01 | बलराम सिंह-नारायण सिंह | बलराम सिंह-नारायण सिंह | चंदा कुंवर-स्वं. बलराम सिंह | मृत्यु प्र.पत्र, शपथ पत्र/भवन |
| 19. | जवाहर मार्ग गली नं. 02 | बलराम सिंह-नारायण सिंह | बलराम सिंह-नारायण सिंह | चंदा कुंवर-स्वं. बलराम सिंह | मृत्यु प्र.पत्र, शपथ पत्र/भवन |
| 20. | नर्मदा नगर | हीरालाल-कालू जी | रामलाल-लक्ष्मीनारायण | साधना-रामलाल पियूष, आयुष - स्वं. रामलाल | मृत्यु प्र.पत्र, शपथ पत्र/भवन |
| 21. | अमला रोड | निरंक | राकेश-प्रकाशचंद | ताराबाई-बसंतीलाल बसंतीलाल-हजारीलाल | रजि/प्लाट |
| 22. | प्रकाश नगर गली नं. 02 | बंशीलाल, अशोक, कुंदनमल,जीवन पिता जीतमल पोरवार आदि | बंशीलाल, अशोक, कुंदनमल, जीवन पिता जीतमल पोरवार आदि | गुड्डीबाई-स्वं. सत्यनारायण | रजि/प्लाट |
| 23. | चेतनपुरा | मोतीलाल-कनछेदीलाल सुमन-मोतीलाल | मोतीलाल-कनछेदीलाल सुमन-मोतीलाल | मनोरमा-विजय सिंह रघुवंशी | रजि/भवन |
| 24. | कोटा फाटक पीछे का भाग | शंकरलाल- शव जी गुर्जर | शंकरलाल- शव जी गुर्जर | स्वरूप कुंवर-चैन सिंह | रजि/भवन |
| 25. | नर्मदा नगर | निरंक | हंसा-दिलीप काठेड़ | आशा-लोकेन्द्र सिंह | रजि/प्लाट |
| 26. | सुनीर नगर के समीप | महेन्द्र-बाबुलाल | महेन्द्र-बाबुलाल | कमल किशोर-बजरंगला शर्मा | रजि/भवन |
| 27. | अमला रोड | निरंक | रमेशचंद-धूलचंद | ईश्वरलाल-गोविन्दलाल | रजि/भवन |
| 28. | साकेत कॉ के समीप | निरंक | दिलीप सिंह-कन्हैयालाल | रेखा-दिनेश राठौर | रजि/प्लाट |
| 29. | नाहर खां कॉ | राधेश्याम-काशीराम | राधेश्याम-काशीराम | कमलाबाई-बाबूलाल | रजि/भवन |
| 30. | गुलाब बाई कॉ | रामप्रसाद-द्वारकाप्रसाद | गोपीलाल, लालूप्रसाद, कलावती पिता स्व. रामप्रसाद | छोटूलाल-स्व. रामप्रसाद बोरासी | हकत्याग/ भवन |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद नागदा

# सम्पादकीय

## कोई और पद स्वीकार नहीं

हाल में सर्वोच्च न्यायपालिका के जजों का जिस तरह का आचरण रहा है, उसे देखते हुए जस्टिस संजीव खन्ना के इस एलान का महत्त्व और भी अधिक महसूस हुआ है कि रिटायरमेंट के बाद वे कोई पद स्वीकार नहीं करेंगे। यह उत्कृष्ट उदाहरण है ।निवर्तमान प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने अपने कार्यकाल के आखिरी दिन यह प्रशंसनीय घोषणा की कि रिटायरमेंट के बाद वे कोई और पद स्वीकार नहीं करेंगे। इस तरह जस्टिस खन्ना ने एक बेहतरीन मिसाल कायम की है। हाल में सर्वोच्च न्यायपालिका के जजों का जिस तरह का आचरण रहा है, उसे देखते हुए इस एलान का महत्त्व और भी अधिक महसूस हुआ है। हालांकि इस अप्रिय घटनाक्रम की शुरुआत कई दशक पहले हो गई थी, लेकिन हाल के वर्षों में यह एक बड़ी बीमारी बन गई। रिटायर होते ही राज्यपाल, राज्यसभा के सदस्य, आयोगों या पंचाटों के अध्यक्ष आदि जैसे पद स्वीकार करने वाले जजों की सूची लंबी होने लगी ।नतीजा हुआ है कि आज अदालतें जब कोई राजनीतिक महत्त्व का फैसला देती हैं, तो सार्वजनिक चर्चाओं में संबंधित न्यायाधीशों की मंशा या उनकी आगे की गणना की चर्चा होने लगती है। इस तरह न्यायिक निर्णयों की पवित्रता प्रभावित हुई है। उसका असर न्यायपालिका की साख पर पड़ा है। कभी सार्वजनिक दायरे में ये बहस उठी थी कि जजों और ऊंचे पदों पर आसीन नौकरशाहों को रिटायरमेंट के बाद अगला कोई पद स्वीकार करने के पहले कुछ वर्षों का एक कूलिंग पीरियड होना चाहिए ।मगर व्यवहार में इसके विपरीत रुझान आगे बढ़ा और आज वो चर्चा बेमायने मालूम पड़ती है। मगर वो जन आकांक्षाएं खत्म नहीं हुई हैं। बल्कि सिर्फ कार्यपालिका, नौकरशाही और विधायिका से जुड़ी शख्सियतों को लेकर समाज में व्यग्रता बढ़ी है और धीरे-धीरे न्यायपालिका उसके दायरे में आ गई है। इससे पूरी राज्य-व्यवस्था की साख प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई है ।इस पृष्ठभूमि में जस्टिस खन्ना की घोषणा ताजा हवा के झोंके की तरह आई है। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उनका छोटा कार्यकाल भी एक बेहतर अहसास छोड़ गया है। उनके अनेक पूर्ववर्तियों के कार्यकाल में जिस तरह के विवाद उठे, जस्टिस खन्ना का कार्यकाल उनसे मुक्त रहा। उन्होंने कमोबेश उन अपेक्षाओं को पूरा किया, जो एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका प्रमुख से होती है। आशा है, उनके उत्तराधिकारी ऐसी ही विरासतों का अनुकरण करेंगे और न्यायपालिका की गरिमा को बहाल करने में सहायक बनेंगे।

## दैनिक विनय उजाला — सुविचार

अच्छी भूमिका, अच्छे लक्ष्य, और अच्छे
विचारों वाले लोगों को, हमेशा याद किया जाता है।
मन में भी, शब्दों में भी, और जीवन में भी।

– लता मालवीय, इंदौर

समय अच्छा हो तो आपकी गलती भी
मजाक लगती है और समय ख़राब हो तो
आपकी मजाक भी गलती बन जाती है।

– के.पी. जाट, भोपाल

जो आपकी जिंदगी में कील बनकर बार बार चुभे
उसे एक बार हथोड़ी बनकर ठोक देना चाहिये।

– रवि प्रजापत, इंदौर

शब्द भी क्या चीज़ है महके तो लगाव।
और बहके तो घाव।

– माया बैरागी, सैलाना रतलाम

आप कितने भी अच्छे क्यों ना हो, ऐसा कभी
नहीं हो सकता कि आपसे सब खुश हो।

– वीणा ओझा, इंदौर

धर्म और मर्यादा के लिये किया
गया क्रोध पुण्य के समान हैं।

– डॉ. विनय दीवान, भोपाल

## माँ अहिल्याबाई

संस्कारों का पहन के जामा दया धर्म की थी दिवानी
कर्म योगिनी राजयोगिनी अहिल्याबाई बनी कल्याणी
शासन का परचम फहराकर धर्म ध्वजा को लहराकर
हरा दिया मुगलों को उसने ऐसी थी अहिल्या महारानी



बहुत रूप होते नारी के सभी रूपों में जीती हैं
अमर हो गई वो इतिहास में शासक रूप में तूफ़ानी
कभी बनी अहिल्या महारानी कभी लोकमाता बनी
हिन्दी देश की नारी है तू अद्भुत तेरी कहानी

दैनिक विनय उजाला

सोमनाथ से काशी तक कर जीर्णोद्धार मंदिरों का
ऐसी कर्मनिष्ठ करुणामयी ऊर्जा स्त्रोत हार कभी ना मानी
देख प्रजा की पीर पोंछ चक्षुओं से अपने नीर
स्वयं उठ आती निज शोक भूलकर वीरता भरी वो सबकी जुबानी

वैधव्य को अपने स्वीकार संकल्प लिया सती होने का
मल्हार राव का मानकर आदेश त्याग दिया जो मन में ठानी
शिव को अपने अराध्य मानकर अपना वैभव सहर्ष त्यागकर
बुद्धि से पेशवा को हराया ऐसी थी महा ज्ञानी

आस बनी विश्वास बनी,पुत्र मोह को त्याग कर
मृत्यु दण्ड का फरमान दिया जब की उसने मनमानी

– मधु टाक, इन्दौर

## डिजिटल दुनिया में बचपन भटक रहा...!

आज डिजिटल दुनिया में बचपन हैं भटक रहा,
पेरेन्ट्स को अनसुना कर गूगल संग मटक रहा।
बच्चे नई तकनीक से कदम से कदम मिला रहें,
रिश्ते-नाते संग यार-दोस्त सब बहुत दूर जा रहें।
सोशल मीडिया की गिरफ्त में खुद ही समा रहें,
एक ही कमरे में बैठकर नजरें भी ना मिला रहे।

आज डिजिटल दुनिया में बचपन हैं भटक रहा,
पेरेन्ट्स को अनसुना कर गूगल संग मटक रहा।
जिज्ञासु बच्चे अल्फा पीढ़ी के दुनिया में जी रहें,
वर्तमान में पर्व,रीति-रिवाज से अनभिज्ञ हो रहें।
ऑनलाइन पढ़ाई, शॉपिंग कर घर में वो सो रहें,
परिवेश और संस्कार बिन काम घर बैठे हो रहें।

आज डिजिटल दुनिया में बचपन हैं भटक रहा,
पेरेन्ट्स को अनसुना कर गूगल संग मटक रहा।
बच्चे घर और कक्षा में क्या? एक्टिविटी कर रहें,
मॉम-डैड मोबाइल से रील बनाकर मस्त हो रहें।
बच्चों को बचपन से हाथों में टेबलेट पकड़ा रहें,
समयाभाव में कार्टून फिल्म का चस्का लगा रहें।



दैनिक विनय उजाला
संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011
(मध्यप्रदेश)

एक-एक कर उसके विषय में जो बातें सामने आ रही हैं, वह बताती हैं कि किस तरह से पाकिस्तान ने हथियारों के अतिरिक्त दूसरे माध्यमों से भारत को डराने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रखी है। खैर! बात पाकिस्तान के उन जासूसों की है, जो आज गली-गली में पनप रहे है और पाकिस्तान को समर्थन देने के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं।

# जासूसी के नये हथकंडे और स्लीपर सेल

मनोज वार्ष्णेय



दैनिक विनय उजाला



सअभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है। यह नारा हिंदी फिल्मों में इतनी बार सुना जा चुका है कि यह अब हक मांगने का लोकप्रिय सॉग बन चुका है। लेकिन इसे अगर आतंकवाद के संदर्भ में देखें तो यह उन लोगों पर सटीक बैठता है जो सेक्स, धन और शोहरत के लिए अपने देश से गद्दारी कर रहे हैं। आतंकवाद के मसीहा पाकिस्तान ने आतंकवाद को सुरक्षा देने के लिए आईएसआई के अतिरिक्त तमाम कई ऐसे रास्ते अख्तियार किए हैं, जो उसे मदद करते हैं। इनमें सोशल मीडिया और हनी ट्रेप ऐसे टूल बनकर सामने आए हैं, जो भारत जैसे देश के लिए एक नई मुसीबत पैदा कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से अब तक एक दर्जन से अधिक जासूस पंजाब, हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश से पकड़े जा चुके हैं।

जब भी भारत ने राष्ट्रविरोधी तत्वों के खिलाफ अभियान छेड़ा है तो ऐसे लोग सामने आए हैं जिनके लिए पैसा ही सबकुछ है, इसके लिए वह कुछ भी कर रहे हैं। हाल में जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा इसका ऐसा शर्मनाक उदाहरण है, जो जयचंद की याद दिलाता है। ज्योति जैसे लोगों की गिरफ्तारी से एक बात यह भी उभरकर सामने आ रही है कि कहीं इस तरह की हरकतें करने वाले स्लीपिंग मॉर्डूल के सहयोगी तो नहीं हैं, जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों ही तरह से पाकिस्तान को ऐसी सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं, जो भारत को हानि पहुंचा सकती है। आज जब सोशल मीडिया के फेसबुक रील तथा यू-ट्यूब शार्ट वीडियो कमाई का जरिया बन रहे हैं तो यह लाइक-सब्सक्राइब के लालच मे ऐसी हरकतें कर रहे हों। वैसे इस बात से इंकार भी नहीं किया जा सकता कि आतंकवादियों को सहयोग देने वाले स्लीपिंग मॉड्यूल देश में गुपचुप तरीके से काम कर रहे हैं। इस तरह के 142 व्यक्ति उत्तर प्रदेश में गत आठ वर्षों में गिरफ्तार हो चुके हैं। पाकिस्तान प्रत्यक्ष तो आज तक भारत क्या किसी दूसरे देश से भी नहीं लड़ सका,लेकिन उसने सोशल मीडिया या उस जैसे दूसरे टूल का सहारा लेकर खुद को आतंक की दुनिया में जिंदा रखने में कोई कसर बाकी नहीं रखी है। आतंक को सहयोग करने वाले, देश की सूचनाएं लीक करने वाले और ज्योति जैसे रहस्यमयी सोशल मीडिया एडिक्टों की गिरफ्तारी तो ऐसे ही लोगों के लिए एक अंगड़ाई है,उसके जैसे जासूसों को राष्ट्र के भीतर से खोजना आगे और लड़ाई है।

ज्योति ने क्या किया और कैसे किया यह बात हर नागरिक को उसी सोशल मीडिया से पता चल चुकी है जिसका सहारा लेकर वह आज चर्चित हुई। एक-एक कर उसके विषय में जो बातें सामने आ रही हैं, वह बताती हैं कि किस तरह से पाकिस्तान ने हथियारों के अतिरिक्त दूसरे माध्यमों से भारत को डराने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रखी है। खैर! बात पाकिस्तान के उन जासूसों की है, जो आज गली-गली में पनप रहे है और पाकिस्तान को समर्थन देने के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। एक को पकड़ा जाता है, तो दूसरा सामने आ जाता है। कोई सोशल मीडिया पर भारत के खिलाफ लिखता है तो कोई सेना के मूवमेंट की वीडियो बनाकर रील या शॉर्ट फिल्म के रूप में प्रसारित करता है। कुछ ऐसे समर्थक भी हैं, जो पाकिस्तान द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों को प्रसारित करने के लिए तैयार बैठै रहते हैं। ताजमहल पर हमले का फेक समाचार भी इसी तरह की अफवाहों में आता है।

जब सरकार स्पष्ट रूप से कह चुकी है कि हमें ऐसी गतिविधियों से बचना चाहिए जो सेना अथवा भारत को नुकसान पहुंचाती हों। इसमें सोशल मीडिया पर कुछ भी डालने से पहले गंभीरता से ध्यान रखें, मूल मंत्र है, इसके बाद भी रोज ऐसे लोग सामने आ रहे हैं जो पाकिस्तान को लाभ पहुंचाने वाली हरकत कर रहे हैं। चिंतनीय बात तो यह है कि जब भारत सरकार ने पाकिस्तान के कई ऐसे माध्यम प्रतिबंधित कर दिए हैं, जो भारत के खिलाफ नफरती माहौल बनाते हैं। तब भी यह सोशल मीडिया एडिक्ट किसी न किसी तरह से उस सामग्री को कैसे ला पा रहे हैं जो किसी भी तरह से देशहित में नहीं है? एक दूसरा प्रश्न यह है कि यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम और उस जैसे दूसरे माध्यमों पर कैसे इन नफरती-जासूसों को लाखों की संख्या में सब्सक्राइबर्स मिल जाते हैं। इसके साथ ही चिंता इस बात की भी है कि जिस तरह से ज्योति की गिरफ्तारी के बाद उसके साथ संबंध रखने वाले भी संदेह के घेरे में आ रहे हैं, तो कहीं यह चेन सिस्टम तो नहीं जो पूरे देश में फैलाने का विचार हो।

वैसे यह एक सबक भी है कि जिस माध्यम से भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित करने वाले नेम-फेम पा सके अब उसी माध्यम से उनकी जगहंसाई भी हो रही है। अभी तक सेना और उसके प्रतिष्ठानों की जासूसी,देश की दूसरी सूचनाओं के लिए हनी ट्रैप ही एक ऐसा माध्यम था, जिससे खतरा रहता था। लेकिन अब लगता है कि इस हनी ट्रैप जैसी धोखाधड़ी के बाद अब दूसरे हथकंडे चलन में अधिक आ गए हैं।

सोशल मीडिया का माध्यम पाकिस्तान का ऐसा हनी ट्रैप सिस्टम हो सकता है, जो थोड़े से लालच में सोशल मीडिया एडिक्टों को हनी ट्रैप कर रहा हो। जहां तक सोशल मीडिया पर देश विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाने की बात है तो यह तभी संभव है, जब हम उस चेन सिस्टम को तोड़ें जो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियां बनाने के लिए हर हथकंडा अपना रही हैं। अब जब हमारे बीच में कोई तो है जो हमारे लिए खतरा हैं, तो हमें खुद ही अपने लिए वह रास्ता चुनना पड़ेगा, जिससे हम किसी भी उन गतिविधियों से बच सकें जो राष्ट्रविरोधी धारा में गिनी जाती है। राजनैतिक विभाजन, सामाजिक विभाजन और धर्म विरोधी सूचनाएं ऐसी जानकारियां हो सकती हैं जो किसी को भी उन सोशल मीडिया एडिक्टों का शिकार बना सकती हैं, जिनकी उन्हें खुद के लाभ के लिए तलाश रहती है,उनसे बचना ही पाकिस्तान को सबक देने का रास्ता भी हो सकता है।

**(लेखक राजस्थान से प्रकाशित नवज्योति के पूर्व साहित्य संपादक हैं)**

# पद्मश्री सम्मान का व्यवसायीकरण क्या सरकार के संरक्षण में?

भारतीय गणराज्य में पद्म सम्मान का महत्व अपने आप में बहुत अधिक है। पद्म पुरस्कार भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है, जिसकी घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं- पद्म विभूषण (असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए), पद्म भूषण (उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा) और पद्म श्री (विशिष्ट सेवा)। यह पुरस्कार उन सभी गतिविधियों या विषयों में उपलब्धियों को मान्यता देने का प्रयास करता है, जिनमें सार्वजनिक सेवा का तत्व शामिल होता है।

पद्म पुरस्कार हर साल प्रधानमंत्री द्वारा गठित पद्म पुरस्कार समिति की सिफारिशों के आधार पर प्रदान किए जाते हैं। नामांकन प्रक्रिया जनता के लिए खुली है। यहां तक कि स्वयं नामांकन भी किया जा सकता है। ये पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा आमतौर पर हर साल मार्च/अप्रैल के महीने में प्रदान किए जाते हैं, जहां पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाण पत्र) और एक पदक प्रदान किया जाता है। आजादी के बाद तात्कालिक केंद्र सरकार ने कला, शिक्षा, उद्योग, साहित्य, विज्ञान, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा और सार्वजनिक जीवन आदि में उनके विशिष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को यह सम्मान से अलंकृत करने की परम्परा का आरंभ आज से 71वर्ष पूर्व 1954 में इस उद्देश्य से किया था कि वास्तविक विभूतियों को उनके देश और समाज के प्रति सेवा का मान मिले लेकिन वर्तमान संदर्भ में इसका व्यवसायीकरण दृष्टिगत हो रहा है। हम इसके वर्तमान संदर्भ की चर्चा बाद में करेंगे सबसे पहले पद्म सम्मान के एक अभिन्न अंग पद्मश्री सम्मान के बारे में जाने की सरकार ने इस सम्मान को क्यों और किस उद्देश्य से आरम्भ किया था।

विदित हो कि पद्म श्री या पद्मश्री सम्मान भारत सरकार द्वारा आम तौर पर सिर्फ भारतीय नागरिकों को दिया जाने वाला सम्मान है जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि, कला, शिक्षा, उद्योग, साहित्य, विज्ञान, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा और सार्वजनिक जीवन आदि में उनके विशिष्ट योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए दिया जाता है। भारत के नागरिक पुरस्कारों के पदानुक्रम में यह चौथा पुरस्कार है इससे पहले क्रमशः भारत रत्न, पद्म विभूषण और पद्म भूषण का स्थान है। इसके अग्रभाग पर, पद्म और श्री शब्द देवनागरी लिपि में अंकित रहते हैं। आजादी के बाद पद्म श्री सम्मान अर्थात प्रथम पुरस्कार वर्ष 1954 में प्रदान किया गया था तथा इसी श्रृंखला का अंतिम पुरस्कार वर्ष 2025 में प्रदान किया गया। शासकीय रिकॉर्ड अनुसार अब तक कुल 3448 लोगों को पद्म श्री सम्मान अर्थात प्रथम पुरस्कार से नवाजा जा चुका हैं। इस पुरस्कार या सम्मान का महत्व भारतीय संदर्भ में अत्याधिक है और




रहेगा। भारत सरकार द्वारा देश के कोने-कोने से विलक्षण प्रतिभाओं, विभूतियों का चयन कर उनको सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कारों के लिए प्राप्त सभी नामांकन पद्म पुरस्कार समिति के समक्ष रखे जाते हैं, जिसका गठन हर साल प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है। पद्म पुरस्कार समिति की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव करते हैं और इसमें गृह सचिव, राष्ट्रपति के सचिव और चार से छह प्रतिष्ठित व्यक्ति सदस्य के रूप में शामिल होते हैं। समिति की सिफारिशें प्रधानमंत्री और भारत के राष्ट्रपति को अनुमोदन के लिए भेजी जाती हैं।

यहां अब वर्तमान संदर्भ की बात की जाए तो विगत कुछ वर्षों से भारत सरकार द्वारा गठित पद्म पुरस्कार समिति से पृथक भी पद्म श्री सम्मान के लिए प्राइवेट लोग या यह कहें संगठन, एजेंसियां, निकाय भी कार्य कर रही हैं जो पद्म श्री सम्मान के नाम पर मोटी रकमों की उगाही करती देखी जा रही हैं जिनके द्वारा सोशल मीडिया साइट्स पर जमकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। स्काल्ड कंसल्टिंग एलएलपी नामक एक गैर सरकारी संस्था द्वारा अपने प्रचार में पद्मश्री सम्मान दिलाने के नाम पर प्रोफाइल बनाने का विज्ञापन डाला था। जिसमें उनके द्वारा दावा किया गया कि आप पद्मश्री पुरस्कार विजेता हो सकते हैं? हम पद्मश्री पुरस्कार के लिए आपकी प्रोफ़ाइल बनाने में मदद करते हैं। संस्था ने अपना परिचय देते हुए लिखा कि स्काल्ड कंसल्टिंग एलएलपी एक गैर सरकारी सलाहकार फर्म है, जो एनजीओ के लिए रिज्यूमे निर्माण सेवाएं और पद्मश्री, नारी शक्ति पुरस्कार आदि जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान करती है। हम तकनीकी प्रोफाइल बनाते हैं और रणनीतिक सुझाव आदि प्रदान करते हैं ।हम केवल तकनीकी प्रोफाइल निर्माण के लिए सहायता और मार्गदर्शन करते हैं और किसी पुरस्कार या अनुदान की गारंटी नहीं देते हैं। संस्था ने लिखा इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कॉल करें 8376914204, 7428573552। जानकारी अनुसार इस संस्था के संचालक आरजे आरती मल्होत्रा और डॉक्टर तिलक तंवर हैं। ताज्जुब तब हुआ जब उक्त मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो स्काल्ड कंसल्टिंग एलएलपी की कस्टमर केयर यूनिट की महिला द्वारा अपना परिचय देते हुए आवेदक का पूर्ण परिचय प्राप्त किया तथा संबंधित नंबर पर अपना बायोडाटा डालने का निर्देश दिया। आवेदक द्वारा अपना बायोडाटा डालने के अगले दिन संबंधित महिला का पुनः फोन आया और उसके द्वारा कहा गया कि आपका बायोडाटा काफी प्रभावशील है। उसके द्वारा बताया गया कि हम आपका पद्मश्री के लिए प्रोफाइल बनाएंगे जिसका शुल्क 58 हजार रुपए है, जिसमें 18प्रतिशत जीएसटी अलग देना होगा ।साथ ही उक्त राशि वापसी योग्य नहीं होगी ।हमारा कार्य केवल आपका प्रोफाइल बनाने और सरकार को भेजने तक का है। लाखों लोगों में से चयन होता है।

इस पूरे नाट्यक्रम में इस बात पर आश्चर्य हो रहा है कि जिस पद्म श्री पुरस्कार या सम्मान के लिए भारत सरकार द्वारा चयन समिति का गठन किया जाता है उसके बाहर कोई निजी गैर सरकारी संस्था सरकार की नाक के नीचे किस अधिकार से पद्म श्री सम्मान के लिए सोशल साइट पर प्रचार कर धन उगाही कर इसका व्यवसायीकरण कर रहे हैं और सरकार ने मौन धारण कर रखा है ।यदि इस संस्था की कार्यप्रणाली पर नजर डाली जाए तो यह स्पष्ट है कि बिना सरकारी संरक्षण प्राप्त किए कोई संस्था इस प्रकार सरकारी पुरस्कार के नाम पर अवैध वसूली नहीं कर सकती ।जो भी है इस तरह इस संस्था द्वारा पद्मश्री पुरस्कार के लिए प्रोफाइल बनाने के नाम पर 58हजार रुपए सहित जीएसटी शुल्क की उगाही क्या न्यायसंगत है।



दैनिक विनय उजाला

**डॉक्टर सैय्यद खालिद कैस**
**एडवोकेट**
**लेखक पत्रकार**
**आलोचक विचारक**

# सिग्नोरिया की FY25 में राजस्व में शानदार 39% वृद्धि!

विनय उजाला

**जयपुर।** महिलाओं के परिधान उद्योग में अग्रणी नाम, सिग्नोरिया क्रिएशन लिमिटेड (NSE - SIGNORIA) ने अपनी H2 FY25 और FY25 के ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।

### मुख्य वित्तीय झलकियाँ :

**मुख्य वित्तीय विशेषताएँ** – H2 FY25 **कुल आय:** रु. 1,718.70 लाख, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 31.81%, EBITDA: रु. 331.38 लाख, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 15.46%, शुद्ध लाभ : रु. 173.09 लाख, वर्ष-दर-वर्ष गिरावट 1.83%

**वित्तीय मुख्य अंश – वित्तीय वर्ष 25 कुल आय:** रु. 2,722.02 लाख, वार्षिक वृद्धि 39.10%, ईबीआईटीडीए: रु. 529.33 लाख, वार्षिक वृद्धि 31.02%, शुद्ध लाभ: रु. 301.84 लाख, वार्षिक वृद्धि 25.32%

सिग्नोरिया क्रिएशन लिमिटेड के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर श्री वासुदेव अग्रवाल ने कहा, हमें H2 और पूरे FY25 वर्ष के लिए मजबूत प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे मुख्य क्षेत्रों में स्थिर वृद्धि को दर्शाता है। गुणवत्ता, डिजाइन नवाचार और बाजार की प्रतिक्रिया पर हमारा लगातार ध्यान हमें प्रीमियम महिला वस्त्र क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और गहरा करने में मदद करता है।

साल भर में, हमने अपने उत्पादों की रेंज को विस्तार दिया है, जो आधुनिक महिलाओं के लिए सुरुचिपूर्ण, कालातीत और बहुपयोगी डिज़ाइनों को प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्टाइल और उपयोगिता के समन्वय की हमारी क्षमता ने हमारे लक्षित ग्राहकों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित किया है, जिससे प्रतिस्पर्धी परिधान बाजार में हमारी मौजूदगी और मजबूत हुई है। भविष्य में, हम अपने कलेक्शन्स को और बेहतर बनाने, अपनी पहुंच का विस्तार करने और सिग्नोरिया ब्रांड को नई ऊंचाइयों तक ले जाने पर केंद्रित रहेंगे।

# ज्ञान का सागर साबित हुआ है ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** विद्यालय में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में हमने खेल-खेल में टीम वर्क का महत्व,नेतृत्व करने की कला,दिल और दिमाग मे उठ रहे विचारों को कहानियों और कविताओं में कैसे रूपांतरित करना,योगाभ्यास का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर किस तरह से सकारात्मक प्रभाव होता है,साथ ही किसी अभ्यास की निरंतरता कठिन विषय पर किस प्रकार से पकड़ बना कर रास्ता दिखाती है, जैसी अमूल्य बातें सीखी जो जीवन भर काम आएगी। हमें यह शिविर ज्ञान का सागर और सार्थक लगा । ऐसे शिविरों की निरंतरता होनी ही चाहिए। उपरोक्त विचार शास सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थी छात्राओं दीक्षा मोगरे, दीपशिखा रघुवंशी, गुलशन रघुवंशी, दीक्षा सोनी, सोनू सोनी, कनक चौहान, रिद्धिमा रामनारायण शर्मा, सृष्टि त्रिलोकसिंह रघुवंशी, प्रियंका निषाद आदि ने अपने अनुभव फीडबैक के रूप में दर्ज कर लिखित में विद्यालय को सौंपे। प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि आज 181 प्रशिक्षणार्थी छात्राओं को समापन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र दिये जाकर प्रशिक्षण देने के लिये उपस्थित मास्टर ट्रेनर अशोक यादव, रजत धारवा, हेमा यादव,इंदिरा दाते, धर्मेंद्र सोनी, खुशबू वर्मा एवं दीपिका बागोरा, कोमल कवाड़े उमा चौहान, उमा तिवारी का सम्मान किया गया। संचालन सुषमा राठौर ने किया।

## मुर्शिदाबाद हिंसा की रिपोर्ट आने पर भाजपा हमलावर

# ममता बनर्जी सरकार की क्रूरता उजागर

नई दिल्ली, एजेंसी

**भाजपा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भड़की मुर्शिदाबाद हिंसा से निपटने के तरीके को लेकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार पर तीखा हमला किया। पार्टी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को उन्होंने कहा कि तथ्य-खोजी एसआईटी की रिपोर्ट से हिंदुओं के प्रति सरकार की क्रूरता का पता चला है।**

### हिंदुओं को निशाना बनाकर हिंसा की गई

हिंसा के दौरान पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने उन पर टीएमसी नेताओं की कार्रवाई की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कुछ मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मुर्शिदाबाद हिंसा पर एसआईटी की रिपोर्ट ने स्पष्ट रूप से संकेत दिया है कि हिंदुओं को निशाना बनाकर हिंसा की गई थी और इसमें टीएमसी नेता शामिल थे और पुलिस का रवैया हिंसा को रोकने के बजाय टीएमसी नेताओं की कार्रवाई की अनदेखी करने वाला प्रतीत होता है।

### तथ्य-खोजी समिति की रिपोर्ट में क्या?




उन्होंने कहा, मुर्शिदाबाद से पहलगाम तक हिंदुओं को निशाना बनाकर उनके खिलाफ हिंसा का सिलसिला साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। मुर्शिदाबाद हिंसा में जिस तरह से तथ्य सामने आ रहे हैं, उससे ममता बनर्जी सरकार की हिंदुओं के प्रति क्रूरता और कट्टरपंथियों के प्रति असीम लगाव का पता चलता है। यह तब हुआ जब कलकत्ता उच्च न्यायालय की तरफ से गठित तथ्य-खोजी समिति ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें बताया गया कि हिंसा के दौरान बेतबोना गांव में 113 घर बुरी तरह प्रभावित हुए। इसमें कहा गया कि अधिकांश लोगों ने मालदा में शरण ली थी, लेकिन बेतबोना गांव में पुलिस प्रशासन ने सभी को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया।

### स्थानीय पार्षद की तरफ से निर्देशित किए गए थे हमले

रिपोर्ट में कहा गया, हमले स्थानीय पार्षद की तरफ से निर्देशित किए गए थे, और कहा कि स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय और अनुपस्थित थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए स्थायी बीएसएफ कैंप और केंद्रीय सशस्त्र बल चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोई जवाब नहीं दिया। बेतबोना के ग्रामीण ने शुक्रवार को शाम चार बजे और शनिवार को शाम चार बजे फोन किया, लेकिन पुलिस ने फोन नहीं उठाया। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, एक आदमी गांव में वापस आया और उसने देखा कि किन घरों पर हमला नहीं हुआ है और फिर बदमाशों ने आकर उन घरों में आग लगा दी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बदमाशों ने पानी का कनेक्शन काट दिया ताकि आग को पानी से न बुझाया जा सके। इसमें कहा गया है, बदमाशों ने घर के सभी कपड़ों को मिट्टी के तेल से जला दिया और घर की महिला के पास तन ढकने के लिए कपड़े नहीं थे। रिपोर्ट में हरगोविंद दास और उनके बेटे चंदन दास की हत्या का जिक्र करते हुए कहा गया है, उन्होंने घर का मुख्य दरवाजा तोड़ दिया और उसके बेटे और उसके पति को ले गए और उनकी पीठ पर कुल्हाड़ी से वार किया। एक आदमी तब तक वहां इंतजार कर रहा था जब तक वे मर नहीं गए।

### राहुल और खरगे पर बरसे सुधांशु त्रिवेदी

वहीं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, भारतीय सेना के अप्रतीम शौर्य और पराक्रम का प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर को छुटपुट घटना कहना ना केवल निंदनीय है बल्कि भारत की सेना के शौर्य, पराक्रम और 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का अपमान भी है। इससे पहले भी राहुल गांधी भारतीय विमानों और अन्य चीजों के बारे में अनेक प्रकार की आवांछित और अनर्गल बातें कर चुके हैं... पहले राहुल गांधी और अब मल्लिकार्जुन खरगे के बयान के बाद एक बात बहुत साफ हो गई है कि पिछले कुछ दिनों से इनके (कांग्रेस) गठबंधन के नेताओं के जो बयान आ रहे हैं वह अनायास मुंह से निकले बयान नहीं हैं बल्कि सुविचारित, भारत विरोधी और ... विचारधारा से पोषित होकर आने वाले बयानों की एक श्रृंखला है। मल्लिकार्जुन खरगे का यह बयान ये भी दर्शाता है कि इंडी गठबंधन नाम रख लेने से कोई दिल से भारतीय नहीं हो जाता... इसलिए हम इस बयान को निंदनीय तो मानते ही हैं साथ ही हम कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा भी मानते हैं।

---

**कांग्रेस का केंद्र पर हमला**

## अंतरराष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना पीएम मोदी का एक पीआर स्टंट

नई दिल्ली, एजेंसी

**केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनियाभर को संदेश देने के लिए सर्वदलीय सांसदों को विदेश दौरे पर भेज रही है। इस बात पर सियासत भी तेज हो गई है। जहां कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार के इस कृत्य की आलोचना की है।**

बुधवार को उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतरराष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है। जयराम रमेश ने कहा कि सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है। उन्होंने पूछा कि हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा?

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं। दो बैठकें तो हुईं, लेकिन पीएम उसमें शामिल नहीं हुए। इसके बाद राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम को पत्र लिखकर संसद सत्र बुलाने की मांग की। जयराम रमेश ने कहा कि पाकिस्तान की आतंकवाद को समर्थन देने और उसके चीन के साथ रणनीतिक रिश्तों को संसद में चर्चा का विषय बनाना चाहिए था, लेकिन सरकार ने ध्यान हटाने के लिए जातीय जनगणना और अब ये विदेशी दौरे शुरू कर दिए हैं।

### चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ पर सवाल

जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने चीन और पाकिस्तान की गठजोड़ पर सवाल उठाए हैं। जसवंत सिंह ने जिन्ना की तारीफ की थी। अटल बिहारी वाजपेयी लाहौर बस यात्रा पर गए थे। नरेंद्र मोदी खुद नवाज शरीफ के घर नाश्ता करने गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ सांसदों को विदेश भेजकर ऑपरेशन सिंदूर का प्रचार कर रही है, लेकिन जो असली काम है—आतंकियों को पकड़ना, उस पर ध्यान नहीं दे रही।

### पाक को ऑक्सीजन राहुल नहीं, चीन दे रहा

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आगे भाजपा सांसद संबित पात्रा के बयान पर भी पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी पाकिस्तान तो ऑक्सीजन दे रहे हैं। रमेश ने कहा कि पाहलगाम हमले में जो आतंकी शामिल थे, उन्हें पकड़ो। उन्होंने कहा कि असली सवाल ये है कि पाकिस्तान को ऑक्सीजन किसने दी? चीन ने दी है। पाकिस्तान ये सब चीन की मदद के बिना नहीं कर सकता था।

---

**अभिषेक बनर्जी की विदेश यात्रा पर दिलीप घोष का तंज**

## मुर्शिदाबाद में प्रतिनिधिमंडल भेजे टीएमसी

कोलकाता, एजेंसी

**भाजपा के पूर्व सांसद दिलीप घोष ने टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के ऑपरेशन सिंदूर के तहत सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस फैसले का स्वागत किया, लेकिन एक तीखा तंज भी कस दिया।**

उन्होंने कहा कि पहले टीएमसी इसका बहिष्कार करने वाली थी, लेकिन देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ जो जनमत बना है, उसे देखकर उन्हें लगा कि अगर वे चुप रहे तो राजनीति करना मुश्किल हो जाएगा। घोष ने कहा कि अच्छा है कि वे अब पाकिस्तान के खिलाफ बोल रहे हैं।



घोष ने आगे कहा कि वे चाहते हैं कि टीएमसी एक प्रतिनिधिमंडल मुर्शिदाबाद भी भेजे, जहां हाल ही में हिंसा हुई थी। उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि इस रिपोर्ट में बताया गया है कि मुर्शिदाबाद के बेटबोना गांव में हिंसा के दौरान 113 घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। घोष ने आगे कहा कि लोग मालदा में शरण लिए हुए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें वापस भेज दिया। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि हमलों का नेतृत्व एक स्थानीय पार्षद ने किया और स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही। गांव के लोग अब अपनी सुरक्षा के लिए स्थायी बीएसएफ और केंद्रीय बलों की मांग कर रहे हैं।

### उधर, टीएमसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर

उधर, टीएमसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी को भारत के आतंकवाद विरोधी वैश्विक अभियान में पार्टी का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया है। इसपर भाजपा सांसद और प्रतिनिधिमंडल की सदस्य अपराजिता सारंगी ने कहा कि पीएम मोदी की तरफ से 33 देशों में 7 प्रतिनिधिमंडल भेजना एक सोची-समझी रणनीति है, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भारत का रुख स्पष्ट किया जा सके।

---

## केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची स्टालिन सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। यह याचिका समग्र शिक्षा योजना के तहत 2000 करोड़ से ज्यादा फंड रोके जाने को लेकर है। राज्य सरकार का आरोप है कि उसने नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू नहीं किया, इसलिए केंद्र ने फंड जारी नहीं किया।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि केंद्र सरकार को 2000 करोड़ से ज्यादा की बकाया राशि तत्काल जारी करने का आदेश दिया जाए। इस रकम पर छह फीसदी सालाना ब्याज के साथ भुगतान किया जाए। केंद्र की तरफ से एनईपी लागू करने के बहाने फंड रोकने की कार्रवाई को असंवैधानिक, अवैध, मनमानी और गैर-जिम्मेदाराना घोषित किया जाए।

तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से साफ तौर पर कहा है कि एनईपी 2020 और प्रधानमंत्री श्री स्कूल योजना तमिलनाडु पर बाध्यकारी नहीं हो सकती। केंद्र को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2010 के तहत अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए हर शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत से पहले 60प्रतिशत खर्च की राशि समय पर देनी चाहिए। राज्य सरकार ने यह भी आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति के जरिए हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। राज्य में हिंदी नहीं थोपी जा सकती।

---

**संक्षिप्त समाचार**

### आप सांसद राघव चड्ढा बोले- पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ बने साझा वैश्विक मंच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम हमले के बाद पूरी दुनिया में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर चर्चा हो रही है। भारत ने हर मंच से अपनी बात मजबूती के साथ रखी है और कहा है कि इस तरह के हमलों का करारा जवाब दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने कहा है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को साझा मंच विकसित करना चाहिए जिससे इस तरह के आतंकवाद को पूरी दुनिया में कहीं समर्थन न मिले। उन्होंने यह बात ग्लोबल एशियन लीडरशिप कॉन्फ्रेंस में कहा।



राघव चड्ढा ने मजबूती से भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि पहलगाम हमले में देश ने 26 मासूम निर्दोष नागरिकों को खोया है। इसे किसी भी कीमत पर भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी कैंपों के खिलाफ जो कठोर कार्रवाई की है, उसने एक नया आयाम स्थापित किया है और इस बात की घोषणा कर दी है कि अब किसी भी आतंकी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जैसे शांति के पुजारी हमारे देश के हैं तो सुभाष चंद्र बोस जैसे लोग भी यहीं पैदा हुए हैं। हम अपने ऊपर होने वाले किसी भी हमले का करारा जवाब देना जानते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की एक नई और बदली छवि की वैश्विक स्तर पर घोषणा की है, और इसका आशय यही है कि अब भारत को चोट पहुंचाने वाले को किसी भी आतंकी को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

### तेजस्वी की माई बहिन मान योजना पर कांग्रेस हो गई सवार

#### नंबर जारी कर दिया, रजिस्ट्रेशन भी शुरू

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विपक्षी दलों के महागठबंधन के दोनों प्रमुख दलों में कुछ समय से चल रहे मीठे मुकाबले के बीच कांग्रेस ने बिहार चुनाव के मद्देनजर अपनी तरफ से माई बहिन मान योजना का वादा करते हुए रजिस्ट्रेशन के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है। महागठबंधन का बिहार में अब तक नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने 14 दिसंबर 2024 को ही माई बहिन मान योजना का ऐलान किया था और कहा था कि उनकी सरकार बनने पर महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता राशि मिलेगी। कांग्रेस द्वारा भी उस स्कीम को अपनी तरफ से पेश करने के बाद इस अटकल को और ताकत मिलेगी कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है।

बिहार कांग्रेस दफ्तर में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने योजना का वादा करते हुए कहा कि कांग्रेस शासित कर्नाटक में इस तरह की योजना चल रही है। नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सिर्फ वादा करती है लेकिन कांग्रेस वादे को पूरा करती है। कांग्रेस ने एक ट्वीट करके कहा है कि कर्नाटक के अलावा हिमाचल प्रदेश और झारखंड में भी इस तरह की योजना चल रही है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है जबकि झारखंड में वह हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार में शामिल है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने माई बहिन मान योजना के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 8800023525 भी जारी किया है जिस पर बिहार की महिलाएं मिस्ड कॉल देकर इस योजना के लिए अभी से अपना नाम रजिस्टर कर सकती हैं। योजना का लाभ तभी मिलेगा, जब सरकार बने। लांबा ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि वहां बुजुर्गों और विधवाओं को हर महीने 4000 रुपये की सहायता मिल रही है जबकि बिहार में यह राशि मात्र 400 रुपये है।

---

**गोवा में बोले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़**

## आतंकवादियों ने खुद दुनिया को दिया ऑपरेशन सिंदूर का सबूत

पणजी, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को गोवा के वास्को शहर में मुरमुगांव पोर्ट अथॉरिटी (एमपीए) की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकियों ने खुद ही ऑपरेशन सिंदूर का सबूत पूरी दुनिया को दे दिया है। उन्होंने बताया कि जिन आतंकियों को इस ऑपरेशन में निशाना बनाया गया, उनके ताबूतों को पाकिस्तानी सेना, वहां के राजनेता और आतंकी संगठन खुद ले जा रहे थे।



उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सटीक सैन्य कार्रवाई ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को करारा जवाब दिया। यह एक वैश्विक संदेश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से यह संदेश दिया कि अब आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### आतंकियों को दी गई सजा एक उदाहरण

उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार की गई थी, लेकिन भारत ने अपनी परंपराओं और मूल्यों का ध्यान रखते हुए केवल आतंकियों को ही निशाना बनाया। यह बहुत सुकून देने वाली बात है कि इस हमले में कोई आम नागरिक नहीं मारा गया। यह कार्रवाई भारत की नैतिकता के अनुरूप थी। उन्होंने यह भी कहा कि अब कोई भी इस ऑपरेशन के सबूत नहीं मांग रहा है।

### भारत बन रहा है वैश्विक शक्ति- उपराष्ट्रपति

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने भारत की आर्थिक और सामरिक मजबूती की भी बात की। उन्होंने कहा, भारत आज एक वैश्विक आर्थिक शक्ति और समुद्री ताकत बनकर उभर रहा है। शांति, विकास और स्थिरता के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रति व्यक्ति आय में आठ गुना बढ़ोतरी की ज़रूरत है। और इसके लिए शांति अनिवार्य है। उपराष्ट्रपति ने कहा, जब तक हमारे पास सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और देश के प्रति प्रतिबद्धता नहीं होगी, तब तक शांति नहीं आ सकती।

---

**एशियाई देशों के लिए सर्वदलीय सांसद दल रवाना**

## संजय झा बोले- आतंक के सहारे जिंदा है पाकिस्तान

नई दिल्ली, एजेंसी

**जदयू सांसद संजय कुमार झा की अगुवाई में एक सर्वदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलयेशिया और सिंगापुर की यात्रा के लिए बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिबद्धता को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करना है।**

इन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले संजय कुमार झा ने कहा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल इन देशों में जाकर दुनिया को यह बताना चाहता है कि पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे जिंदा है और भारत इसके खिलाफ मजबूती से लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत की विदेश नीति और वैश्विक कूटनीति का अहम हिस्सा है।



### भारत अब आतंकवाद सहन नहीं करेगा

जदयू सांसद ने कहा कि अब पाकिस्तान के न्यूक्लियर ब्लफ से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि हम ये स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि अब बहुत हो गया, भारत अब आतंकवाद सहन नहीं करेगा। इसके साथ ही सिंधु जल संधि पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 1960 में जब संधि हुई थी, तो मान लिया गया था कि भारत-पाकिस्तान में सौहार्दपूर्ण संबंध रहेंगे, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

बता दें कि इस प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं, जिनमें भाजपा सांसद प्रदन बरूआ, बृज लाल, डॉ. हेमांग जोशी और अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास और पूर्व राजदूत मोहन कुमार हैं।

### हमारा काम सच्चाई सामने लाना

यात्रा पर रवाना होने से पहले संजय झा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात संसदीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे हैं। हमारा दल जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवाद कोई अलग समूह नहीं, बल्कि उसकी राज्य नीति है और हमारा काम है कि हम ये सच्चाई पूरी दुनिया को बताएं।

---

**अब विजय वडेट्टीवार के बिगड़े बोल, कहा-**

## 15 हजार के ड्रोन मारने के लिए दागी 15 लाख की मिसाइल

नागपुर, एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राजनीतिक घमासान लगातार जारी है। कांग्रेस की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर विवादित बयान दिए जा रहे हैं। अब महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने नागपुर में कहा कि भारत ने पाकिस्तान के 15 हजार के ड्रोन को मार गिराने के लिए 15 लाख रुपये की मिसाइल दागी। इस पर सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए।



कांग्रेस नेता ने कहा कि पाकिस्तान ने 5,000 चीन निर्मित ड्रोन लॉन्च किए। हर ड्रोन की कीमत 15,000 रुपये थी। 15,000 रुपये के ड्रोन को नष्ट करने के लिए हमने 15 लाख रुपये की मिसाइलें लॉन्च कीं। यह चीन की रणनीति का एक हिस्सा था। चर्चा यह भी है कि हमारे 3-4 राफेल जेट मार गिराए गए। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए। वडेट्टीवार ने कहा कि अगर कोई यह पूछ रहा है कि युद्ध छोटा या बड़ा, कितना नुकसान हुआ, क्या अमेरिका के कहने पर संघर्ष विराम हुआ तो इसमें गलत क्या है? जनता को जानने का हक है कि ऑपरेशन सिंदूर में क्या निर्णय लिए गए? कितना खर्च हुआ और उसका क्या नतीजा रहा। इस पर सरकार को जवाब देने की जरूरत है।

---

**मुंबई से दिल्ली तक लगा जोर, कैसे निकाय चुनाव में बन सकता है मास्टरस्ट्रोक**

## कैबिनेट में छगन भुजबल शामिल होने पर महायुति को मिलेगा फायदा!

मुंबई, एजेंसी

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल की एक बार फिर महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल में वापसी हो गई है। उन्होंने 20 मई को पद की शपथ ले ली। 77 वर्षीय यह नेता महाराष्ट्र की राजनीति में ओबीसी समुदाय का प्रमुख चेहरा माने जाते हैं और पूर्व कैबिनेट मंत्री और उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।**

हालांकि, महायुति सरकार के बीते साल सत्ता में आने के बाद उन्हें मंत्रिमंडल में जगह न मिलना अपने आप में कौतूहल का विषय बन गया। इसे लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा का बाजार भी गर्म रहा।



हालांकि, अब भुजबल को महाराष्ट्र कैबिनेट में शामिल किए जाने के बाद भी सियासी जगत में सवाल पूछे जाने जारी हैं। मसलन, धनंजय मुंडे का इस्तीफा मार्च में ही हो गया था, इसके बाद से खाली पड़े मंत्रिपद को भरने को लेकर कई नामों पर चर्चा हुई।

छगन भुजबल के महाराष्ट्र के मंत्रिमंडल से जुड़ने में देरी की बड़ी वजह अजित पवार से उनका मनमुटाव रहा। बीच में अटकलें थीं कि छगन भुजबल आगे देवेंद्र फडणवीस के साथ जा सकते हैं। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। देवेंद्र फडणवीस की तरफ से उन्हें समझाए जाने की चर्चाएं भी सामने आईं। बीते दिनों में छगन भुजबल की जो अजित पवार से दूरियां कम हुई हैं, उसकी असल वजह देवेंद्र फडणवीस हैं। क्योंकि पिछले कुछ दिनों से देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार और छगन भुजबल के बीच बातें हो रही थीं।

### किसने लगाई मुंबई से दिल्ली की दौड़?

देवेंद्र फडणवीस छगन भुजबल को कैबिनेट में लेने के लिए तैयार थी, लेकिन अजित पवार इसमें आनाकानी कर रहे थे, क्योंकि दोनों में कुछ विवाद हो गए थे। ऊपर से भुजबल के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे थे। हालांकि, देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें (अजित पवार को) समझाया। इसके बाद फडणवीस की दिल्ली में अमित शाह से बात हुई और शाह की तरफ से भुजबल को कैबिनेट में शामिल करने का ग्रीन सिग्नल मिल गया। छगन भुजबल जब कैबिनेट मंत्री बन गए, तब देवेंद्र फडणवीस ने बयान दिया है कि वे ओबीसी के बहुत बड़े चेहरे हैं और समाज को इस वक्त इस तरह के चेहरे की जरूरत है। फडणवीस का समाज से सीधा मतलब महायुति सरकार से था। दरअसल, धनंजय मुंडे, जो कि बड़ा ओबीसी चेहरा थे, वह मंत्रिमंडल से बाहर हो चुके थे। ऐसे में महायुति को एक ऐसे ओबीसी चेहरे की जरूरत थी, जो सिर्फ राज्य में ही नहीं देश में भी जाना-माना चेहरा हो। इससे भाजपा को महाराष्ट्र ही नहीं पूरे देश में फायदा मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### चरक अस्पताल में सुरक्षा के लिए बाउंसर तैनात



**उज्जैन, निप्र ( विनय उजाला )।** बुधवार को चरक में सुरक्षा का ठेका संचालित करने वाली कंपनी ने डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा के लिए बाउंसर तैनात किये है। मामले में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ अजय दिवाकर ने बताया की अस्पताल की सुरक्षा का ठेका संचालित करने वाली फर्म से कुछ बाउंसर उपलब्ध करवाने के आदेश दिए थे। इसके बाद ठेका संचालित करने वाली फर्म ने बुधवार से बाउंसर उपलब्ध करवा दिए है। बतादें की सोमवार देर रात चरक अस्पताल में एक बालिका के परिजनों ने हंगामा कर तोड़फोड़ की थी। इस दौरान परिजनों ने सही इलाज न होने का आरोप लगाया और 5 से 7 युवकों ने अस्पताल में तोड़फोड़ शुरू कर दी थी। आरोपियों ने काउंटर से सरकारी कागजात फेंके और मुख्य द्वार व आईसीयू के गेट का कांच तोड़ दिया। आईसीयू में रखे चिकित्सा उपकरणों को भी नुकसान पहुंचाया। इस दौरान एक डॉक्टर और नर्स को चोटें आईं। मामले में सिविल सर्जन डॉ. अजय दिवाकर ने भी कड़ी नाराजगी जताई थी। इसके बाद इसके बाद मंगलवार सुबह डॉक्टरों और नर्सों ने कुछ समय के लिए काम बंद कर हड़ताल भी की थी और सुरक्षा की मांग की थी।

### जलभराव की समस्या का होगा निदान 1 करोड 70 लाख की लागत से हो रहा नाले का निर्माण

**उज्जैन, निप्र ( विनय उजाला )।** नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा वीर दुर्गा दास छत्री से जूना सोमवारिया बस्ती तक राशि रुपए लगभग एक करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से 308 मीटर लंबाई एवं 03 मीटर गहराई के नाले का निर्माण किया गया है उक्त नाले के बनने से बस्ती के साथ साथ केडी गेट, गौतम मार्ग होते हुए पत्ती बाजार क्षेत्र में जल भराव की समस्या का निराकरण होगा जिससे बारिश का पानी सीधा एरण के नाले से होते हुए वीर दुर्गादास छत्री के समीप बनाए गए नाले में मिलेगा। नाला निर्माण अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्क्रीनिंग जालियां लगाई गई है जहां से नाले में बहकर आने वाले कचरे को अलग किया जाएगा और पीएचई के स्टॉप डेम से होते हुए उक्त नाले का पानी चक्रतीर्थ पर टाटा द्वारा बनाए गए बड़े चेंबर से होते हुए सीधा सुरासा स्थित निगम के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचेगा साथ ही उक्त नाले को क्षिप्रा में मिलने से रोकने के लिए वीर दुर्गादास छत्री के पास पीएचई विभाग का पंप हाउस भी बना हुआ है जिसमें उक्त नाले के पानी को ट्रीट करते हुए सदावल भेजा जाएगा इस प्रकार किसी भी स्थिति में उक्त नाले का पानी शिप्रा में नहीं मिलेगा। निर्माण कार्य झोनल अधिकारी श्री डीएस परिहार, एवं उपयंत्री श्री प्रवीण वाडिया के नियंत्रण में किया गया।

### सीबीएसई की दसवीं कक्षा में मनुश्री ने पाया सर्वोच्च स्थान



**नागदा जं. निप्र ( विनय उजाला )।** बड़े गर्व की बात है कि नागदा शहर में आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा मनुश्री भंडारी को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। इस बेहतरीन प्रदर्शन से मनुश्री ने नागदा शहर एवं उज्जैन जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्हें गणित एवं एआई विषय में 100 में से 100 अंक, सामाजिक विज्ञान में 99 अंक एवं विज्ञान में 98 अंक प्राप्त हुए है। मनुश्री ने बताया कि अपनी लगन और मेहनत के अलावा उसकी इस सफलता में उनकी माता डॉ. रीति भंडारी, नाना-नानी, प्रिंसिपल एवं अध्यापकगणो का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस प्रकार सफल प्रदर्शन कर एवं उज्जैन जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मनुश्री को परिवारजनो, विद्यालय प्रबंधन एवं ईष्ट मित्रो ने बधाई दी है एवं उज्वल भविष्य की कामना की है।

### शासकीय गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने की मांग

**नागदा जं. निप्र ( विनय उजाला )।** किसान संघर्ष समिति व समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष कमलेश परमार ने वर्धमान नगर मेहतवास की 100 बीघा शासकीय गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है। जिसके लिये उज्जैन कलेक्टर एवं तहसीलदार नागदा को पत्र लिखा है। परमार ने बताया कि मेहतवास बिरलाग्राम में वर्धमान नगर मेहतवास में शासकीय गोचर भूमि जिसका हल्का नंबर 16 सर्वे नंबर 186, 192, 193 है तथा जो गायो के चरने एवं आराम करने के लिये आरक्षित है। परन्तु उक्त भूमि पर बाहर से आकर लोगो ने मकान बनाकर कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया गया है यहां तक कि कुछ लोगो ने उक्त गोचर भूमि पर मूर्ति स्थापना कर एक बड़े क्षेत्र पर बाउण्ड्री बनाकर कब्जा कर लिया है। इसके साथ ही कुछ लोगो ने ईंट भट्टे से लेकर बड़े-बड़े भवन बनाने का कार्य व भू माफिया ने भी शासकीय गोचर भूमि पर कब्जा कर रखा है। परन्तु शासन का ध्यान इस ओर नहीं होने से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद है। करीब 100 बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा है। परमार ने बताया कि वर्ष 2004 में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा उक्त गोचर भूमि को अतिक्रमणकारियो से मुक्त भी कराया था परन्तु पुन: वही लोग वापस आकर भूमि पर मकान बनाकर कब्जा कर लिया है। एक तरफ तो सरकार जहां गोचर भूमि के लिये गांवो में अनुदान देकर गायो की रक्षा करने का संकल्प लेती है वहीं सरकार में बैठे लोग ही शासकीय गोचर भूमि पर कब्जा जमाकर बैठे है।

### आज कालिदास अकादमी में नाट्य एवं व्याख्यान का आयोजन

**उज्जैन, निप्र ( विनय उजाला )।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी उपलक्ष्य पर मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं प्रयास बहुउद्देशीय सामाजिक संस्था द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर महानाट्य, कवि सम्मेलन एवं व्याख्यान का प्रदेश के विभिन्न जिलों में सायं 6.30 बजे से संयोजन किया जा रहा है। जिसमें देवी अहिल्याबाई होलकर महानाट्य अटल बिहारी मल्टीआर्ट सभागार, ग्वालियर में 24 मई को, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय सभागार, नर्मदापुरम में 26 मई एवं लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, बैतूल में 28 मई को प्रस्तुति दी जायेगी। नाट्य का लेखन डॉ. साधना बालवटे, भोपाल एवं निर्देशन श्रीमती प्रियंका शक्ति ठाकुर द्वारा किया गया है। उज्जैन जिले में 22 मई को अभिरंग नाट्य सभागार, कालिदास संस्कृत अकादमी में नारी सशक्तिकरण और देवी अहिल्याबाई विषय पर वक्ता- श्री गोविन्द गंधे, निदेशक, कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन का व्याख्यान एवं महानाट्य की प्रस्तुति का संयोजन किया जा रहा है। जिसमें नेतृत्व कौशल एवं सामाजिक जिम्मेदारी विषय पर वक्ता- श्री श्रीपाद जोशी, अध्येता, उज्जैन और देवी अहिल्याबाई के जीवन में पंच परिवर्तन की भूमिका पर वक्ता- प्रो. शैलेन्द्र शर्मा, कुलानुशासक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन विचार प्रस्तुत करेंगे। व्याख्यान में अध्यक्षता ङ्क डॉ.अर्पण भारद्वाज, कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा एवं संचालन- डॉ. प्रीति पाण्डेय, उज्जैन द्वारा किया जायेगा। 23 मई को सायं 6.30 बजे से नगर पालिका हॉल, महिदपुर, उज्जैन में महिला रचनाकारों की आंचलिक कविता पर एकाग्र कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डॉ. प्रेरणा ठाकरे, नीमच, सुश्री संगीता नाग, उज्जैन, सुश्री निशा पंडित, उज्जैन, सुश्री सीमा देवेंद्र जोशी, उज्जैन, सुश्री वाणी जोशी, इंदौर एवं सुश्री दीपिका व्यास, धार अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ करेंगी।

# सौतेली मां ने रस्सी से घोंट दिया नाबालिग का गला

## मामूली बात को लेकर हुआ था विवाद, पुलिस के आने के पहले कर दिया था अंतिम संस्कार

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। सौतेली मां ने नाबालिग बेटी का गला घोंट कर हत्या कर दी। यही नहीं इस घटना को सामान्य मौत दिखाकर अंतिम संस्कार भी कर दिया। यह घटना 11 मई की बताई जा रही है। लेकिन पुलिस को जब मासूम की हुई संदिग्ध मौत और परिवार द्वारा अंतिम संस्कार किये जाने की जानकारी लगी।**

इस पर पुलिस ने माता-पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिसिया पूछताछ में यह बात सामने आई की मासूम को उसकी सौतेली मां ने ही मामूली बात पर बकरी बांधने की रस्सी से गला दबाकर मारा था। इसके बात जब नाबालिक के पिता घर पहुँचा तो उसने भी साक्ष्य छुपाने के लिये अंतिम संस्कार कर दिया था।

मामले की जानकारी देते हुए माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि 11 मई की शाम को खबर मिली थी कि ग्राम रावणखेड़ी में रहने वाली मधु पिता बालाराम उर्फ बालू पंवार 10 वर्ष की संदिग्ध हालत में मौत हुई है। उसके गले पर रस्सी जैसे निशान थे। पुलिस रावणखेड़ी पहुंची लेकिन मासूम का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था। इस घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारी एएसपी पल्लवी शुक्ला और एसडीओपी भविष्य भास्कर को अवगत कराया गया और जांच के लिये एफएसएल टीम बुलाई गई। साथ ही अपराध क्रमांक 205/25 धारा 103(1), 238(क), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। मासूम के अवशेष जप्त किये गये और जांच के लिये फारेंसिक लेब भेजे गये। पूछताछ के दौरान गांव के एक युवक ने कुछ फोटो-वीडियो उपलब्ध कराये थे, जो मृतका मधु के थे। जिसमें उसके गले पर निशान होना प्रतीत हो रहे थे। इसी आधार पर अंतिम संस्कार करने वाले परिजनों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया। जिसमें सामने आया कि मृतक मधु की मां संगीताबाई सगी मां नहीं है। उसके पिता ने दूसरी शादी की थी। संगीता और मधु के बीच आये दिन विवाद होता था। घटना वाले दिन चाय बनाने पर विवाद हुआ था। जिसके बाद संगीता मधु को पीछे बाड़े में ले गई थी, जहां बकरियों को बांधा जाता है। संगीता ने बकरी बांधने की रस्सी से मधु का गला घोंटकर हत्या कर दी। बालाराम के आने पर उसे पत्नी द्वारा हत्या का पता चला तो उसने पुलिस को सूचना देने के बजाय पत्नी को बचाने के प्रयास में साक्ष्य छुपाते हुए अपनी बेटी का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी राजपूत के अनुसार संगीता और बालाराम के बयान से हत्या का 9 दिन बाद खुलासा हो गया।



### बालाराम ने किया था दूसरा विवाह

बताया जा रहा है की बालाराम की पहली शादी सुमन से हुई थी। दोनों के तीन बच्चे हुए थे। जिसमें निशा, गोपाल और मधु सबसे छोटी थी। 10 साल पहले सुमन का निधन हो गया था। जिसके बाद बालाराम ने संगीता से शादी कर ली थी। संगीता के पति का निधन हो चुका था, उसकी भी एक बेटी काजल थी। संगीता और बालाराम ने एक-दूसरे से दूसरा विवाह कर लिया। दोनों के चार बच्चे साथ रहने लगे। इस बीच बालाराम ने अपनी बड़ी बेटी निशा और संगीता ने अपनी बेटी काजल की शादी कर दी। घर में गोपाल और मधु रह गये थे, लेकिन मधु और संगीता में आये दिन विवाद होने लगा था। विवाद के चलते ही संगीता ने मधु की हत्या को अंजाम दे दिया।

### बेटी ने खोला राज

सूत्रों के अनुसार पुलिस मधु की मौत की गुत्थी सुलझाने में लगी थी, लेकिन संगीता और बालाराम पुलिस पूछताछ में नहीं टूट रहे थे। पुलिस ने घर में मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की। संगीता के पहले पति की बेटी काजल डिलेवरी के लिये घर आई हुई थी। पुलिस ने काजल से पूछताछ शुरू की, जिसके बाद काजल ने बताया कि मां और मधु के बीच विवाद हुआ था, मां उसे पीछे ले गई थी, जहां रस्सी से गला दबाकर मार दिया। बेटी से मिली जानकारी के बाद दोनों पति-पत्नी टूट गये और हत्या के साथ साक्ष्य छुपाना कबूल कर लिया।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

पुलिस ने मामले का खुलासा होने पर हत्या में प्रयुक्त रस्सी और मृतक मधु के पकड़ने बरामद करने का प्रयास किया। बालाराम ने बताया कि जिस रस्सी से गला घोंटा था, उसे घर के पीछे जमीन में गाढ़ दिया है। कपड़े जला दिये थे। पुलिस ने रस्सी बरामद की है। पूरे मामले का खुलासा करने में थाना प्रभारी के साथ एसआई मंशाराम चौधरी, हुकुमसिंह सोलंकी, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश, आरक्षक राजेन्द्र, जितेन्द्र, भारतसिंह, कुंदनसिंह और सैनिक बहादूर, मांगीलाल की भूमिका रही।



## विधायक एवं महापौर ने किया डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत जोन क्रमांक 2 अंतर्गत आने वाले वार्डों में राशि रुपए लगभग 3 करोड़ की लागत से डामरीकरण का कार्य होना है जिसके क्रम में बुधवार को वार्ड क्रमांक 7 अंतर्गत राशि रुपए 12 लाख की लागत से मंडी गेट से फल मंडी चौराहा तक डामरीकरण कार्य करवाया जाना है जिसका भूमि पूजन विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद एवं जोन अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाह, मंडल अध्यक्ष विक्रम ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा वार्डों में डामरीकरण कार्य, सीमेंट कंक्रीट हेतु राशि स्वीकृत की गई है जिसके क्रम में जोन क्रमांक 02 अंतर्गत आने वाले 10 वार्डों में राशि रुपए लगभग 3 करोड़ की लागत से डामरीकरण कार्य संपन्न होगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, पार्षद गजेंद्र हिरवे, राजेश बाथम, पंकज चौधरी, नगर उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल, अशोक केथवास, अंबा शंकर गहलोत एवं क्षेत्र के नागरिकगण उपस्थित रहे।

## साधु-संतों के साथ मारपीट व अर्नगल टिप्पणी करने वाले पर प्रकरण दर्ज

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** विगत कुछ दिनो पुर्व सोशल मीडिया व फेसबुक पर जैन साधु के साथ जोधपुर निवासी कल्पेश संघवी जिन रक्षा समिति संयोजक द्वारा मारपीट करते हुवे एक वीडियो वायरल हुआ था। उक्त साधु के साथ मारपीट वालें विडियो को देखने के बाद जैन समाज व हिंदू समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त था। उक्त विडियो में बिना किसी ठोस सबूत के साधु के साथ कल्पेश संघवी मारपीट कर रहा था। कल्पेश संघवी के इस कृत्य की सोशल मीडिया पर बहुत ही आलोचना की गयी थी। आमजनों ने उक्त फेसबुक पोस्ट पर कमेंटस के माध्यम से कड़े शब्दों के साथ विरोध दर्ज कराया था। साथ ही झलकों जयपुर यु ट्यूब चैनल पर समस्त जैन समाज के लोगों के बारे में गलत आक्षेप व अभ्रद टिप्पणी की गयी थी। उक्त झलकों चैनल के इंटरव्यू से जैन समाज व साधु-संतों आचार्यों की भावना में आहत हुई थी।

उसी विडियो के आधर पर दिनांक 17-5-2025 को नागदा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता बकुलेश जैन ओरा ने पुलिस थाना नागदा में एक लिखित शिकायत मय प्रमाणों के साथ की थी। उक्त आवेदन पर मामले की गंभीरता को देखते हुए नागदा पुलिस के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चौहान के द्वारा 196, 353(2), 299 में कल्पेश संघवी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### आखिर कौन है ये कल्पेश संघवी

जोधपुर निवासी कल्पेश संघवी जिन रक्षा समिति के नाम से एक सामाजिक संगठन चलाता है। उक्त सामाजिक संगठन के नाम पर झुठे आरोप लगाकर ब्लैकमेलिंग करता है व जैन समाजजनों को डराना धमकाता है। साथ ही जो इसका विरोध करता हे उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर गाली गलौज कर दबाने का प्रयास करता है। इसी के साथ कल्पेश संघवी के उपर राजस्थान में अन्य जगहों पर भी विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध है। इस पर जालोर राजस्थान में दिनांक 2-7-2023 को एफआईआर क्रं..259 में इसको भी अन्य लोगों के साथ आरोपी बनाते हुवे 294, 295, 295- l, 499, 5001, 502, 503, 506, 120-ठ धाराओं में प्रकरण जालोर पुलिस ने पंजीबद्ध किया जा चुका है। इसी प्रकार बालोतरा राजस्थान में 13-32024 शांतिलाल घेवरचंद ने कल्पेश संघवी पर बालोतरा पुलिस ने भी एफआईआर क्रं-0109 में 395- l,384, 502,504,505 इन धाराओं में भी प्रकरण पंजीबद्ध किया हुआ है।

## सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** भारतीय मजदूर संघ नागदा नगर द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में निर्दोष भारतीयों की हत्या करने के बाद जवाबी कार्रवाई में भारतीय सैनिकों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैकड़ो आतंकवादियों को मार कर पाकिस्तान को तहस-नहस करने वाले जांबाज भारतीय सैनिकों के सम्मान में भारतीय मजदूर संघ द्वारा तिरंगा यात्रा मंगलवार को निकाली गई जो बिरला ग्राम चौराहे से प्रारंभ होकर मंडी क्षेत्र कन्या शाला चौराहा थाना चौराहा होते हुए बाल हनुमान मंदिर पर पहुंची। जहां पर भारतीय मजदूर संघ का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें भारतीय मजदूर संघ के प्रयासों से उद्योगों में कार्य कर रहे श्रमिकों को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषित 86 रुपए प्रतिदिन वेतन वृद्धि का भुगतान 10 माह के एरियर सहित हुआ। जिससे खुश होकर उद्योगों के श्रमिकों द्वारा भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश कामगार बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुल्तान सिंह शेखावत, विभाग प्रमुख कृष्णा सिंह तंवर, अशोक गुर्जर, रामलाल पंडया, किशन सिंह शेखावत, महेश नायर, अनिल दुबे, मोहब्बत सिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार सिसोदिया ने किया एवं आभार जिला मंत्री करण सिंह शेखावत ने माना।




## महाकाल मंदिर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा रोड पर रखे अवैध सामान को किया जब्त

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** बुधवार को नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग एवं महाकाल थाना पुलिस द्वारा महाकाल मंदिर क्षेत्र के आसपास दुकानों पर संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए दुकानों के बाहर तक रखे सामान को जप्त करने की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा अतिक्रमण गैंग के समस्त गैंग प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि शहर में अवैध अतिक्रमण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा विशेष कर महाकाल मंदिर क्षेत्र के आसपास अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही निरंतर की जाए महाकाल मंदिर क्षेत्र पर प्रतिदिन हजारों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं साथ ही आवागमन भी अवरुद्ध होता है इसलिए महाकाल मंदिर क्षेत्र पर निरंतर रूप से अतिक्रमण हटाई जाने की कार्यवाही की जाए जिसके क्रम में बुधवार को महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल, गैंग प्रभारी मनीष बाली द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए सख्ती से अतिक्रमण हटाया गया।

### फ्रीगंज क्षेत्र में पोर्च खाली करवाते हुए बंद पड़े सब्जी के ठेलों को किया जब्त

**उज्जैन, निप्र (विनय उजाला)।** आयुक्त आशीष पाठक के निर्देशानुसार नगर निगम अतिक्रमण अमले द्वारा फ्रीगंज क्षेत्र में नागरिकों के चलने हेतु बनाए गए पोर्च को खाली किये जाने की कार्यवाही की जा रही है जिसके क्रम में बुधवार को फ्रीगंज सब्जी मण्डी में कार्यवाही करते हुए बंद पड़े ठेलों को जप्त करते हुए, पोर्च में लगे फल एवं सब्जी के ठेलों को हटाया गया साथ ही मार्ग में बाधक टेंट, बरसाती इत्यादि को भी हटाए जाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। निगम अमले द्वारा समस्त फल एवं सब्जी विक्रताओं को निर्देशित किया गया है कि अपना व्यवसाय नियमो का पालन करते हुए करें, बेवजह मार्गो पर टेंट, बरसाती इत्यादि लगाकर मार्गो को बाधित ना करें, पोर्च नागरिकों के चलने के लिए है उस पर अतिक्रमण ना करें अन्यथा निगम द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगा।

### महारानी की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में हो रहे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# पुण्यश्लोका अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। भारतीय जनता पार्टी इन दिनों महारानी अहिल्याबाई की 300 वी जयंती का पखवाड़ा मना रही है इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम पार्टी द्वारा आयोजित किया जा रहे हैं।**

इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय लोकशक्ति भवन में महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन वृत पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल की उपस्थिति में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा एवं महापौर मुकेश टटवाल ने किया।

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने बताया कि 21 मई बुधवार को भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने मंदिरों के जीर्णोद्धार के माध्यम से देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और धार्मिक चेतना का संरक्षण-संवर्धन किया था।



### महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे पीएम मोदी

अनिल जैन ने कहा कि जिस तरह से 300 वर्ष पहले देवी अहिल्याबाई ने महेश्वरी साड़ियों के माध्यम से बहनों के सशक्तीकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए थे, वैसे ही कार्य हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं और उन्होंने लाखों बहनों को लखपति दीदी बनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। इससे पूर्व कार्यक्रम को नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल व महापौर मुकेश टटवाल ने संबोधित कर लोकमाता अहिल्या बाई होलकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इसी दौरान उपस्थित जनों ने लोकमाता अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में रवि सोलंकी, ओम जैन, डॉ प्रभुलाल जाटवा, कार्यक्रम संयोजक उमेश सेंगर, सह संयोजक प्रमिला यादव, जगदीश पांचाल, मुकेश यादव, आनंदसिंह खींची, अनिल शिंदे, मीना जोनवाल, राकेश पंड्या, प्रियंका सेंगर, सोनल जोशी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा, नगरवासियों के साथ सीआईएसएफ जवान और प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी भी हुए शामिल

# 51 फीट लंबा तिरंगा लेकर चल रहे आर्मी रिटायर्ड जवान बने आकर्षण का केंद्र



आश्रम के संत - महात्मा भी तिरंगा यात्रा में हुए शामिल





विनय उजाला

**बड़वाह, निप्र।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिखाए गये अदम्य साहस और पराक्रम को सम्मान देने के उद्देश्य से बुधवार सुबह नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा थाम भारत मां के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान हो गया। यात्रा में भारी संख्या में नगरवासियों के साथ विधायक सचिन बिरला भी शामिल हुए । यह तिरंगा यात्रा सुबह 8=30 बजे सीआईएसएफ गेट से शुरू हुई। जो झंडा चौक,एमजी रोड़ होते हुए जय स्तंभ चौराहे पर पहुंची। जहा शहीद स्मारक पर विधायक श्री बिरला और नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने माल्यार्पण की ।जबकि संत-महंत एवं पूर्व सैनिको के साथ बड़ी सख्या में नगरवासियो ने भारत माता की जय के नारे लगाए । यात्रा का मुस्लिम समाज सहित विभिन्न सगठनो,सभी समुदाय के लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

तिरंगा यात्रा में 51 फिट लंबा राष्ट्रीय ध्वज लिए चल रहे उत्साही नगरवासी यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे। तिरंगा यात्रा के दौरान खुली जीप पर भारत माता के स्वरूप में पार्षद रजनी भंडारी तिरंगा लहरा रही थी। सड़कों पर एक साथ लहराते सैकड़ो तिरंगों का अद्भुत नज़ारा देखते ही बन रहा था। तिरंगा यात्रा के दौरान सबसे आगे स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस की टीम चल रहीं थीं। नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद आमजन में भारतीय सेना के प्रति मन में सम्मान बढ़ गया। यात्रा में हर जाति हर धर्म और हर राजनीतिक पार्टी के लोगों ने हिस्सा लेकर सेना के सम्मान में यह यात्रा निकाली। सुबह 8:30 बजे सीआईएसएफ गेट पर बड़ी संख्या में नगरवासी एकत्रित हुए थे। जहा संत-महात्मा और पूर्व सैनिको का नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता,भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता,मंडल महामंत्री महेंद्र अमई सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार से स्वागत कर यात्रा प्रारंभ की। यात्रा में जगदगुरु माउली सरकार,टाटमबरी सरकार,महंत रोहित दास जी,महंत सुंदर भारती,महंत विजय दास जी सहित अन्य संत-महंत मोजूद थे। सबसे आगे बोहरा समाज का बैंड यात्रा का प्रतिनिधितव कर रहा था। स्थानीय महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी के विद्यार्थी, महिलाओं की टोली, एसडीएम सत्यनरायण दर्रे, एसडीओपी अर्चना रावत, टीआई बलराम राठौड़ सहित अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, पुलिसकर्मी भी यात्रा में शामिल हुए।

**नपा प्रांगण में आयोजित सम्मान समाहरों में किया स्वागत :** यात्रा के समापन के बाद नगर पालिका प्रागण में बने भव्य टिन शेड में पूर्व सैनिको का विधायक, नपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियो ने स्वागत किया।अंत में भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने आभार माना। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री महिम ठाकुर,जितेंद्र सुराणा, रवि एरण, मिक्की चौहान, अर्जुन केवट, अनिल राय सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मोजूद थे।

### देश की सेना ने पाकिस्तान को दिया करारा जवाब

विधायक सचिन बिरला ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र किया। उन्होंने देश के वीर जवानों के शौर्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के बहादुर सैनिकों ने अपनी वीरता के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के उन्मूलन का पर्याय बना दिया। ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और राष्ट्र सम्मान की पुनर्स्थापना का संकल्प है। यह तिरंगा यात्राएं न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि हैं,बल्कि पूरे देश को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि देश की सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि भारतीय सेना के साहस ने ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन को परास्त किया। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों की वजह से हर नागरिक सुरक्षित महसूस करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### समीक्षा बैठक में जल संरक्षण पर कलेक्टर ने दिया जोर



**हरसूद, निप्र।** बुधवार सुबह 11 बजे के लगभग पॉलीटेक्निक महाविद्यालय हरसूद में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋषभ गुप्ता द्वारा समस्त विभागों के कार्यो की समीक्षा की गई तथा पंचायत सचिवों से 11 बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं खेत मेड पर पौधा रोपण, कपिलधारा, बोरीबंधान आदि कार्यो की समीक्षा की गई। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, बोरी बंधान, पौधा रोपण, मछली पालन, जल जीवन मिषन, जलकर वसूली, पानी की बर्बादी रोकने, पंचायत द्वारा धारा 92 का उपयोग करने सहित 11 बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पंचायत सचिव रजाक खान ने कहा कि लोग सीएम हेल्पलाईन पर झूठी षिकायत कर परेषान करते है। जिस पर कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने कहा कि झूठी ष्किायतों पर कार्रवाई नहीं होती है। उससे डरने की आवष्यकता नहीं है तथा अपने काम समय सीमा में पूर्ण करें। समीक्षा बैठक में हरसूद एसडीएम पुरूषोत्तम कुमार, तहसीलदार संगीता मेहतो, सीएमओ मोनिका पारधी, सीईओ अरविंद पाटीदार सहित बडी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं पंचायत सचिव मौजूद थे। समीक्षा बैठक दोपहर ढाई बजे तक चली।

### ग्राम सेल्दामाल में घर के बाहर सो रहे 4 से पांच लोगों को एक कुत्ते ने काटा



**हरसूद, निप्र।** आवारा कुत्तों का आंतक नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी छाया हुआ है। जहां एक ओर आवारा कुत्तों से नगर के नागरिक परेषान है, वहीं दूसरी ओर इस समस्या से ग्रामीण भी परेषान है। मंगलवार रात में समीपस्थ ग्राम सेल्दामाल में अपने-अपने घरों के बाहर सो रहे 4 से पांच लोगों को आवारा कुत्ते ने अपना निषाना बनाया। जिसके कारण ग्रामीणों को अपना उपचार कराने के लिए बुधवार सुबह हरसूद अस्पताल आना पडा। ग्राम सेल्दामाल के षिवम कटारे ने बताया कि रात में मैं घर के बाहर सो रहा था तभी एक कुत्ते ने काट लिया। षिवम ने बताया कि मेरे अलावा 3-4 अन्य लोगों को भी रात 11 बजे से 2 बजे के मध्य एक कुत्ते ने काटा है।

## रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग पद्धति से करें जल का संग्रहण : कलेक्टर

### कार्य में लापरवाही करने पर दो उपयंत्रियों को नोटिस जारी

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता द्वारा बुधवार को जनपद पंचायत हरसूद में समस्त विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरसूद, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उद्यानिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला एवं सांख्यिकी विभाग से अधिकारी व कर्मचारी एवं उपयंत्री, एपीओ, शाखा प्रभारी समस्त जनपद पंचायत, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक आदि उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं, रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग पद्धति, चेक डेम, वृक्षारोपण, कपिलधारा, स्कूलों में पानी की सुविधा, जल जीवन मिशन, पेयजल, खाद्यान्न वितरण की स्थिति, आंगनवाड़ियों की स्थिति, समग्र ई-केवाईसी, जल गंगा संवर्धन अभियान आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता द्वारा ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण हेतु मनरेगा योजनान्तर्गत रूफवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोत बढ़ाये जाने हेतु जल जीवन मिशन अंतर्गत बोरवेल पर रिचार्ज पिट 10 दिवस में निर्माण किए जाए एवं सभी पंचायतों में जल बचाने के लिए चेकडेम पर बोरी बंधान का कार्य किया जाये । उन्होंने वृक्षारोपण के लिए उपयंत्री को अपने क्षेत्रान्तर्गत 05 जगहों का चिन्हांकन एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि माह दिसम्बर 2025 तक पानी रुकने वाले तालाबों में मछली पालन किए जाने हेतु तालाबों का चिन्हांकन किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय भवनों में नल कनेक्शन लिए जाएं।

## ओंकारेश्वर में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर की गई चालानी कार्रवाई

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता द्वारा पवित्र नगरी ओंकारेश्वर में सिंगल यूज प्लास्टिक 1 अप्रैल से प्रतिबंधित किया गया है, जिसका व्यापक रूप से प्रचार प्रसार नगर परिषद ओंकारेश्वर के द्वारा किया जा रहा है।

साथ ही समय-समय पर पॉलिथीन जप्ती की कार्रवाई की जाती रही है। तत्पश्चात भी नगर के व्यवसाइयों द्वारा आदेश की अवेहलना कर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। सीएमओ श्री संजय गीते ने बताया कि बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुनासा श्री शिवम प्रजापति ने नगर परिषद अमले के साथ नगर में भ्रमण किया, जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक की थैली में परमल, दोना, पत्तल एवं 500 एम.एल. से कम कोल्डड्रिंक की बोतल जप्त कर चालानी कार्रवाई की गई। इसके तहत पंकज पिता सुरेश जोशी पर 20 हजार रूपये, संतोष पिता भागवत गिरी ( गोस्वामी स्वीट्स ) पर 20 हजार रूपये, जितेंद्र पिता किशोर सिंह पर 6600 रूपये, नरेंद्र पिता रामदयाल शर्मा पर 6600 रूपये एवं श्री मंगेश पिता स्वर्गीय नारायण केवट पर 600 रूपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार कुल चालानी कार्रवाई 53 हजार 800 रूपये की गई।

## पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की आदरांजलि

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** देश में कम्प्यूटर क्रांति के सूत्रधार, आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथी पर आज बुधवार को खरगोन में पंचायत राज जिला खरगोन ईकाई द्वारा उनकी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर खरगोन के पूर्व विधायक परसराम डंडीर, मिर्जा हबीब बेग, जगदीश वानखेडे, दिलीप श्रीमाली, सुरेश चंदेल, पप्पू गौर एवं संजय पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक परराम डंडीर ने स्व. राजीव गांधी का स्मरण करते हुए कहा उनके द्वारा देश में पंचायती राज के माध्यम से जन जन को एक सूत्र में बांधा और कृषि एवं ग्रामीण व्यवस्था के सुधार की नींव रखी । स्व. राजीव जी ने दूरसंचार और कम्प्यूटर क्रांति की नींव रखी। जिसने देश को आधुनिक और शक्ति संपन्न बनाया। उनकी दूरदृष्टि और समावेशी विकास की सोच ने देश की उन्नति को एक नई दिशा प्रदान की। आज उनकी पुण्यतिथी पर हम सभी उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।





### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसरावद द्वारा स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसरावद द्वारा कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में आज 21 मई को स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथी पर उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की। स्व. राजीव गांधी को याद करते हुए राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि उनकी दूरदृष्टि और अंतिम कतार तक प्रगति और उन्नति की योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान कर शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और संचार सेवाओं में क्रांति आई। उनके अमूल्य योगदान को देशवासी सदैव याद रखेंगें। इस अवसर पर कसरावद नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह यादव, अनिल यादव, डॉ. शिरिष जायसवाल, इंदर सिंह राठौर, अजय मण्डलोई, विनोद नामदेव, पार्षद सईद हेडली, रईस कुरैशी, इम्तियाज खान, परमानंद खेड़े, भगवान सोलंकी, फिरोज खॉन, सुनील प्रजापत, नवीन रायली उपस्थित थे।

## कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने 3 अनावेदकों से भरवाया बंधपत्र

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर तीन अनावेदकों से बंधपत्र भरवाने के आदेश जारी किए हैं।**

जारी आदेश अनुसार अनावेदक शुभम उर्फ मंगल पिता पंढरी पटेल निवासी संजय नगर, थाना पदमनगर, अनावेदक महेश पिता दगडू नायक निवासी संजय नगर, थाना पदमनगर एवं अनावेदक अशोक पिता बिसन वास्कले, निवासी ग्राम जिल्हार, थाना मांधाता, खंडवा से 1 वर्ष की अवधि के लिए बंधपत्र भरवाने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार अनावेदक शुभम उर्फ मंगल पिता पंढरी पटेल निवासी संजय नगर, थाना पदमनगर, खंडवा के विरुद्ध आपराधिक एवं समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने, अश्लील गालियां देकर मारपीट करने, तोड़फोड़ करने ,नुकसान करने तथा प्राणघातक हमला कर जान से मारने की धमकी देने, अवैध हथियार रखने, सट्टा खेलने खिलाने एवं शांति प्रशांति भंग करने जैसे आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होने पर पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर 1 वर्ष की अवधि के लिए बंधपत्र भरवाया गया।

इसी तरह अनावेदक अशोक पिता बिसन वास्कले, निवासी ग्राम जिल्हार, थाना मांधाता, खंडवा के विरुद्ध आपराधिक एवं समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त होकर अश्लील गालियाँ देने, लड़ाई झगड़ा करने, जान से मारने की धमकी देने, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने, छेड़छाड़ करने, अवैध शराब विक्रय करने, लोगों की भूमियों पर अवैध रूप से कब्जा करने की नियत से लड़ाई झगड़ा करने, प्राणघातक हमला करने एवं शांति प्रशांति को भंग करने जैसे आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होने पर पुलिस अधीक्षक के प्रस्ताव पर 1 वर्ष की अवधि के लिए बंधपत्र भरवाया गया है।

## नियमित रुप से करें बच्चों का फॉलोअप : जिला स्वास्थ्य अधिकारी

**खण्डवा, निप्र।** शहरी क्षेत्र खंडवा के सुपरवाइजर, एएनएम एवं महिला एवं बाल विकास के सीडीपीओं व सुपरवाइजर की बैठक सी.एम.एच.ओ. कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौषल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भूषण बांडे द्वारा ली गई। बैठक में उन्होंने कहा कि कम वजन वाले एवं कुपोषित बच्चों के माता-पिता को समझाइश दी जाकर शत-प्रतिशत भर्ती कराया जाए। 14 दिन बाद डिस्चार्ज होने पर उनका फॉलोअप भी किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केन्द्रों में कम वजन वाले बच्चों को प्रोटोकॉल अनुसार एनआरसी में आशा, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता व सुपरवाइजर द्वारा भर्ती करवाया जाए। सी-सेम व मेम वाले बच्चों की नियमित रुप से निगरानी रखी जाये व उनकी माताओं को पोषण आहार के संबंध में समझाइश दी जाये।

## क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को कराया अवगत

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** बुधवार को समीक्षा बैठक में हरसूद पहुंचे कलेक्टर ऋषभ गुप्ता को विधायक प्रतिनिधि कमल खंडेलवाल एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम पंवार ने पुनर्वास स्थल नया हरसूद सहित क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि पुनर्वास स्थल पर स्थित प्लाटों के नामांतरण, बंटवारा एवं फोती नामांतरण नहीं होने से प्रधानमंत्री आवास की सुविधा नहीं मिल रही है। पुनर्वास स्थल पर कई वर्षों बाद रजिस्ट्री प्रारंभ हो पाई है, लेकिन नामांतरण, बंटवारा एवं फोती नामांतरण नहीं होने से प्रधानमंत्री आवास की सुविधा नहीं मिल रही है।



**सुधार कार्य नहीं हुआ प्रारंभ :** विधायक प्रतिनिधि कमल खंडेलवाल एवं राम पंवार ने बताया कि हरसूद उदवहन सिंचाई परियोजना में कैबिनेट मंत्री डॉ कुंवर विजय षाह द्वारा समीक्षा बैठक में कलेक्टर के द्वारा समिति का गठन किया था जिसकी रिपोर्ट समिति द्वारा पेष की जा चुकी है। लेकिन सुधार कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। वर्षाकाल प्रारंभ होने पर सुधार कार्य नहीं हो पाएगा।

**रूपारेल नदी ब्रिज पर वर्षाकाल में भर जाता है पानी :** ग्राम बरूड में रूपारेल नदी ब्रिज पर वर्षाकाल में बैकवाटर भर जाता है जिसके चलते मार्ग बंद होने की आषंका बनी रहती है। रूपारेल नदी ब्रिज का कार्य स्वीकृत है, लेकिन कार्य पूर्ण नहीं होने से गत वर्ष की तरह मार्ग बंद होने की आषंका बनी हुई। उक्त कार्य पूर्ण करने हेतु संबंधित को निर्देषित करने की मांग कलेक्टर से की गई है।

**विभिन्न वार्डो में प्रधानमंत्री आवास को लेकर आ रही समस्या:** विधायक प्रतिनिधि एवं मंडल अध्यक्ष ने बताया कि नया हरसूद-छनेरा के वार्ड क्रमांक 8, 11, 12, 13 एवं 14 में आबादी भूमि के पटटों पर भी प्रधानमंत्री आवास में फेज 4 में समस्या आ रही है। जिसका निराकरण करने की मांग विधायक प्रतिनिधि कमल खंडेलवाल एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम पंवार ने कलेक्टर ऋषभ गुप्ता से की है।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# सोयाबीन में मांग बढ़ी

**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का ) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी ) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो )** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### रेत उत्खनन, परिवहन पर कारवाही कर टैक्टर जप्त किया




**बाकानेर, निप्र।** पुलिस चौकी बाकानेर द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर की जा रही है लगातार कार्रवाई। एसडीओपी मनावर श्रीमती अनु बेनीवाल (भा. पु .से.) के मार्गदर्शन में बाकानेर पुलिस द्वारा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोतपुर में अवैध रेत का परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा तथा उस पर कार्रवाई की गई। उक्त सराहनीय कार्य में चौकी प्रभारी अश्विन चौहान, स.उ.नि गोरेलाल शुक्ला, प्रधान आरक्षक दयाराम चौहान, आरक्षक जितेंद्र जमकर, आरक्षक अनिल सोलंकी, राकेश कन्नौज, महिला आरक्षक फुलवंती परदेसी विशेष योगदान रहा। ग्रामीणों ने मांग की है, की रेत खनन,परिवहन, ग्राम रतवा,ग्राम मलंगांव ग्राम उरधना, ग्राम पैर खड्डु में लगभग प्रतिदिन ,रात होता है ऐसे में पुलिस चौकी बाकानेर का स्टाफ भी बढ़ाया जाय ओर स्थाई रेत जांच चौकी बनाई जाय,जिससे रेत अवैध खनन,ओर परिवहन पर रोक लगेगा।

### कुमारी हर्षिता रावत को सुयश



**बाकानेर (सैयद रिजवान अली)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी हाई स्कूल परिक्षा परिणाम मे देहली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल धामनोद की छात्रा कुमारी हर्षिता रावत ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की, हर्षिता ने यह सफलता बिना कोचिंग के सेल्फ स्टडी कर प्राप्त की एवं सफलता का श्रेय अपने गुरुजन, माता पिता का मोटिवेशन तथा अपनी कड़ी मेहनत को दिया है, हर्षिता ने बताया कि वह भविष्य मे डॉक्टर बनकर दीन दुखियों की सेवा करना चाहती है, हर्षिता के मम्मी और पापा दोनो (श्रीमती मंगला रावत एवं हुकुम चंद रावत) सिविल हॉस्पिटल मनावर में लेब टेक्नीशियन पद पर कार्यरत हैं। हर्षिता की सफलता पर मित्रों, परिजनों, सगे संबंधियों एवं गुरुजनो ने उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई प्रेषित की है।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकताओं ने दी श्रध्दांजलि



**पेटलावद, निप्र।** 21 मई को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि थी। पेटलावद कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई। एवं। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही स्व श्रो गांधी के आदर्शों को याद किया इस अवसर जनपद सदस्य नाराण भाई ताड ,जीवन ठाकुर, प्रभात जी श्रीवास्तव ,मोहन मेडा, गोपाल परमार ,नाथू परमार, विक्रम चावड़ा, देवेंद्र सोलंकी, राजू वसुनिया, गोबा मुनिया, कैलाश निनामा, तेर सिंह पारगी, गोलू हांमड ,कपिल ठाकुर, जगदीश जानीआदि कांगेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### केला भरा हुआ मिनी ट्रक पेड़ से टकराया



**धामनोद, निप्र।** समीप खलबुजुर्ग मराल फैक्ट्री मेन गेट के सामने बुधवार सुबह पांच बजे एक मिनी ट्रक क्रमांक RJ 20 GC 4451 अनियंत्रित होकर रोड के पास पेड से टकरा गया जिसमे ट्रक चालक आशीष को सामान्य चोट आई बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया ट्रक के क्लीनर शुभम सोनी ने बताया कि सामने चल रहे कंटेनर ने अचानक ब्रेक लगा दिए उससे बचने के लिए हमारा ट्रक अनियंत्रित हो गया और पेड़ से टकरा गया ट्रक महाराष्ट्र से केला भर कर जयपुर जा रहा था।

### डही, बड़दा, धरमराय, अराड़ा में सिकल सेल परीक्षण शिविर आयोजित हुआ



**डही, निप्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डही, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़दा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धरमराय एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र अराड़ा में बुधवार को सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सिकल सेल मरीजों के ब्लड सेम्पल एवं न्यूमोकोकोल वेक्सीन हेतु शिविर आयोजित किया गया। ताकि भविष्य में उन्हे शासन स्तर पर मिलने वाली सहायता समय पर प्रदाय हो सके। उक्त शिविर में बीएमओ डा. अहरवाल सहित एमओ डॉ. रामसिंह इकवाले अराड़ा, एमओ डॉ. राहुल रावत धरमराय, एमओ डॉ. हिना डावर बड़दा, बीपीएम अर्चना जमरा, बीसीएम आनंद मुवेल, प्रभारी बीईई कन्हैयालाल भावसार तथा समस्त मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टॉफ, आशा पर्यवेक्षक तथा आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ऑपरेशन सिंदूर एवं सेना के प्रति आभार हेतु तिरंगा यात्रा का आयोजन



**धामनोद, निप्र।** 22 अप्रैल को पहलगाम में निर्दोष 26 हिंदुओं की धर्म पूछ कर हत्या करने के मामले में भारत सरकार एवं तीनों सेनाओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के आतंकवादी शिविरों एवं आतंकियों को नष्ट करने के अभियान को लेकर उनके आभार स्वरूप धामनोद नगर में देशभक्त नागरिकों द्वारा जनता जिन परिसर से लेकर पुराने बस स्टैंड तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं क्षेत्र के हर वर्ग हर धर्म के आमजन, व्यापारी बंधुओ, बड़ी संख्या में मातृशक्ति, विभिन्न सामाजिक संगठनों नगर व्यापारी संघ, यात्रा के आगे डीजे पर देशभक्ति के गीत एवं साथ में बग्घी में भारत माता की झांकी एवं घोड़े पर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के वेश में सजकर कन्याए चल रही थी अंत में पुराना बस स्टैंड पर राजेश पारिक, विजय नामदेव एवं मनोज नाहर ने संबोधित किया। भारत माता की आरती एवं राष्ट्रगान के साथ तिरंगा यात्रा का समापन हुआ आभार प्रदर्शन राकेश पटेल द्वारा किया गया।

# प्राकृतिक को सहेजना हमारा कर्तव्य है : मंत्री पटेल

विनय उजाला





**अलीराजपुर, निप्र। हम सभी प्रकृति को किसी न किसी न रूप में अपनी जरूरतों के हिसाब से उपयोग करते है , लेकिन बदले में प्रकृति को देना भूल जाते है यह बात समाधि स्थल पर आयोजित पंच सरपंच सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कही।**

उन्होने सम्मेलन को संबोधित करते हुए आगे कहा कि जल गंगा संवर्धन के माध्यम से हम अपनी प्राकृतिक स्त्रोत सहेज के रख सकते चाहे वो जल स्त्रोत के माध्यम ही क्यो न हो , जल गंगा संवर्धन का मुख्य उद्देश्य ही अपने आस पास के जल स्त्रोतो का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार करना है ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बन सके , और उन्हें भी प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण करना के लिए प्रेरणा मिल सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत को आत्मनिर्भर बनना चाहिए ताकि आप अपने क्षेत्र का ओर अधिक विकास कर सके । धरती आबा योजना के तहत गांवों में सड़क, पानी, बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं का विस्तार किया जाना चाहिए और ऐसी कार्ययोजना तैयार करना चाहिए जिससे पंचायत का राजस्व प्राप्त हो और वहां के निवासियों को रोजगार उपलब्ध हो सके । शासन द्वारा राज्य की ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाना और ग्रामीण विकास को गति देने के लिए प्रदेश के सरपंचों को प्रशासनिक स्वीकृति अब 15 लाख की बजाय 25 लाख की गई है। जिससे वह अपनी ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य और अधिक कर अपनी ग्राम पंचायत का आत्मनिर्भर बना सके। शासन द्वारा ग्रामीण महिलाओं के समूह बनाकर ऋण देकर लखपति दीदी बनाकर महिला सशक्तिकरण को गति दी जा रही है। इस दौरान उन्होंने महू की लखपति दीदी का परिचय करवाते हुए कहा कि आप लोगो को भी अपने खुद का व्यवसाय का विस्तार कर अपने क्षेत्र और अपने परिवार का उत्थान करें । उन्होंने बताया कि प्रदेश में जल स्त्रोतों का बढ़ाने के लिए सॉफ्टवेयर का निर्माण किया गया है, सॉफ्टवेयर के माध्यम से तालाब निर्माण के दौरान भूमि का चयन करना आसान होगा, इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से तालाब निर्माण के पूर्व ही हमें यह पता रहेगा कि पानी का संरक्षण हो पाएगा या नहीं। इस दौरान उन्होंने बताया कि कैबिनेट बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया है कि किसी भी व्यक्ति की दुर्घटना के दौरान उसकी मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार की राशि शासन द्वारा दी जाएगी। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में 11 सौ से अधिक पंचायत भवनों का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक पंचायत भवन की नवीन डिजाइन अनुसार यह 3 मंजिला होगी जिसके लिए 47 लाख भी स्वीकृत किए जाएंगे। उन्होंने उपस्थित सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत भवन विहीन पंचायत अपने अपने क्षेत्र में पंचायत भवन का निर्माण करने के लिए कार्ययोजना तैयार करें ।

इस दौरान पंचायत मंत्री श्री प्रहलाद पटेल एवं कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने मनरेगा योजना के तहत अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य की राशि 2.93 करोड़, खेत तालाब निर्माण कार्य की राशि 20.39 करोड़ एवं बोरवेल रिचार्ज कार्य की राशि 8.09 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास किया । इस दौरान कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर सिंह , भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मकू परवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जयपाल खरत, जनपद सदस्य श्रीमती सुनिता चौहान, श्री शरमी पचाया, जनप्रतिनिधि श्री गिरिराज मोदी, श्री विशाल रावत , श्री इंदर सिंह चौहान, श्री भदू पचाया, सहित बड़ी संख्या में पंच सरपंच एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

### फलिया सड़क से विकास को मिलेगी गति : मंत्री चौहान

इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के कृषकों को सिंचाई के लिए नर्मदा सिंचाई योजना लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है , शेष गांवों को भी जल्द ही मॉं नर्मदा का पानी उपलब्ध हो सकेगा जिससे आप लोग अतिरिक्त फसल के साथ साथ शुद्ध पेयजल प्राप्त कर सकेंगे । आने वाले समय में जिले की प्रत्येक ग्राम के प्रत्येक घरों में नल जल योजना का लाभ मिलेगा । इस दौरान उन्होंने बताया कि जिले में फलिया सड़क से संबंधित सभी समस्याओं से पंचायत मंत्री श्री पटेल को अवगत कराया गया है , जल्द ही जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में फलिया सड़क का निर्माण किया जाएगा । जिससे ग्रामीण क्षेत्र के निवासी एवं क्षेत्र का ओर अधिक विकास संभव हो सकेगा ।

# समर कैंप में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को लेना चाहिए भाग : खण्ड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र ओझा

मनोज पुरोहित

### संस्कारित समर कैंप का हुआ समापन



**पेटलावद।** शिक्षा विभाग भोपाल एवं झाबुआ जिला कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार जनपद पंचायत पेटलावद के अंतर्गत आने वाली शासकीय पीएम श्री स्कूल झकनावदा में 21 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया।

इस 21 दिवसीय समर कैंप में शिक्षा विभाग की इस पहल का उद्देश्य छात्र-छात्राओं का शारीरिक और मानसिक विकास करना है। कैंप में प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक योग के अलावा अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया । इसके साथ ही योग फिटनेस दौड़ लोक नृत्य की प्रस्तुति, समूह में क्षेत्रीय नृत्य का अभ्यास, पारंपरिक परिधान दिवस, लोक कथाएं सुनाना, प्रसिद्ध लोककथाओं का अभिनय, हस्तशिल्प कला मिट्टी कागज से पारंपरिक वस्तुएँ बनाना, वरिष्ठ नागरिकों से संवाद, डिजिटल कौशल और स्मार्ट कक्षा गतिविधियां, स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाई की जानकारी,पौधारोपण और उनकी टैगिंग, पुस्तकालय गतिविधियों ओर समूह पठन सत्र आदि के बारे में छात्रों को जानकारियां दी गई।

**समर कैंप में सहभागियों को किया गया पुरस्कृत :** 21 मई को संस्कारित समर कैंप का समापन आयोजन आयोजित किया गया जहां प्रबुद्धजनों में जनपद उपाध्यक्ष देवकुंवर पडियार व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़ एवं छात्र छात्राओं ने समर कैंप को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किए इसके साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र ओझा ने भी समर कैंप के उद्देश्य एवं उसके महत्व को समझाया। तो वहीं समर कैंप में सहभागियों ने बताया कि इस प्रकार के कैंप आयोजित होते रहना चाहिए जिससे हमको शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों के बार में भी जानकारियां प्राप्त हो सके। आयोजन में उपस्थित अतिथि श्रीमती देवकुंवर पडियार,मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़, पलक संघ अध्यक्ष फकीरचंद माली, शिक्षा विभाग बीईओ ने संस्कारित समर कैंप में सहभागी छात्र छात्राओं को समर कैंप प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ से प्राचार्य रमेश कुमार चौरसिया,कार्यक्रम प्रभारी दिनेश बघेल,कैलाश कटारा, लक्ष्मी चौधरी, यशपाल घटिया,ललिता बरफा,आरती मिस्त्री, मोनू सोलंकी, हर्षिता चोयल, सुरेश प्रजापत, नारायणदास बैरागी,संचालन शत्रुघ्न मालवीय ने किया आभार हेमेंद्र कुमार जोशी ने माना। आयोजन पश्चात संकुल द्वारा अतिथियों एवं छात्र छात्राओं का सहभोज का आयोजन भी किया गया।

## आज बाग में निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा, भारतीय सेना के पराक्रम को नमन कर कृतज्ञता प्रकट करेंगे

विनय उजाला




**बाग, निप्र।** ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व ऐतिहासिक सफलता में देश की सेना के अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम, और बलिदान को नमन करने एवम भारतीय सेवा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बाग में देशभक्त, जिम्मेदार, जागरूक नागरिकों द्वारा भव्य विराट तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा को भव्यतम रूप देने की व्यापक तैयारियां की गई है।

जानकारी अनुसार आज शाम को चार बजे जबरेश्वर मंदिर से तिरंगा यात्रा की शुरुआत होगी। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में राष्ट्रप्रेमी जन तिरंगा लेकर देशभक्ति के जयकारों के साथ शामिल होंगे। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा । तिरंगा यात्रा के समापन विजय स्तंभ चौराहे पर होगा। यहां पर देश की तीनों सेनाओं के पराक्रम पर गर्व प्रकट करते हुए देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बलि देने वाले भारत माता के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

बुधवार शाम को नगर में एक बाइक रैली निकाली गई और देशभक्त नागरिकों को तिरंगा यात्रा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया गया है। तिरंगा यात्रा को लेकर लोगो में अपार उत्साह देखा जा रहा है।

## नशा जान का दुश्मन युवा इससे दूर रहे कॉमेडियन राजू दा गोपाल दा

मुकेश सोडानी



**धामनोद।** यो जो नसों है नी लोग ना की जान को दुश्मन है इकि गिरफ्त म जो भी आयो नी उनकानका घर बार बिकी गया हमक़ानक मालूम पड़ी कि धामनोद में नशा मुक्ति केंद्र खुली गयो है तो हम आज देखवा के लिए यंहा आया यह शब्द थे मालवा निमाड़ के मशहूर इंस्टाग्राम फेसबुक कॉमेडियन राजू दा और गोपाल दा के उनके साथ बाल कमेडियन तनिष्क भी था वह नगर के समर्पण नशा मुक्ति केंद्र पर आए थे वहां पर उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र की संचालन कर्ता अंकित तायल दिव्या तायल व आयुष गोयल से चर्चा की वह नशा मुक्ति केंद्र का जायजा लिया।

**नशा जान का दुश्मन इससे बचकर रहे :** मीडिया से चर्चा के दौरान राजू दा गोपाल दा ने बताया कि नशा जान का दुश्मन है लोग इससे दूर रहे हमने नशे में कई घर बर्बाद होते हुए देखे हैं नशे से स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ होता है नशे की गिरफ्त में आने के बाद व्यक्ति आर्थिक ओर मानसिक रूप से भी परेशान होता है नगर की नशा मुक्ति केंद्र धामनोद में नशा छुड़वाया जा रहा है निमाड़ क्षेत्र के लिए ऐसी संस्था का संचालन होना गौरव की बात है।

### नशा मुक्ति पर बना रहे रील जल्द सोशल मीडिया पर आएगी

नशा मुक्ति पर राजू दा और गोपाल दा एक रील बना रहे हैं जो इंस्टाग्राम फेसबुक व सोशल मीडिया पर वायरल होगी उन्होंने बताया कि हमारा आने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को यह प्रेरणा देना है कि नशे की लत से दूर रहे नशा चाहे किसी भी प्रकार का हो इसका सेवन न करें उल्लेखनीय है की मशहूर कॉमेडियन राजू दा और गोपाल दा के इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लाखों फॉलोअर्स है नगर में नशा मुक्ति केंद्र पर वह जो रील बना रहे हैं उससे नशे के दुष्परिणाम वह लोगों के सामने लाएंगे।

**भीषड़ एवं उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना हुआ मुहाल**

## सड़कों पर पसरा सन्नाटा, जरुरत के हिसाब से ही लोग निकल रहे हैं बहार

विनय उजाला



**बाग, निप्र।** बढ़ते तापमान के चलते भीषण एवं उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना हुआ मुहाल सुबह से लेकर शामतक लोग गर्मी का सामना कर रहे हैं । इन दिनों मई माह की गर्मी अपने पुरे शबाब पर है तेज धूप के साथ उतनी ही तेज तपन के चलते सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है। उमस भरी गर्मी के चलते लोग बेवजह बहार निकलने की भी नहीं सोच रहे हैं। जरुरत के हिसाब से ही लोग बहार आवाजाही कर रहे हैं। गर्मी का जोर इतना है कि सुबह से ही अपना रुप दिखाने लग जाती है ओर ये दोपहर तक ओर तेज होकर लोगों को पंखे कुलर एसी के हवाले कर देती है। उसी के सामने बैठकर लोग राहत की सांस इस गर्मी में ले रहे हैं। गर्मी से बचने के लोग बहार निकलने से पहले गमछे रुमाल टोपी चश्मे लगाकर निकल रहे हैं। सुरज का तापमान उसके निकले से लेकर अस्त होने तक रहता हे। साथ ही मोसम बदले मिजाज से कभी ठंडी हवा भी इस गर्मी में लोगों को राहत देती हे। मगर यह थोड़े ही देर की होती उसके बाद फिर गर्मी का प्रकोप जारी हो जाता है।

### शीतल पेय की दूकानों पर बड़ी ग्राहकी

इस गर्मी के बढ़ते तेवर को देखते हुए शीतल पेय की दुकानो पर भी ग्राहकों को भिड़ देखी जा रही हो। लोग इस भीषण ओर प्रचंड गर्मी से बचने के लिए ज्सयू आइस्क्रीम कुल्फी कोल्डड्रिंक वगेहरा का सेवन कर गले को राहत दे रहे हैं। वहीं कुलर पंखों की बिक्री भी बाजार में बड़ी है।

# बच्चों को सिखाए जा रहे जीवन कौशल, कला और संस्कृति के गहरे मूल्य

विनय उजाला



**डही/कुक्षी, निप्र। विकासखंड डही और कुक्षी में संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के तहत जनजातीय बच्चों का समग्र विकास हो रहा है।**

इसी के अंतर्गत जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कुक्षी विकासखंड में स्थित बारहमासी छात्रावासों में दो माह की अवधि का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य न केवल बच्चों को रचनात्मक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना है, बल्कि उन्हें प्रकृति, संस्कृति और आत्मविकास के प्रति जागरूक करते हुए आत्मनिर्भर बनाना भी है।

यह शिविर आदिवासी बालक आश्रम कुक्षी एवं आदिवासी कन्या आश्रम कुंडारा में संचालित किया जा रहा है। जहां छात्रावास अधीक्षक वीरेंद्र सोलंकी एवं मोना चौहान बच्चों को विविध गतिविधियों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को न केवल अकादमिक विषयों से परे जीवन कौशल सिखाए जा रहे हैं, बल्कि उन्हें समाज और पर्यावरण के प्रति भी संवेदनशील बनाया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को बीजों की महत्ता, अंकुरण प्रक्रिया एवं जैव विविधता की जानकारी दी जा रही है। जिससे वे खेती, बागवानी और पारंपरिक कृषि पद्धतियों को समझ सके। जल, वन और भूमि जैसे संसाधनों की रक्षा हेतु बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत पर्यावरण संरक्षण से जुड़े छोटे-छोटे अभ्यास कराए जा रहे हैं। पारंपरिक कलाओं जैसे मिट्टी के बर्तन बनाना, बाँस कला, चित्रकला आदि का प्रशिक्षण देकर बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भाषा अभिव्यक्ति, सोचने की क्षमता एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु बच्चों को कहानी लेखन, कविता लेखन और संवाद लेखन का अभ्यास करवाया जा रहा है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने हेतु प्रतिदिन योग व ध्यान सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही खेलों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना और अनुशासन का विकास किया जा रहा है। बच्चों को मानसिक मजबूती, आत्म-विश्वास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराया जा रहा है। उन्हें समाज और पर्यावरण के प्रति भी संवेदनशील बनाया जा रहा है।

इस संदर्भ में कुक्षी विकासखंड की कार्यक्रम प्रबंधक संध्या राजपुरोहित ने बताया? आज के समय में बच्चों का केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। उन्हें जीवन जीने की कला, समाज के साथ तालमेल, और अपनी जड़ों से जुड़े रहना भी आना चाहिए। यही कारण है कि इस शिविर में बच्चों को ऐसे प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, जो उन्हें एक सजग नागरिक, संवेदनशील इंसान और आत्मनिर्भर व्यक्ति के रूप में तैयार करें। उन्होंने कहा कि आदिवासी अंचल में ऐसे कार्यक्रम बच्चों को सृजनशीलता, आत्मबल और नेतृत्व क्षमता प्रदान करते हैं, जो उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

बच्चों में इन गतिविधियों को लेकर गहरी रुचि देखी जा रही है और वे उत्साह के साथ हर सत्र में भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण शिविर बच्चों को उनकी लोक संस्कृति, परंपराओं, और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का बोध कराने में एक सेतु का कार्य कर रहा है। जब बच्चे अपनी जड़ों से जुड़ते हैं, तो वे अपने जीवन को भी बेहतर दिशा दे पाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फंदे में मादा तेंदुए के फसाने वाले आरोपीयो की तलाश शुरू

**कसरावद, निप्र।** नर्मदा तट के अमलाथा क्षेत्र के नहारखेडी पुनर्वास स्थल के पास जंगल में शिकारी के द्वारा फैलाए गए फंदे में मादा तेंदुआ का पैर फंस गया था उसके बाद किसानों ने वन विभाग को सूचना दी विभाग ने इंदौर स्थित रालामंडल के माध्यम से रेस्क्यू कर देर रात बड़वाह क्षेत्र के घने जंगल में सुरक्षित रूप से मादा तेदूए को छोड़ा गया है। रेंजर सचिन सयदे ने बताया देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया है। ढेड से दो वर्ष की मादा तेदूए का चिकित्सक परिक्षण कराया। पंचनामा बनाया। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। जाँच जारी है। बता दे कि पिछले महिनों मथलाय गांव में तेंदुए का स्थिति इसी तरह शिकारी के फंदे में उलझी स्थिति में थी जिसका रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा उसके बाद इंदौर खरगोन वन विभाग के माध्यम से डाग स्क्वायड बुलाया गया। आसपास के गांव में सर्चिंग अभियान चलाया लेकिन अभी तक आरोपी वन विभाग की गिरफ्त से दूर है।

### ऊन पुलिस ने भुले भटके नौ वर्षीय बालक को उसके परिजनों से मिलाया



**खरगोन, निप्र।** ऊन पुलिस ने नौ वर्षीय सकुशल उसके परिजनों से मिलाया। ज्ञातव्य रहे कि राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 112/100 भोपाल पर सूचना मिली कि खरगोन जिले के ऊन थाना क्षेत्र में रसगाँव के पास का नौ वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है । सूचना पर तत्काल ऊन थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/10 स्टाफ आरक्षक कृष्णा मण्डलोई एवं पायलेट शाहरुख द्वारा मौके पर पहुँचकर बालक को संरक्षण में लिया गया। दरअसल बालक राजपुर (बड़वानी) का रहने वाला था । बालक के परिजन से सम्पर्क कर उन्हें सेगांव चौकी बुलाया गया। परिजन के आ जाने के बाद बालक द्वारा पहचान और सत्यापन उपरांत उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

### मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमला कौल द्वारा शहर के विकास कार्यो को लेकर बैठक आयोजित की गई

**खरगोन, निप्र।** नगर पालिका परिषद खरगोन की मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमला कौल द्वारा नगरपालिका परिषद् सभाग्रह में बैठक का आयोजित की गई, जिसमें ठेकेदार सहित नगरपालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमला कौल द्वारा शहर के विकास कार्यों को लेकर के ठेकेदारों से औपचारिक चर्चा की गई।

### मदरसा बोर्ड शिक्षा सत्र-2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 मई से 30 जून 2025 तक

**खरगोन, निप्र।** राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा शिक्षा सत्र 2025-26 में मदरसा मान्यता नवीनीकरण के ऑन लाईन आवेदन करने की सुविधा एम.पी. ऑन लाईन के अधिकृत पोर्टल पर 23 मई से 30 जून 2025 तक के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें वर्ष 2025 तक मान्यता प्राप्त सामान्य मदरसों के अतिरिक्त वर्ष 2022 तक मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए यह अंतिम अवसर है। इसके बाद ऐसे मदरसों की मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन करने की पात्रता समाप्त कर दी जायेगी। ऑन लाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सर्कुलर एवं अभिलेखों की विस्तृत जानकारी मदरसा बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट www.mpmb.org.in पर एवं एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल पर मदरसा-बोर्ड पेज पर उपलब्ध कराई गई है। सचिव, मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड ने कहा है कि मान्यता प्राप्त मदरसों में निर्धारित तिथियों में आवेदन करना सुनिश्चित करें एवं आवेदन की एक प्रति समस्त दस्तावेजों के साथ अविलम्ब बोर्ड में भेजना एवं एक प्रति अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

### शिक्षकों को लीडरशीप कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया

**खरगोन, निप्र।** मप्र राज्य आनन्द संस्थान द्वारा डाइट परिसर में 20 मई को शिक्षकों के लीडरशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम में भौतिक संसाधन कुछ पल सुख देते हैं, संतुष्टी के भाव तथा दूसरों की निस्वार्थ मदद कर जीवन को आनंद मय बनायें यह बातें आनन्द विभाग के सत्र के दौरान जिला समन्वयक के.बी .मंसारे ने कही। जिला समन्वयक के.बी.मंसारे ने आनन्द संस्थान का परिचय दिया। सत्र की शुरूआत में स्वयं के आनन्द और तनाव मुक्त जीवन जीने तथा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने के लिए विधियों से परिचित कराया। अल्प विराम, आनन्द उत्सव, आनन्द सभा, आनंदम शिविर, आनंदम केंद्र, आनन्द क्लब गठन की जानकारी दी। शांत समय से स्वयं अनुभव कराया गया। मनोरंजक गतिविधियों के साथ ही स्वयं के जीवन की घटनाओं के उदाहरण बताए। प्रतिभागियों ने महसूस किया कि मानव में अहं, नफरत, लालच, बुराई, जलन के भाव, भ्रष्टाचार, क्रोध से जीवन तनावमय रहता है। खुद का खुद से संपर्क करें।

# प्रभारी मंत्री डॉ. टेटवाल का पहली बार नगर आगमन हुआ और प्रभारी मंत्री ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया





विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि प्रभारी मंत्री दोपहर 2 बजे स्थानीय भाजपा कार्यालय पहुचे जहां जिला अध्यक्ष अजय यादव एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया।**

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने भाजपा कार्यालय पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 वी जयंती के अवसर पर भव्य प्रदर्शनी का फीता खोलकर उद्घाटन कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया पश्चात भाजपा कार्यालय के सभागृह में भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन कर दीप प्रज्वलित कर जिला पदाधिकारियो व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक का शुभारंभ किया।

आगे उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होती है, में आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं विधानसभा, मण्डल, ओर उसके बाद बूथ स्तर तक पहुचकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का प्रयास करूंगा तथा जिले में जहां-जहां पार्टी कमजोर है वहा कार्यकर्ताओ के साथ पार्टी को मजबूत कर आगामी विधानसभा चुनाव में चारो सीट जितने संकल्प लेता हूं।

उन्होंने लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई एक न्याय प्रिय, अनुशाशन प्रिय व महिला सशक्तिकरण का एक जीता जाता उदाहरण है।

तिरंगा यात्रा पर उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुस कर 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर आतंकियों को ठिकाने लगाया हमे भारतीय सेना पर गर्व है।

पार्टी ने संकल्प लिया है कि एक देश एक चुनाव पर कानून लाना है इस हेतु हमे आमजनो के बीच जाकर जनजागरण करना होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजय यादव ने पार्टी की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना है तथा बताया कि तिरंगा यात्रा जिसमे सेना के सम्मान में हमे तिरंगा यात्रा पंचायत स्तर तक निकलना है तथा लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 वी जयंती मनाना है।

वही राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, जिला प्रभारी नंदकिशोर पाटीदार, पानसेमल विधायक श्याम बरडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने भी सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री महोदय के नेतृत्व में जिले में विकास के हरसम्भव प्रयास करने का विश्वास दिलाया।

**कोर समिति की हुई बैठक :** कार्यक्रम पश्चात भाजपा कार्यालय पर प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने जिला कोर समिति की बैठक भी आयोजित की जिसमे जिला कोर समिति के सभी पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

**यह रहे मंचासीन :** जिला पंचायत अध्यक्ष बलवन्त सिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष द्वय कमलनयन इंगले व ओमप्रकाश खंडेलवाल, भगवती प्रसाद शिंदे, जया शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, महामन्त्री अनूप मिश्रा व विक्रम चौहान, अमित शर्मा, विकास यादव, रेलास सेनानी व मोहन चितावले उपस्थित रहे।

### मुझे माँ नर्मदा ने बुलाया है : प्रभारी मंत्री टेटवाल

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया ने कहा कि क्षिप्रा मैया एवं बाबा महांकाल का आदेश हुआ की आपको नर्मदा मैया की सेवा करना है, नर्मदा किनारे स्थित जनजाति समाज, गरीब, मजदूर, किसान सभी की सेवा में लगना है, मुझे माँ नर्मदा ने बुलाया है और संकल्प लेता हूं कि बड़वानी जिले को अधिक से अधिक सुविधाए दिलाने का प्रयास करूंगा।

## प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का अंजड नगर में प्रथम नगरागमन

### नागरिकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया



**अंजड (बड़वानी), निप्र।** प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल ने गायत्री मन्दिर तिराहे पर भगवान बिरसा मुंडा एवं हिन्दू हृदय सम्राट पृथ्वीराज जी चौहान की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।निकाली तिरंगा यात्रा--इस अवसर पर प्रभारी मंत्री डॉ.गौतम टेटवाल, लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, जिला प्रभारी नंदकिशोर पाटीदार, जिला अध्यक्ष अजय यादव, पानसेमल विधायक श्याम बरडे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल की उपस्थिति में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जो नगर के अस्पताल चौक, धानमंडी चौक, सराफा बाजार, गांधी वाचनालय, बसस्टैंड से नगर परिषद पहुँची जहां यात्रा का समापन हुआ व नगर परिषद में तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। पश्चात प्रभारी मंत्री बड़वानी के लिए रवाना हो गए। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी बाइक पर तिरंगा लगाकर निकले व भारतमाता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, वंदेमातरम के जयकारे लगाते हुए निकले। पूर्व सैनिकों का किया सम्मान: इस दौरान भूत पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर बलिराम यादव, हवलदार विजय चौहान, हवलदार दिनेश विश्वकर्मा के साथ ही लोकतंत्र सैनानी शिखरचंद जैन, सुरेश जैन व कांतिलाल जैन का प्रभारी मंत्री द्वारा सम्मान व अभिनंदन किया गया। भारतीय सेना पर गर्व है: इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सेना ने मात्र कुछ घण्टो में ही ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी अड्डो को ध्वस्त कर 100 से भी अधिक खूंखार आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया यदि युद्ध होता तो पाकिस्तान का क्या होता पता नही हमे हमारी भारतीय सेना पर गर्व है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव का सफलता के मंत्र संबोधन का कॉलेज में लाईव प्रसारण

**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा युवाओं के लिए दिए गए सफलता के मंत्र विषयक प्रेरणादायी संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इस आयोजन का संचालन प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के निर्देशन में किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह संबोधन उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया था, जो आगामी समय में आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए सफलता प्राप्त करने के व्यावहारिक मंत्र दिए, जिससे छात्र-छात्राओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। सिविल सेवा में मध्य प्रदेश से चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. जोशी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों के मनोबल को ऊँचा उठाते हैं, बल्कि उन्हें लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहने की प्रेरणा भी देते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## आधुनिक भारत के शिल्पकार थे राजीव गांधी : जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक





विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय खरगोन में कार्यकर्ताओं - जिला कांग्रेस महा महासचिव जितेंद्र भावसार, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मण्डलोई वरिष्ठ कांग्रेस नेता देव कृष्ण परसाई, डेविड ब्रेनार्ड, परसराम पाटीदार, जिला महासचिव विजेंद्र कोचले, संजीव गांगुली, जिला उपाध्यक्ष कादर बेग, रामचंद्र सोलंकी, राजेश पंवार, मांगीलाल राणे, असमा डाबर, कासम बोहरा, राजू सदर, मुकेश गोले, लालू भावसार, ललित शुक्ला, एनएसयूआई प्रदेश सचिव अजय बडोले, गोगावा ब्लॉक युवा अध्यक्ष विक्रम यादव, गबू बरडे, और राहुल, द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नायक ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी आधुनिक भारत के शिल्पकार थे, जिन्होंने भारत में कंप्यूटर क्रांति के साथ-साथ पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए संविधान में संशोधन भी किये।

## अवैध गौवंश तस्कर गोगांवा और चैनपुर पुलिस की गिरफ्त में

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र। गोगांवा पुलिस ने ग्राम गुवाड़ी में चौराहे के पास एक व्यक्ति को गाय और बछड़े ले जाते हुए पकड़ा, जिसने अपना नाम मनोहरसिगं पिता आलसिंग निवासी मोघन हाल अंजनबेड़ा ग्राम मोहम्मदपुर का होना बताया।**

गोगांवा पुलिस ने मनोहरसिगं के पास से 07 गाये और 03 बछड़ों को अपनी सुपूर्दगी में लेकर गोगावां थाने में अपराध क्रमांक 212/24 धारा 4,6,9 म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया।

**पुलिस टीम :** कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग राकेश आर्य, गोगावां थाना प्रभारी निरीक्षक, दिनेश सोलंकी, सहायक उपनिरीक्षक निसार खान, प्रआर 804 सुभाष चौहान और थाना स्टाफ गोगावां शामिल रहे।

गौवंश की दूसरी घटना में चैनपुर पुलिस ने झिरन्या से होकर गुजरने वाले पिकअप वाहन MP 09 GG 3305 को पकड़ा, जिसमें अवैध गौवंश ठसाठस भरे हुए थे। और पकड़े गए वाहन चालक ने अपना नाम प्रधान पिता नरसिंग राठौड़ उम्र 27 साल निवासी मवास्या थाना भीकनगाँव का होना बताया। चैनपुर पुलिस ने प्रधान पिता नरसिंग राठौर के पास से 4 गौवंशो और पिकअप क्रमांक MP 09 GG 3305 को अपनी सुपूर्दगी में लेकर वाहन चालक के विरुद्ध चैनपुर थाने में अपराध क्रमांक 181/25 धारा 4,6,9 म.प्र. गौवंश प्रति. अधि. 2004, 11(1) (घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### पुलिस टीम

कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव राकेश आर्य, चैनपुर थाना प्रभारी नाथूसिंह रंधा, उपनिरीक्षक अनिल निगवाल, आर. 649 शशांक चौहान, आर. 1014 राहुल, आर. 507 राकेश व थाना स्टाफ चैनपुर शामिल रहे।

### माह मई का खाद्यान्न 25 मई तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करें हितग्राही

**खरगोन, निप्र।** आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राहियों से कहा गया है कि माह मई 2025 का खाद्यान्न 25 मई तक अपने निकटवर्ती राशन दुकान से अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें। समय सीमा में खाद्यान्न प्राप्त न करने पर हितग्राहियों को परेशानी हो सकती है। जिला आपूर्ति अधिकारी भारत सिंह जमरे ने बताया कि सभी पात्र परिवारों को माह मई के खाद्यान्न का वितरण 20 मई तक कराये जाने के निर्देश थे। लेकिन खाद्यान्न प्राप्त करने से शेष रह गये हितग्राहियों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्यान्न वितरण की तारीख बढ़ाकर 25 मई कर दी गई है।

## सफेद मूसली की खेती के लिए मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया

**खरगोन, निप्र।** देवारण्य योजना के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा खरगोन जिले में एक जिला एक औषधि के लिए सफेद मूसली का चयन किया गया है। खरगोन जिले में सफेद मूसली की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए आयुष विभाग द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। सफेद मूसली की खेती, संग्रहण, भण्डारण, प्रसंस्करण एवं विपणन के संबंध में जिला आयुष कार्यालय खरगोन के सभागार में मास्टर ट्रेनर्स को 20 एवं 21 मई को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. संतोष मौर्य ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र खरगोन के वैज्ञानिक डॉ. एसके त्यागी द्वारा उद्यानिकी एवं वन विभाग के अधिकारियों को सफेद मूसली की खेती, भण्डारण, प्रसस्करण एवं विपणन के संबंधी में प्रशिक्षण दिया गया। इन मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किसानों एवं इच्छुक लोगों को सफेद मूसली की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और इसकी खेती कैसे की जाती है इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मूसली उत्पादक किसानों को मूसली के भण्डारण, प्रसंस्करण एवं बाजार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।


### छोटे बच्चों की ई-केवाईसी बनी चुनौती..आनलाईन केवाईसी में बढी परेशानी

# 5 साल अथवा उससे कम उम्र के बच्चों की मेरा ई केवाईसी एप फेस पर कैप्चरिंग अनुमति नहीं

महेश चौहान

## राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी 31 मई तक कराना अनिवार्य








**कसरावद।** शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं के लिए अब ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है, जिसकी अंतिम तिथि 31 मई तय की गई है। यदि निर्धारित समय सीमा तक किसी उपभोक्ता की ई-केवाईसी नहीं होती है, तो उसका नाम खाद्य सूची से काट दिया जाएगा और उसे जून माह से राशन नहीं मिलेगा। नगर में अब भी लगभग 1300 उपभोक्ता ई-केवाईसी से वंचित हैं, वहीं ब्लॉक स्तर पर 20,658 उपभोक्ताओं की प्रक्रिया अधूरी है। शासन के सख्त निर्देशों के बावजूद ज़मीनी स्तर पर तमाम तकनीकी और व्यावहारिक परेशानियाँ सामने आ रही हैं।

**बाहर मजदूरी करने वाले कार्डधारकों की केवाईसी बनी सिरदर्द :** कई कार्डधारक रोज़गार की तलाश में अन्य राज्यों या क्षेत्रों में गए हुए हैं, जिससे उनकी ई-केवाईसी कराना मुश्किल हो गया है। ऐसे में न तो वे स्वयं उपस्थित हो पा रहे हैं और न ही उनकी जानकारी अपडेट की जा रही है।

**5 साल से छोटे बच्चों की केवाईसी नहीं हो पा रही :** सबसे बड़ी समस्या उन परिवारों के सामने है जिनके बच्चों की उम्र 5 साल या उससे कम है। मेरा केवाईसी एप इन बच्चों की फेस कैप्चरिंग की अनुमति नहीं देता, जिससे उनकी ई-केवाईसी असंभव बन गई है। इन तकनीकी खामियों से प्रभावित परिवारों को अब राशन मिलने पर संकट मंडराता दिख रहा है।

**मशीनें दिखा रही पुरानी ईकेवाईसी 'फेल', फिर से करना पड़ रही ई-केवाईसी! :** बालाजी उचित मूल्य की दुकान संचालक राकेश सराफ ने बताया कि पूर्व में बायोमेट्रिक के माध्यम से जिन लोगों की केवाईसी हो चुकी थी, उनमें से कई उपभोक्ताओं की जानकारी अब भी मशीन में 'अपूर्ण' दिखाई जा रही है, जिससे उन्हें दोबारा केवाईसी करनी पड़ रही है।

**पोर्टल अटका, ओटीपी नहीं आया, फिंगर स्कैन फेल—हर तरफ समस्याएं ही समस्याएं :** नगर पंचायत कसरावद के ई-केवाईसी प्रभारी साबिर खान ने बताया कि कहीं ओटीपी नहीं आ रहा, कहीं फिंगरप्रिंट अपडेट नहीं हैं, तो कहीं पोर्टल ही काम नहीं कर रहा। कुछ उपभोक्ताओं का चेहरा भी सिस्टम कैप्चर नहीं कर पा रहा है।

**पहले की हुई केवाईसी अब सूची में 'बाकी' दिखा रही :** वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के सभी वार्ड प्रभारियों ने बताया कि पहले की गई कई ई-केवाईसी अब पुनः 'बाकी' उपभोक्ताओं की सूची में दिखने लगी है, जिससे काम दोहराना पड़ रहा है।

### प्रशासन की चुप्पी, उपभोक्ताओं में घबराहट

इन तमाम समस्याओं के बावजूद शासन की ओर से कोई स्पष्ट वैकल्पिक निर्देश या राहत उपाय नहीं दिए गए हैं। ऐसे में हजारों उपभोक्ता अपने हक के राशन को लेकर गहरी चिंता में हैं। क्या इन उपभोक्ताओं को जून माह का राशन मिलेगा या फिर इनका नाम खाद्य सूची से हटा दिया जाएगा।

### इनका कहना है,

मेरा ई केवाईसी आनलाइन में 5 साल अथवा उससे छोटे बच्चों की फेस आईडी में प्रोसेसिंग नहीं हो रही है लेकिन जानकारी के अनुसार ई केवाईसी में मान्य हो जाएगी। जिन उपभोक्ताओं के ऑनलाइन पूर्व में मेरा ही केवाईसी की गई थी उनको तकनीकी समस्या आने पर विभाग संपर्क कर समाधान कर सकते हैं।

**अमिताभ शुक्ला खाद्य निरीक्षक कसरावद।**

## संक्षिप्त समाचार

### बोरवाल परिवार ने किया नेत्रदान



**सोनकच्छ, निप्र।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की तहसील इकाई व रोटरी क्लब के संयुक्त प्रयास द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान प्रकल्प के प्रति नगर में नेत्रदान के प्रति जन जागृति की लहर चल रही है। सोमवार को स्वर्गीय नंदकिशोर बोरवाल की धर्मपत्नी, अशोक कुमार, राजेश कुमार, महेश कुमार की माता जी जसोदा बाई बोरवाल का निधन हो गया। परिवार ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की। एम के इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर से सीनियर टेक्नीशियन गोपाल सिरोके की टीम ने रात्रि 2 बजे आकर सफलतापूर्वक नेत्रदान कराया। बोरवाल परिवार को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई



**देवास, निप्र।** स्थानीय फ्रीगंज चौराहा टोंकखुर्द में शहर कांग्रेस कमेटी टोंकखुर्द के अध्यक्ष नितेश धाकड़ के नेतृत्व में राजीव गांधी की पुण्य तिथि उनके चित्र पर पुष्पमाला पहनाकर मनाई गई। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश पांदा, मांगीलाल रैकवार, विक्रम सिंह गालोदिया, आरिफ पटेल, हकीम मंसूरी, रऊफ कुरैशी, अतीक शेख, बाबू हुसैन मंसूरी, रोहन सिंह राजपूत, इरफान पटेल बुगा, एजाज शेख, मनीष जैन, चेतन परमार, रजत धाकड़, प्रवीण परमार आदि कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



सोनकच्छ, निप्र (विनय उजाला)। तेज़ हवा आंधी में उखड़ गए बिजली के खंभे।

### पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस और जयपुर के बीच चलाएगी वन-वे सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

**मुंबई (विनय उजाला)।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए बांद्रा टर्मिनस और जयपुर के बीच विशेष किराये पर वन–वे सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है:–

**ट्रेन संख्या 04708 बांद्रा टर्मिनस–जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल:** ट्रेन संख्या 04708 बांद्रा टर्मिनस–जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल शुक्रवार, 23 मई, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 15ः00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.40 बजे जयपुर पहुंचेगी।

यह ट्रेन बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, अजमेर और किशनगढ़ स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3 टियर (इकोनॉमी) कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 04708 की बुकिंग 22.05.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय एवं संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

### जनपद पंचायत सांवेर में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण संपन्न



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सांवेर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सांवेर और डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री सुमित जैन के नेतृत्व में आज सिविल डिफेंस प्रशिक्षण का उत्कृष्ट आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 124 प्रतिभागियों ने सिविल डिफेंस फॉर्म भरकर अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन की बारीकियों को गहराई से समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर एसडीईआरएफ के सौजन्य से आपदा उपकरणों की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें आधुनिक उपकरणों के उपयोग एवं उनके कार्यप्रणाली का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने उपकरणों को नजदीक से समझा और उन्हें आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी रूप से इस्तेमाल करने की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों के बीच सक्रिय संवाद और अनुभवों का आदान–प्रदान हुआ, जिससे सभी ने महत्वपूर्ण सीख हासिल की। प्रशिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और सिविल डिफेंस की अहमियत को रेखांकित किया। कई प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को बेहद प्रेरणादायक और व्यावहारिक बताते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की।

सिविल डिफेंस प्रशिक्षण ने आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ टीमवर्क और अनुशासन की भावना को भी सशक्त किया।

---

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण नहीं करने पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग अधिकारी का एक माह का वेतन रोकने एवं विभागीय जांच के निर्देश

# "जल गंगा संवर्धन अभियान" में प्रगति नहीं होने पर सीईओ टोंकखुर्द, कन्नौद, खातेगांव, ईई और एई आरईएस को शोकाज नोटिस

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय–सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में लम्बित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर स्वास्थ्य, ट्राईवल, कृषि, सामान्य प्रशासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग को ग्रेडिंग सुधारने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों का संतुष्टीपूवर्क निराकरण नहीं करने और बिना अनुमति के लगातार टीएल बैठक में अनुपस्थित रहने पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग अधिकारी के एक माह का वेतन रोकने एवं विभागीय जांच के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। सीएम हेल्प लाइन पर कोई भी शिकायत नोट अटेंडेंट नहीं रहनी चाहिए। अधिकारी खुद शिकायतकर्ता से बात कर शिकायत का निराकरण करें। कलेक्टर श्री सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर निर्देश दिए कि अभियान में तेजी लाकर कार्य करें। कलेक्टर श्री सिंह जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रगति नहीं होने पर सीईओ टोंकखुर्द, कन्नौद, खातेगांव, ईई और एई आरईएस को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जनपद सीईओ को कार्यो का मूल्यांकन करने के निर्देश भी दिए।

### बीएमओ और आयुष्मान अभियान के नोडल अधिकारी को शोकाज नोटिस...

कलेक्टर श्री सिंह ने आयुष्मान कार्ड अभियान में प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि 70 प्लस आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाए। कलेक्टर श्री सिंह ने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में प्रगति नहीं होने पर सभी बीएमओ और आयुष्मान अभियान के नोडल अधिकारी को शोकाज नोटिस जारी करने और विभागी जांच संबंधी नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। उन्होंने जिल पंचायत सीईओ को लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए। पीएमश्री एम्बुलेंश योजना की समीक्षा कर सीएमएचओ को निर्देश दिए कि जिले के नागरिकों को आवश्यक होने पर योजना का लाभ देकर रेफर करें।

---

## शहर के बडे नालों की सफाई का कार्य वर्षाकाल के पूर्व किया जाएगा : उपायुक्त

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** नगर निगम द्वारा वर्षाकाल लगने के पूर्व शहर सीमा क्षेत्र में स्थित 18 बडे नालों की सफाई व्यापक रूप से कराने के निर्देश महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा दिए जाने के पालन में निगम स्वास्थ्य विभाग के अमले के द्वारा बडे नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। नालों की सफाई कार्य की समीक्षा बैठक निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस के द्वारा निगम उपायुक्त जाकीर जाफरी के साथ की गई।

जिसमें समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। बैठक में उज्जैन रोड नाले की सफाई प्रारंभ किए गए कार्यों की समीक्षा उपरांत 17 अन्य बडे नालों की सफाई की कार्य योजना बनाई जाकर सफाई कार्य करने के निर्देश उपायुक्त के द्वारा स्वच्छता निरीक्षकों को दिए गए। बैठक में उपायुक्त के द्वारा 17 बडे नालों मे नई आबादी से एबी रोड भोपाल चौराहे तक, पठान कुआ से नेवरी रोड तक दोनो नाले, कंजर मोहल्ला का नाला एवं कंजर मोहल्ले से एबी रोड, कर्मचारी कालोनी नई आबादी से इकबाल ठेकेदार के मकान तक, आनंद नगर का नाला मनीराम खोचनवार के मकान से तिलक नगर, शांतिपुरा खारी बावडी डॉ. इकबाल के घर तक का नाला, तीन बत्ती से गोया सब्जी मण्डी का नाला, एमजी रोड कलेक्टर आफिस से तहसील चौराहे तक का नाला, भोपाल चौराहे से नाहर दरवाजा तक का नाला, भेरूगढ से शमशान रोड तक का नाला, अखाडा रोड से फूल मण्डी तोडी तक का नाला, वारसी नगर से नुसरत नगर तक का नाला, रेल्वे स्टेशन के पीछे का नाला, भोपाल रोड के मक्सी रोड तक का नाला, वार्ड 41 सब्जी मण्डी के पीछे वाला नाला, शिशुविहार स्कुल से भोलेनाथ मंदिर तक का नाला, स्टेशन रोड वाला नाला की सफाई व्यापक रूप से करवाई जाने में जेसीबी मशीन, कचरा उठाने एवं डम्परों की व्यवस्था की जाने हेतु निगम वाहन विभाग को निर्देश दिए गए। बैठक मे शहरी क्षेत्र मे जहां जहां जल भराव की स्थिति बनती है उसमे सुभाष चौक से एमजी रोड एवं इनसे लगे क्षेत्रों के नालों को प्राथमिकता से साफ करने के निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिए गए। बैठक के पश्चात श्री बैस ने बताया कि निगम स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निगम के समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को सफाई कार्य कराने हेतु वार्डों का विभाजन किया गया है।

जिसमें निगम स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, रविकृष्ण गोयनार, भूषण पवार, ओमप्रकाश पथरोड, शंकर सांगते, विजय सांगते, हरेन्द्रसिह ठाकुर, अनूप सांगते, संदीप सांगते, प्रवीण खरे, शफीक खान को वार्डवार कार्य सौंपा गया है।

बैठक में शहर के बडे नालों के अतिरिक्त 15 कच्चे नालों एवं वार्डों में स्थित नाला, नालियों की भी सफाई जेसीबी व अन्य संसाधनों से करवाई जाने तथा नालों की सफाई के पश्चात निकलने वाले मलबे, कचरे को शीघ्र उठवाए जाने के निर्देश उपायुक्त द्वारा दिए गए।

---

नौतपा से पहले तेज आंधी हवा के साथ बारिश और ओले गिरे

## खेतों में रखीं प्याज़ की फसल को नुकसान, कांग्रेस जिला महामंत्री सेंधव ने मुआवजे की मांग की



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** नगर एवं क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से अलग अलग क्षेत्र में तेज़ हवा आंधी के साथ बारिश हो रही है और बुधवार को सोनकच्छ में बोर के आकार के ओले गिरे। मई के महीने में और नौतपा से पहले इस तरह से बारिश पहली बार देखी गई। बुधवार को दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी हवा के साथ बारिश और ओले गिरने लगें। सोमवार, मंगलवार को क्षेत्र के तालोद, छायनमैना, लाला खेड़ी, अघेरा सहित अन्य क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हुई जिसके चलते छोटे छोटे नालों एवं खेतों में पानी भर गया।

### प्याज़ की फसल को नुकसान, मुआवजे की मांग...

इस बारिश और ओलावृष्टि से वर्तमान समय मध्यप्रदेश के किसानों के खेतों में हजारों टन प्याज की फसल निकल कर खेतों में रखीं हुईं हैं, जो इस पानी ओलावृष्टि में सड रहीं हैं। कांग्रेस नेता और जिला महामंत्री बलवान सिंह सेंधव ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से प्याज़ की फसल के नुकसान को लेकर पीड़ित किसानों को मुआवजे देने की मांग की है।

---

### बी.एस.सी. हेल्थ केयर मैनेजमेंट में एईडीपी पाठ्यक्रम की शुरुआत

**देवास, निप्र।** स्व. तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में उच्च शिक्षा विभाग, के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025–26 से बी.एस.सी. हेल्थ केयर मैनेजमेंट में एईडीपी पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई. यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। एईडीपी पाठ्यक्रम की विशेषता यह है कि विद्यार्थियों को स्नातक की पढाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 माह की अप्रेटिसशिप दी जाएगी। जिसमें उन्हे न्युनतम 8000 रु. प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माधवी माथुर ने बताया की यह कोर्स न केवल अकादमिक ज्ञान देगा बल्कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुडाव का भी अवसर प्रदान करेगा। आवेदन की प्रकिया ऑनलाइन ई–प्रवेश पोर्टल पर की जाएगी अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय में प्रवेश समिति के नोडल अधिकारी डॉ. ममता शाक्य एवं एईडीपी नोडल अधिकारी डॉ. अमित द्विवेदी एवं सदस्य डॉ. मेघा वाजपेई, डॉ. कल्पना सिंह, प्रो. भावना झोड से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### नालसा ने बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए ''साथी अभियान'' शुरू किया

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार बेसहारा बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करने और सामाजिक कल्याण तक उनकी पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से ''साथी'' नामक एक अभियान 5 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला प्रशासन के समन्वय से 18 वर्ष से कम आयु के निराश्रित बच्चे जिनके पास परिवार का समर्थन, संरक्षकता या आश्रय, सुरक्षा और देखभाल का कोई स्थिर स्त्रोत नहीं है ऐसे बच्चों का सर्वेक्षण और पहचान कर उनके आधार कार्ड बनवाए जा रहे है। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र द्वारा ''साथी'' अभियान के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास में समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में निराश्रित बच्चों का सर्वे कर जिनके आधार कार्ड नहीं बने उनके जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड बनवाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में तहसीलदार ग्रामीण देवास पूजा भाटी, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश नागर, जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, प्रभारी महिला सुरक्षा बबीता बामनिया, पी.ओ. महिला एवं बाल विकास विभाग संदीप किरार, प्रबंधक जिला ई गवर्नेंस मनोज भिलाला, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड चेतना राठौर, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सीमा यादव, बाल कल्याण समिति सदस्यगण वीणा महाजन, रूचिता तिवारी, स्वाति श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

---

हाटपीपल्या में 28 मई को मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दौरा प्रस्तावित

## कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं विधायक मनोज चौधरी ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हाटपीपल्या में किया स्थल निरीक्षण

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** हाटपीपल्या में 28 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के हाटपीपल्या में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम एवं मेला ग्राउण्ड में सभा स्थल की तैयारियों के लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने बुधवार को स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, एसडीएम आनंद मालवीय, तहसीलदार हाटपीपल्या संगीता गोलिया सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम संबंधी जो तैयारियां हैं वह समय रहते पूर्ण कर लें और सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन कर समय–सीमा में तैयारियां पूर्ण करें। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान हेलीपेड स्थल का निरीक्षण किया और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को साफ–सफाई एवं व्यवस्थित हैलीपेड निर्माण के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर आवागम एवं बैठक की उचित व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम वाले दिन ट्राफिक की व्यवस्था का प्लान अच्छे से बनाए, जिससे की कही भी ट्राफिक जाम की स्थिति निर्मित न हो और आवागमन में परेशानी नहीं आए। गर्मी को देखते के हुए कार्यक्रम स्थल पर पेय जल की उचित व्यवस्था करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के दिन हाट बाजार को मेन रोड से अन्य जगह स्थानांतरित करें।

इस दौरान बताया गया कि वाहनों की पार्किंग मण्डी प्रांगण हाटपीपल्या में की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने हाटपीपल्या में बस स्टैण्ड पर नगर परिषद द्वारा बनाई गई नई दुकानों का निरीक्षण किया एवं सीएमओ को निर्देश दिये कि दुकानों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करें।

---

एसडीएम ने सिविल अस्पताल सोनकच्छ का औचक निरीक्षण किया, अस्पताल के टीकाकरण रुम में और अन्य वार्डों में गंदगी पाई गई

# एसडीएम ने सोनोग्राफी मशीन शुरु करने के लिए कलेक्टर से बात करनी की कही बात

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र। नगर को सिविल अस्पताल की सौगात तो मिल गई लेकिन सिविल अस्पताल जैसी सुविधाएं नहीं दी गई। अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन तो है लेकिन उसे आपरेट करने के लिए डॉ नहीं है वहीं अस्पताल में डेंटिस्ट डॉ है तो मरीज को देखने वालीं डेंटिस्ट टेबल नहीं है और सबसे महत्वपूर्ण सुविधा एम्बुलेंस जो अस्पताल में तीन है लेकिन उसे चलने के लिए एक भी ड्राइवर नहीं है।**

यह तो वह बात हों गई गज़ब अस्पताल की अजब कहानी। इसी अजब–गजब सिविल अस्पताल का बुधवार को एसडीएम प्रियंका मिमरोट और तहसीलदार संजय गर्ग औचक निरीक्षण करते है लेकिन मूल समस्या तक जाते ही नही है क्योंकि उनके अधीनस्थ कर्मचारी उन्हें ऐसे बरगलाते है जैसे कि अस्पताल में कोई समस्या ही नही है। कुछ समस्या मिली उसे दूर करने निर्देश उसी अधिकारी को दिए जिस अधिकारी की वजह से समस्या व्याप्त है। यह अधिकारी कोई ओर नही स्वयं बीएमओ शैलेन्द्र औरैया है क्योंकि मुख्य समस्या इनकी वजह से इसलिए व्याप्त है क्योंकि ये मुख्यालय पर रहते ही नही है और जो व्यक्ति कार्य करता है उसे ही जबरन का



कारण बताओ सूचना पत्र दे देते है। अस्पताल में कई नर्स का स्टॉफ मौजूद है लेकिन मेटरनीटी वार्ड में एएनएम की ड्यूटी लगा रखी है। साथ ही कई वर्षों से यहां एक एम्बुलेंस का ड्राइवर पदस्थ है लेकिन बीएमओ ने आज तक उस ड्राइवर की जांच नही की कि वह ड्यूटी पर आ रहा है या नही। एसडीएम ने उन स्थानों का निरीक्षण किया जहां कुछ अच्छी व्यवस्था पहले से ही कर ली गई थी लेकिन उन स्थानों का निरीक्षण ही नही किया, जहां कोविड के समय वेक्सीनेशन हुआ था और आज भी बच्चों का वेक्सीनेशन किया जाता है। इस स्थान पर साफ सफाई का ख्याल ही नही रखा जाता है। बड़े बड़े मकड़ी के जालें, धूल इतनी की हवा लगते ही उड़ने लगती है लेकिन इस जगह का निरीक्षण अस्पताल में बैठे जवाबदारों ने कराया ही नही क्योंकि उनकी पोल खुल जाती। लाखों रुपए की लागत से आई सोनोग्राफी मशीन आज तक धूल खा रही है अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि तक को इस बात से अवगत करा दिया कि यह मशीन धूल खाकर ही खराब हो जाएगी लेकिन ध्यान आज तक नही दिया गया। कई विधायक, सीएचएमओ व बीएमओ आ गए लेकिन समस्या बनी हुई है। हर बार इन लोगों ने कहा कि, व्यवस्था दुरुस्त करेंगे लेकिन समस्या दूर तो नही हुई लेकिन और बढ़ गई। इस बार भी एसडीएम ने कहा कि, कलेक्टर को अवगत करवाकर समस्या दूर की जाएगी। अब देखते है यह औपचारिक निरीक्षण किस हद तक अस्पताल की समस्या को सुधार करवा पाता है।

## थाईलैंड ओपन और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भाग लेंगी भारतीय महिला बॉक्सर

नई दिल्ली, 21 मई (हि.स.)। पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार भारतीय महिला मुक्केबाज़ अंतरराष्ट्रीय रिंग में उतरने के लिए तैयार हैं। भारतीय बॉक्सर दो बड़े टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हिस्सा लेंगी। थाईलैंड ओपन 24 मई से बैंकॉक में खेला जाएगा, जबकि वर्ल्ड बॉक्सिंग कप का आयोजन 30 जून से अस्ताना, कज़ाखस्तान में किया जाएगा।
भारतीय बॉक्सिंग फेडरेशन (बीएफआई) की नई चयन नीति के अनुसार, वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में राष्ट्रीय चैंपियन उतरेंगी, जबकि थाईलैंड ओपन में रजत पदक विजेताओं को मौका मिलेगा। यह चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला दोनों वर्गों पर समान रूप से लागू की गई है। ओलंपिक साइकिल के दौरान बीएफआई के राष्ट्रीय कैंप्स में देरी और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप को कई बार स्थगित किए जाने के चलते भारतीय मुक्केबाज़ों को एशियन चैंपियनशिप और स्ट्रैंडजा मेमोरियल जैसे अहम टूर्नामेंटों से बाहर रहना पड़ा। पुरुष बॉक्सर्स ने अप्रैल में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के ज़रिए वापसी कर ली थी, लेकिन महिलाओं के राष्ट्रीय मुकाबले मार्च के अंत में आयोजित होने के कारण उन्हें देर से मौका मिला।

### ब्रॉडकास्टिंग के कई रिकॉर्ड तोड़े

# चैंपियंस ट्रॉफी का 2025 सीजन सबसे ज्यादा देखा गया

दुबई, एजेंसी

**चैंपियंस ट्रॉफी के 2025 सीजन ने ब्रॉडकास्टिंग के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। यह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला सीजन है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बुधवार को पाकिस्तान की मेजबानी में आयोजित इस टूर्नामेंट की व्युअरशिप के आंकड़े जारी किए।**



19 फरवरी से 9 मार्च तक हुए टूर्नामेंट का वर्ल्ड कवरेज 368 बिलियन ग्लोबल मिनट देखा गया, जो 2017 में इंग्लैंड और वेल्स में आयोजित पिछले टूर्नामेंट से 19 प्रतिशत ज्यादा था। इतना ही नहीं, इसने प्रति ओवर 308 मिलियन ग्लोबल व्यूइंग मिनट भी हासिल किए, जो किसी भी आईसीसी इवेंट के लिए अब तक का सबसे ज्यादा है। दुबई में भारत-न्यूजीलैंड फाइनल 65.3 बिलियन लाइव व्यूइंग मिनट के साथ अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैंपियंस ट्रॉफी मैच बन गया, जिसने 2017 के फाइनल के दौरान बनाए गए रिकॉर्ड को 52.1 प्रतिशत से तोड़ दिया।

रोमांचक फाइनल लाइव वॉच टाइम के हिसाब से दुनिया भर में अब तक के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले आईसीसी मैचों में तीसरे स्थान पर है। भारत में यह मैच अब तक का तीसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला आईसीसी मैच भी है, जो वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारत बनाम न्यूजीलैंड सेमीफाइनल और भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल से पीछे है।

### IPL आज के मैच

गुजरात टाइटन्स VS लखनऊ सुपर जायंट्स

स्थान : अहमदाबाद | समय : शाम 07:30 बजे से

## बांग्लादेश से टी-20 सीरीज के लिए बाबर, रिजवान और शाहीन बाहर



नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ खेली जाने वाली टी-20 सीरीज के लिए 16 मेंबर्स के स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। इसमें पूर्व कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह आफरीदी को जगह नहीं मिली है। बल्लेबाज सलमान अली आगा कप्तान बने रहेंगे, जबकि ऑलराउंडर शादाब खान उपकप्तान होंगे। यह सीरीज हेड कोच माइक हेसन के कार्यकाल में पहली सीरीज होगी। पीसीबी के मुताबिक, आने वाले दिनों में सीरीज के शेड्यूल की घोषणा की जाएगी।

बल्लेबाज फरहान को मौजूदा पीसीएल 2025 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ईनाम मिला है। उन्होंने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच पिछले साल दिसंबर में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला था। हसन अली और सैम अयूब की टीम में वापसी हुई है।

### मलेशिया मास्टर्स-2025

## प्रणय करुणाकरण दूसरे दौर में पहुंचे, सिंधू बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स 2025 से बाहर हो गई हैं। वहीं, एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरण ने शानदार जीत दर्ज करते हुए मेंस सिंगल्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। मलेशिया के कुआलालंपुर में खेले जा रहे टूर्नामेंट के पहले दौर में भारतीय शटलर प्रणय ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21 21-17 21-16 से हराया।

करुणाकरण ने चीनी ताइपे के तीसरी सीड चोउ टिएन चेन को सिर्फ 39 मिनट में 21-13 21-14 से हराकर उलटफेर किया। वहीं आयुष शेट्टी भी कनाडा के ब्रायन यांग कोहराकर अगले दौर में पहुंच गए। लेकिन, सिंधु का खराब फॉर्म जारी रहा और वह सुपर 500 टूर्नामेंट की शुरुआती बाधा को पार करने में विफल रहीं।



#### सिंधु ने दो बार जीता है मलेशिया मास्टर्स का खिताब

मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट 2009 से खेला जा रहा है। यह एक एनुअल बैडमिंटन टूर्नामेंट है। पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स में सबसे सफल भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने दो बार विमेंस सिंगल्स का खिताब जीता है। साइना नेहवाल ने एक बार जीता है। वहीं, मेंस सिंगल्स में एसएच प्रणय ने एक बार 2023 में यह टाइटल जीता है।

## शानदार पारी के बाद वैभव सूर्यवंशी ने छुए धोनी के पैर


आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 का अंत किया

नई दिल्ली, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महेंद्र सिंह धोनी के पैर छुए और आशीर्वाद के साथ आईपीएल सीजन का समापन किया। राजस्थान और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला हुआ। राजस्थान का इस सीजन यह आखिरी मुकाबला था और 14 साल के वैभव इस मैच में भी अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे, तब धोनी और वैभव का सामना हुआ और इस युवा बल्लेबाज ने माही के पैर छुए। धोनी हालांकि उन्हें रोकते नजर आए। वैभव आईपीएल में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में काफी सुर्खियां बटोरी।

### तेल व गैस नियामक पीएनजीआरबी ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव

# एशिया कप जूडो प्रतियोगिता में रंजीता करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

जगदलपुर, (हि.स.)

**अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ के द्वारा उज्बेकिस्तान के तस्कीन में उज्बेकिस्तान जूडो संघ द्वारा एशिया कप जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 25 मई तक किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की कुमारी रंजीता कुरेटी 52 किलो वजन वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।**





जिला जूडो संघ बस्तर के सचिव एवं प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अब्दुल मोईन ने बुधवार को प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के हवाले से बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई की स्पोर्ट्स ऑफिसर, राष्ट्रीय जूडो चैंपियन, ब्लेक बेल्ट थर्ड डॉन और अंतरराष्ट्रीय निर्णायक किरण राव भी उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने उज्बेकिस्तान रवाना हो गई हैं। रंजीता कुरेटी और किरण राव दोनों आज बुधवार रात को उज्बेकिस्तान पहुंच जायेंगी।

#### एक नजर में

इन दोनों की उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शम्भू सोनी, संयुक्त सचिव अनीस मेमन, अंतरराष्ट्रीय निर्णायक शेख शरीफ, सरजीत सिंह बक्शी, परमजीत सिंह, राजकुमार जायसवाल सहित समस्त जिला संघो के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।
उल्लेखनीय है कि हाल ही में पटना (बिहार) में सम्पन्न खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में रंजीता ने हिमाचल, महाराष्ट्र, दिल्ली के खिलाड़ियों को हराकर कर फाइनल में मध्यप्रदेश की नैंसी को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था। छत्तीसगढ़ के सुदूर बस्तर क्षेत्र की खिलाड़ी रंजीता ने जनवरी 2025 में पुणे नेशनल में बेस्ट प्लेयर का खिताब जीतकर भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से (जॉर्जिया) विदेश में जूडो प्रशिक्षण हेतू चयनित हो चुकी हैं। रंजीता का अंतरराष्ट्रीय जूडो स्पर्धा में खिलाड़ी के रूप में चयन होना राज्य के खेल जगत के लिए गौरवशाली पल है।

## व्यापार

### मूडीज ने कहा- वैश्विक व्यापारिक व्यावधानों का असर नहीं...

# जी20 अर्थव्यवस्थाओं में भारत की स्थिति मजबूत

नई दिल्ली, एजेंसी

**मूडीज रेटिंग्स की बुधवार को जारी रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक टिप्पणी की गई है।**

रिपोर्ट के अनुसार भारत अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक व्यापार व्यवधानों के नकारात्मक प्रभावों से निपटने के मामले में अच्छी स्थिति में है। भारत की बड़ी घरेलू अर्थव्यवस्था और निर्यात पर कम निर्भरता स्थिति को मजबूत बनाती है। यदि व्यापार वार्ता करने से अन्य बाजारों की तुलना में भारत पर टैरिफ कम हो जाता है, तो अमेरिकी बाजारों में भारत-निर्मित वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है और इससे भारत को लाभ होगा।







#### आर्थिक वृद्धि 6.7% से घटकर 6.3% हो सकती है

रेटिंग्स एजेंसी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ और अमेरिका की ज्यादातर चीनी सामानों पर लगाई गई 30प्रतिशत टैरिफ वैश्विक विकास में बाधा डालेंगी। इससे वर्ष 2025 में भारत की आर्थिक वृद्धि 6.7प्रतिशत से घटकर 6.3प्रतिशत हो सकती है। फिर भी, यह वृद्धि दर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक होगी। सरकार की निजी खपत बढ़ाने, उद्योगों की क्षमता बढ़ाने और बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने की योजनाएं वैश्विक मांग में कमी के प्रभाव को कम करेंगी।

#### भारत की बैंकिंग व्यवस्था स्थिर और मजबूत है-मूडीज

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत का मजबूत बैंकिंग बाजार और स्थिर ऋण स्थितियां इसकी आर्थिक मजबूती को रेखांकित करती हैं। फिर भी, वैश्विक आर्थिक और ऋण स्थितियों में गिरावट का असर पड़ेगा। महंगाई में कमी से ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनती है, जिससे अर्थव्यवस्था को और अधिक समर्थन मिलेगा। साथ ही बैंकिंग क्षेत्र की आसान प्रक्रिया होने से ऋण देने में सुविधा होगी।

#### मूडीज ने दी चेतावनी

मूडीज ने चेतावनी दी है कि विनिमय दर में उतार-चढ़ाव मौद्रिक नीति में ढील की गति को प्रभावित कर सकता है। दरों में बहुत तेजी से कमी करने से पूंजी में गिरावट बढ़ सकती है और रुपये का मूल्य तेजी से गिर सकता है, जो पिछले साल के आखिर में डॉलर के मुकाबले काफी कमजोर हुआ था। हालांकि अन्य उभरते बाजारों की मुद्राओं के साथ-साथ रुपया कुछ हद तक मजबूत हुआ है।

#### बैंकों को गैर-ब्याज आय में लाभ मिलेगा

बैंकों के लिए गैर-ब्याज आय में इजाफा होगा। इसमें बड़े कारोबारी वॉल्यूम, वेल्थ और बीमा सेवाओं और अवसरवादी बॉन्ड के कारण लाभ मिलेगा। मूडीज ने कहा, कुल मिलाकर, हमें उम्मीद है कि संपत्तियों पर सिस्टमवाइड रिटर्न वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 1.40प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 26 में 1.25प्रतिशत की सीमा तक आ जाएगा। साथ ही, पाकिस्तान-भारत तनाव के कारण भारत की तुलना में पाकिस्तान के विकास पर ज्यादा दबाव पड़ेगा।

## तीन दिनों की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटे खरीदार, सेंसेक्स बढ़ा

नई दिल्ली, (हि.स.)

लगातार तीनों दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में आज खरीदार लौटते नजर आए। आज के कारोबार में सेंसेक्स एक बार फिर 82 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 24,900 अंक के स्तर को पार कर गया। हालांकि बाद में हुई बिकवाली के कारण दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से नीचे फिसल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत और निफ्टी 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



मंगलवार पूरे दिन के कारोबार के दौरान रियल्टी, डिफेंस और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस आदि मजबूती के साथ बंद हुए।

## एक दिन में सोना 1,502 महंगा होकर हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने-चांदी के दाम में 21 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,502 रुपए बढ़कर 95,309 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 93,807 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ये 95,800 रुपए प्रति किलो बिक रही है। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 रुपए और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल अब तक 19,147 रुपए महंगा हो चुका है सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,147 रुपए बढ़कर 95,309 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 9,783 रुपए बढ़कर 95,800 रुपए पर पहुंच गया है।

## ईपीएफओ ने मार्च 2025 के दौरान 14.58 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली, (हि.स)

सेवानिवृति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मार्च महीने के दौरान कुल 14.58 लाख सदस्य जोड़े हैं। यह आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 1.15 फीसदी अधिक है। ईपीएफओ ने इस साल मार्च में करीब 7.54 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। यह फरवरी, 2025 की तुलना में 2.03 फीसदी अधिक है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि नए सदस्यों की संख्या में वृद्धि रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभ के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल जागरूकता कार्यक्रमों के कारण है। मंत्रालय ने बताया कि इससे पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल ज्यादातर युवा हैं। आंकड़ों के मुताबिक नए सदस्यों में 18-25 आयु वर्ग के 4.45 लाख सदस्य थे, जिससे नए सदस्यों में इनकी हिस्सेदारी 58.94 फीसदी रही। मार्च 2025 में 18-25 आयु वर्ग के कुल सदस्यों की संख्या में मासिक आधार पर 4.21 फीसदी और सालाना आधार पर 4.73 फीसदी की वृद्धि हुई।

## इंडिगो जुलाई में मुंबई से मैनचेस्टर, एम्स्टर्डम के लिए शुरू करेगी उड़ानें



नई दिल्ली, (हि.स)

**एयरलाइन कंपनी इंडिगो जुलाई में मुंबई से पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 विमानों के साथ मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के लिए अपनी सीधी उड़ानें शुरू करेगी। ब्रिटेन के इस शहर के लिए उड़ान सेवा की शुरुआत के साथ एयरलाइन की लंबी दूरी की उड़ानों की भी शुरुआत होगी।**

इंडिगो ने बताया कि वो अपने बेड़े के साथ-साथ विदेशी संपर्क का विस्तार कर रही एयरलाइन 01 जुलाई से मुंबई-मैनचेस्टर (ब्रिटेन) उड़ान और 02 जुलाई से मुंबई-एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन की दोनों सेवाएं हफ्ते में तीन बार संचालित की जाएंगी। इंडिगो ने कहा कि यह मैनचेस्टर की उड़ान के साथ भारत और उत्तरी यूके के बीच सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली एकमात्र एयरलाइन होगी।

एयरलाइन के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि लंबी दूरी की उड़ानों में इसकी शुरुआत वैश्विक विस्तार की यात्रा में महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा, हम मुंबई को मैनचेस्टर से जोड़ने वाली अपनी पहली लंबी दूरी की सेवा की बिक्री शुरू करने पर बहुत गर्व और उत्साहित हैं, जो कई मायनों में बहुत ही खास मार्ग है। उल्लेखनीय है कि बजट एयरलाइन कंपनी इंडिगो वर्तमान में 400 से अधिक विमानों के बेड़े के साथ 90 से अधिक घरेलू और 40 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ने वाली 2,200 से अधिक दैनिक उड़ानें संचालित करता है।

### घर में ही ट्रंप की किरकिरी : एनवीडिया चीफ बोले-

# चीन को एआई चिप निर्यात पर अमेरिका का नियंत्रण गलत फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

**टैरिफ और वैश्विक बाजार पर अपने रोज नए बयानों के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोबारा सत्ता संभालाने के बाद खासे चर्चा में रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कई ऐसे फैसले भी लिए जिनकी खासी अलोचना हुई।**

ऐसा ही एक फैसला चीन को एआई चिप निर्यात करने पर रोक लगाने का भी था। अब इस मामले में उनकी अपने घर में ही किरकिरी हो रही है। एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी जेन्सन हुआंग के अनुसार, चीन को कृत्रिम बुद्धिमत्ता चिप्स पर अमेरिका की ओर से लगाया गया निर्यात नियंत्रण विफल रहा है। हुआंग के अनुसार, कुल मिलाकर, निर्यात नियंत्रण विफल रहा। उन्होंने आगे कहा, शुरुआत में एआई के प्रसार नियम को जन्म देने वाली मूलभूत धारणाएं, सबसे पहले, मौलिक रूप से त्रुटिपूर्ण साबित हुई हैं।

उन्होंने तर्क दिया कि त्रुटिपूर्ण प्रारंभिक धारणाओं पर आधारित इन नियंत्रणों ने चीनी कंपनियों को हुआवेई जैसी घरेलू फर्मों से चिप्स खरीदने के लिए प्रेरित किया है और चीन को आक्रामक रूप से अपनी स्वतंत्र सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए प्रेरित किया है।



#### चीन से कंप्यूटर चिप का उपयोग न करने की चेतावनी दी

हुआंग की टिप्पणी सोमवार को चीन की आलोचना के बाद आई, जिसमें अमेरिका से अपनी गलतियों को तुरंत सुधारने और अमेरिकी मार्गदर्शन के बाद भेदभावपूर्ण उपायों को रोकने का आग्रह किया गया था। इन उपायों के तहत कंपनियों को चीन से उन्नत कंप्यूटर चिप्स का उपयोग न करने की चेतावनी दी गई थी। इन चिप्स में हुआवेई के एस्केंड एआई चिप्स भी शामिल हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने दावा किया कि इन अमेरिकी कार्रवाइयों ने व्यापार वार्ता को कमजोर किया और दृढ़ प्रतिवाद की धमकी दी। ताइपे में कंप्यूटेक्स में बोलते हुए, हुआंग ने यह भी कहा कि बिडेन प्रशासन की शुरुआत के बाद से चीन में एनवीडिया की बाजार हिस्सेदारी 95प्रतिशत से घटकर 50 प्रतिशत हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### संजय एवं बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व की टीमों ने किया उत्पात मचाने वाले हाथी का सफल रेस्क्यू

**भोपाल, निप्र।** गत् दिवस जंगली हाथी (टस्कर) उत्तर शहडोल डिवीजन से संजय टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में ब्योहारी रेंज होते हुए प्रवेश कर गया। उक्त हाथी के उत्पात से शहडोल डिवीजन में तीन जनहानियां हुईं थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हाथी निगरानी टीम को तुरंत सतर्क कर निरंतर निगरानी व रेस्क्यू प्रबंधन के निर्देश दिए गए। टीम के उत्कृष्ट प्रयासों के चलते हाथी को रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से पाँडी हाथी शिविर तक सफलतापूर्वक पहुँचा दिया गया। संजय एवं बांधवगढ़ दोनों टाइगर रिज़र्व की संयुक्त टीमों ने हाथी का आकलन कर रेस्क्यू प्रक्रिया पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। संजय एवं बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के फील्ड डायरेक्टर्स के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। दोपहर लगभग 2 बजे यह हाथी सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया। हाथी को परीक्षण एवं पुनर्वास की प्रक्रिया के लिये बांधवगढ़ हाथी शिविर में भेज दिया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर कार्यशाला वन राज्य मंत्री अहिरवार होंगे मुख्य अतिथि

**भोपाल, निप्र।** वन, पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप सिंह अहिरवार के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को नरोन्हा प्रशासन अकादमी में सुबह 10 बजे से अंतर्राष्टीय जैव विविधता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री असीम श्रीवास्तव और वन विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता श्री सुदीप सिंह बोर्ड की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। कार्यशाला में थीम सॉन्ग एक कहानी बनते हुए का विमोचन, राज्यस्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार 2023 एवं 2024 का वितरण किया जाएगा। कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्र एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

### हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा आवेदन की तिथि बढ़ी

**भोपाल, निप्र।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई 2025 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकेंगे।

उज्जैन में वेदा अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक तकनीक से रचा गया कीर्तिमान

# धड़कते दिल के पास हुई जटिल सर्जरी

## प्रसिद्ध सर्जन डॉ. मोहित जैन ने बिना ओपन सर्जरी के पूरी की जटिल छाती-पेट की सर्जरी, मरीज 5 दिन में स्वस्थ होकर लौटा घर

पराग पांचाल

**उज्जैन। वेदा मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल, उज्जैन में हाल ही में एक बेहद जटिल और दुर्लभ किस्म की सर्जरी को सफलता पूर्वक अंजाम दिया गया। एक मरीज को टायर फटने से छाती और पेट में गंभीर अंदरूनी चोट आई थी।**



प्रारंभिक एक्स-रे और सीटी स्कैन से पता चला कि मरीज के डायाफ्राम (छाती और पेट के बीच की झिल्ली) में बड़ा छेद हो गया था। इसके कारण पेट, छोटी आंत और बड़ी आंत का हिस्सा छाती में पहुँच गया था। जिससे फेफड़ा दब गया और मरीज का धड़कता दिल ऑपरेशन के समय खुलकर दिखाई दे रहा था। ऐसे मामलों में सामान्यत: पेट व छाती पर बड़ा चीरा लगाकर सर्जरी की जाती है, लेकिन इस जटिल परिस्थिति में उज्जैन के जाने-माने और अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. मोहित जैन ने यह सर्जरी पूरी तरह लेप्रोस्कोपिक (दूरबीन) तकनीक से की। जो कि तकनीकी रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी।



### लेप्रोस्कोपिक से मिलते है बेहतर रिजल्ट

डॉ. मोहित जैन ने बताया कि, ओपन (चीरे द्वारा) सर्जरी से मरीज को बड़े चीरे, अधिक दर्द, संक्रमण का जोखिम और लंबा रिकवरी पीरियड होता है। लेकिन लेप्रोस्कोपिक (दूरबीन) तकनीक से मरीज को छोटे चीरे, कम दर्द, कम खून बहाव, तेजी से रिकवरी और बेहतर कॉस्मेटिक रिजल्ट मिलते हैं। अन्य कई प्रकार के ऑपरेशन जैसे अपेंडिक्स, पथरी, हर्निया, बच्चादानी और गठान की सर्जरी दूरबीन द्वारा आसानी से की जा सकती हैं। यह केस उज्जैन और पूरे मालवा क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि कैसे अनुभव, तकनीक और विश्वास से असंभव को संभव बनाया जा सकता है। साथ ही यह केस दर्शाता है कि अब हमारे शहर उज्जैन में भी जटिल से जटिल सर्जरी आधुनिक और सुरक्षित तरीकों से की जा सकती है।

### पूरी टीम का योगदान

इस जटिल ऑपरेशन की सफलता में कई लोगों का योगदान रहा। डॉ. वाई.के.एस. चौहान (एनेस्थेसिया विशेषज्ञ) ने पूरे ऑपरेशन में मरीज की स्थिति को स्थिर बनाए रखा। डॉ. कीर्ति जैन (रेडियोलॉजिस्ट) ने समय पर सटीक निदान कर सर्जरी को सही दिशा में आगे बढ़ाने में सहायता की। वेदा अस्पताल, उज्जैन की समर्पित मेडिकल और नर्सिंग टीम ने हर मोर्चे पर शानदार सहयोग दिया। साथ ही, मरीज के परिजनों ने जिस विश्वास और धैर्य का परिचय दिया, वह सराहनीय है।

### लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के फायदे समझाए

डॉ. जैन ने बताया, ऐसे केस में सामान्यत: ओपन (पेट व छाती पर बड़े चीरे से) सर्जरी की जाती है। लेकिन मैंने लेप्रोस्कोपिक तकनीक से इसे करना चुना। क्योंकि इससे मरीज को कम दर्द, कम खून बहाव, तेजी से रिकवरी और बेहतर कॉस्मेटिक रिजल्ट मिलते हैं। इस मरीज को केवल तीन छोटे चीरे लगे और वह ऑपरेशन के दो दिन बाद चलने फिरने लगा। इस ऑपरेशन में सबसे कठिन हिस्सा था तेजी से धड़कते दिल के बिलकुल करीब टांके लगाना। यह सर्जरी न सिर्फ तकनीकी दृष्टि से कठिन थी, बल्कि मानसिक रूप से भी बहुत एकाग्रता और संयम की माँग करती है। आगे डॉ जैन ने कहा कि यह केस उज्जैन में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की क्षमता का जीवंत उदाहरण है।

जल गंगा संवर्धन अभियान बन रहा है जन आंदोलन

## जल संसाधन मंत्री सिलावट ने ली समीक्षा बैठक



विनय उजाला

### अभियान को प्रभावी बनाने के लिए तालाबों, कुएं और बावड़ियों से अतिक्रमण हटाने के दिये निर्देश

**इंदौर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा पर प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान इन्दौर जिले में जन आन्दोलन के रूप में ख्याति प्राप्त कर रहा है।**

ग्रामीणों और समाजसेवियों की भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों के फलस्वरूप इन्दौर में जल संचय होगा, जिसका सीधा लाभ आमजन और किसानों को मिलेगा। इसके लिए अभियान के तहत इंदौर जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के हजारों कार्य प्रारंभ किये गए हैं। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज इंदौर में अभियान की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिये कि सभी तालाबों, कुएं और बावड़ियों पर से सारे अतिक्रमण हटाये जाये, जिससे इनमें अधिक से अधिक मात्रा में जल संग्रहण हो।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में श्री सिलावट ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संपूर्ण मध्यप्रदेश में लागू कर जल संवर्धन के कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है, ताकि हम आने वाली पीढ़ी को हम प्रचुर मात्रा में जल संचय भण्डार विरासत में दे सकें। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस कार्य को जन आन्दोलन बनाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि जल का कोई विकल्प नहीं है, जल है तो कल है, इस बात का आह्वान होना चाहिए। ताकि सभी समाजसेवियों इस पुनीत कार्य में महती योगदान दें।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा*, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.